सूर्योदय 7:4 सूर्यास्त 6:06

आज का तापमान

शिमला 7.4 न्यू 16.4 अधि

धर्मशाला 4.8 न्यू 19.0 अधि

बाजार

सेंसेक्स 77860.19

निफ्टी 23559.95

सोना 86,670 चांदी 98,198

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



दिल्ली के दिल में है 'मोदी ही मोदी': जयराम ठाकुर

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 9 फरवरी 2025 | 27 माघ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 42, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### ओडिशा में राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज



**भुवनेश्वर।** ओडिशा के झारसुगुड़ा जिले में कथित तौर पर 'राष्ट्र-विरोधी' बयान दिए जाने को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि झारसुगुड़ा जिले में भाजपा, आरएसएस, बजरंग दल के सदस्यों की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। शिकायत में आरोप लगाया गया कि गांधी जानबूझकर राष्ट्रविरोधी बयान देते रहे हैं जिससे प्रत्येक भारतीय व्यक्ति को ठेस पहुंचती है।

### जयललिता की भतीजी सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री जयललिता की कानूनी वारिसों में से भतीजी दीपा ने कर्नाटक हाईकोर्ट के 13 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है। दीपा ने उस आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है, जिसमें करोड़ों की आय से ज्यादा संपत्ति मामले में जब्त की गई जयललिता की चल-अचल संपत्ति वापस करने से इनकार कर दिया गया था। दीपा का कहना है कि 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक कार्यवाही समाप्त हो गई है, इसलिए जयललिता को दोषी नहीं माना जा सकता है यानी उनकी जब्त की गई संपत्ति वापस होनी चाहिए।

### सीबीआई की याचिका पर छोटा राजन को नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 2021 में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की हत्या के मामले में गैंगस्टर छोटा राजन की उम्रकैद की सजा को निलंबित करने तथा उसे जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली सीबीआई की याचिका पर सुनवाई करने के लिए सहमत हो गया है। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ, न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने राजन को नोटिस जारी किया और चार सप्ताह के भीतर उससे जवाब मांगा।

### इसरो ने किया क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण



**बेंगलुरु।** इसरो ने निर्वात परिस्थितियों में 'मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर' के साथ एलवीएम3 के ऊपरी चरण को शक्ति देने वाले स्वदेशी सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन का सफलतापूर्वक प्रज्वलन परीक्षण किया है। यह परीक्षण तमिलनाडु के महेंद्रगिरि स्थित इसरो प्रणोदन परिसर में उच्च स्थल परीक्षण प्रतिष्ठान में किया गया। यह इंजन भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन के लिए महत्वपूर्ण है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- ग्राम रोजगार सेवकों को जनवरी माह का वेतन न मिलने से रोष -पेज 2
- नयना देवी को बनाया जाएगा आकर्षक और सुविधाजनक : विक्रमादित्य -पेज 3
- शिमला के खनेरी अस्पताल में डेढ़ करोड़ का प्लांट खराब -पेज 6
- बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी रद्द नहीं मिलेगी खुफिया ब्रीफिंग -पेज 13
- रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेंगी निगाह -पेज 14


# लुढ़की 'आप', कांग्रेस साफ, भाजपा की हुई दिल्ली

## 27 साल बाद भाजपा को मिला स्पष्ट बहुमत; केजरीवाल, सिसोदिया सहित कई दिग्गज हारे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में शानदार प्रदर्शन करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय राजधानी की सत्ता से बाहर कर 27 साल बाद धमाकेदार वापसी की है और स्पष्ट बहुमत हासिल किया। भाजपा ने 48 सीटें जीती हैं, जबकि 'आप' के खाते में महज 22 सीटें आई हैं। वहीं, कांग्रेस दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के नेतृत्व में 15 साल तक सरकार चलाने के बाद सत्ता से बाहर हुई। कांग्रेस इस बार भी कुल 70 में से सिर्फ तीन सीटों पर ही अपनी जमानत बचा सकी और लगातार तीसरी बार चुनाव में उसका खाता तक नहीं खुला।

**कांग्रेस का तीसरी बार नहीं खुला खाता**

'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, मंत्री सौरभ भारद्वाज सहित सत्तारूढ़ दल के कई अन्य प्रमुख नेता चुनाव हार गए हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना कालकाजी विधानसभा सीट से जीत गई हैं। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के मुताबिक, भाजपा को 45.91 प्रतिशत, जबकि 'आप' को 43.56 प्रतिशत वोट मिले हैं। यह बात जरूर है कि देश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रीय राजधानी में पिछले विधानसभा चुनाव के मुकाबले इस बार अपनी वोट हिस्सेदारी में दो प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी की है।



| कुल सीटें 70 | |
|---|---|
| बहुमत | 36 |
| भाजपा | 48 |
| 'आप' | 22 |
| अन्य | 00 |

**जीते**



प्रवेश वर्मा, भाजपा



आतिशी, 'आप'



अरविंदर लवली, भाजपा

**हारे**



केजरीवाल, 'आप'



मनीष सिसोदिया, 'आप'



रमेश बिधूड़ी, भाजपा



सौरभ भारद्वाज, 'आप'



अलंका लांबा, कांग्रेस



सत्येंद्र जैन, 'आप'

### उपचुनाव : यूपी के मिल्कीपुर में भाजपा, तमिलनाडु में डीएमके

दो विधानसभा के उपचुनाव के नतीजे भी आ गए हैं। यूपी की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी चंदभानु पासवान ने सपा के अजीत प्रसाद को 61 हजार 636 वोट से हराया। तमिलनाडु की इरोड ईस्ट विधानसभा सीट पर डीएमके प्रत्याशी चंद्रकुमार वीसी ने जीत दर्ज की। उन्होंने नाम तमिलर काची (एनटीके) की एमके सीतालक्ष्मी को हराया।

### दिल्ली एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त : मोदी



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को 'ऐतिहासिक' करार दिया और कहा कि अब राष्ट्रीय राजधानी एक दशक की 'आप-दा' से मुक्त हुई है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत के बाद पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस जनादेश से स्पष्ट है कि आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत और आडंबर, अराजकता, अहंकार तथा दिल्ली पर छाई 'आप-दा' की हार हुई है। आज की यह विजय ऐतिहासिक है। दिल्ली के लोगों ने 'आप-दा' को बाहर कर दिया है। आज दिल्ली के लोगों में एक उत्साह भी है और एक सुकून भी है। 'उत्साह विजय का है और सुकून दिल्ली को 'आप-दा' से मुक्त कराने का है।' इस जनादेश के लिए दिल्ली की जनता को सिर झुकाकर नमन करते हुए मोदी ने कहा कि आज दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है।

### विकास-विश्वास के एक नए युग का आरंभ : शाह



**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत को झूठ के शासन का अंत और विकास व विश्वास के एक नए युग का आरंभ बताया। उन्होंने कहा कि राजधानी के मतदाताओं ने 'वादाखिलाफी' करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है, जो झूठे वादे करने वालों के लिए मिसाल बनेगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की 'प्रचंड जनादेश' के लिए जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

### जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन से मिली जीत : नड्डा



**भाजपा** के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में 'आप' की हार को प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत करार दिया। 'एक्स' पर कहा कि 'आप-दा' सरकार ने दिल्ली में भ्रष्टाचार, कुशासन, और तुष्टीकरण की सारी सीमाएं लांघ दी थीं। आज दिल्ली झूठ, छल और प्रपंच से मुक्त होकर प्रगति और प्रतिष्ठा के नए युग में अपनी यात्रा आरंभ कर रही है।

### लोगों ने परिवर्तन के लिए किया मतदान : प्रियंका



**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर कहा कि राजधानी के लोगों ने परिवर्तन के लिए मतदान किया, क्योंकि वे जिस तरह से चीजें चल रही हैं, उससे लोग तंग आ गए थे। मुझे लगता है कि उन्होंने बदलाव के लिए मतदान किया। जो लोग जीते हैं , उन्हें मेरी बधाई। कांग्रेस पार्टी को कड़ी मेहनत करनी होगी। लोगों के मुद्दों के प्रति उत्तरदायी होना होगा।

### जनादेश विनम्रता से स्वीकार भाजपा को बधाई : केजरीवाल

**'आप'** के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार स्वीकार कर ली। वीडियो संदेश में केजरीवाल ने कहा कि जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करता हूं और भाजपा को उसकी जीत के लिए बधाई देता हूं। उम्मीद करता हूं कि वह लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी। पिछले दशक में 'आप' सरकार की ओर से किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा कि हमने दिल्लीवासियों को राहत देने के लिए शिक्षा, पानी, बिजली और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में बहुत काम किया है। अगले पांच साल में हम न केवल रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे, बल्कि दिल्ली की जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे।

# महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे हिमाचल के 2 श्रद्धालुओं की मौत

## 11 लोग गंभीर रूप से घायल, यूपी के हमीरपुर में ट्रक से टकराई बस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**प्रयागराज** महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे हिमाचल प्रदेश के श्रद्धालुओं से भरी मिनी बस ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है, जबकि 11 लोग गंभीर घायल हैं। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा शनिवार सुबह यूपी के हमीरपुर जिले के राठ कोतवाली क्षेत्र में बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर हुआ।

### बैजनाथ के थे रहने वाले

**मृतक** श्रद्धालु कांगड़ा जिले के बैजनाथ के चढ़ियार गांव के रहने वाले थे। इस हादसे में मिनी बस का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया। मौके पर दो श्रद्धालुओं 60 वर्षीय निर्मला उर्फ गुड्डी देवी पत्नी प्रीतम राणा और 55 वर्षीय सुरेंद्र राणा की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, सुदर्शन (62), विपुल शर्मा (45), जीवना देवी (50), सुदेश कुमारी (60) पत्नी राजेंद्र शर्मा, सुनील कुमारी पत्नी वख्तावल (65), कुसुम लता पत्नी अनिल (56), चंदी पत्नी स्व. स्वरूप राणा, अंजू बाला पत्नी सुरेंद्र राणा, अंजना कुमारी पत्नी अनिल शर्मा, रक्षा देवी पत्नी अर्जुन राणा, शीलारानी पत्नी अशोक कुमार और तंबो देवी पत्नी शांतिस्वरूप शर्मा घायल हुई हैं।

### सीएम सुक्खू ने जताया शोक

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रयागराज के महाकुंभ से लौट रही मिनी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने पर कांगड़ा जिले की बैजनाथ तहसील के छोटी डॉली गांव के दो लोगों की मौत मृत्यु पर शोक व्यक्त किया। इस हादसे में 11 अन्य श्रद्धालु घायल हुए हैं।

### हिमाचल की चोटियों पर गिरे बर्फ के फाहे

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय शीतलहर का प्रकोप जारी है। नाहन और पांवटा साहिब के अलावा प्रदेश के सभी क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री से कम चल रहा है।

वहीं, रविवार को मौसम साफ रहने की संभावना है। 10 फरवरी को भी मौसम खराब बना रहने का पूर्वानुमान है। कुल्लू जिले और लाहौल घाटी में मौसम बदल गया है। शनिवार को रोहतांग दर्रा सहित ऊंची चोटियों में सुबह से रुक-रुक कर फाहे गिर रहे हैं। बर्फबारी के बाद से लोगों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। उधर, पिछले पांच दिनों से अटल टनल रोहतांग होकर निगम की बसों की आवाजाही बंद है।

# श्रीनयना देवी जी मंदिर परिसर का 100 करोड़ से होगा सौंदर्यीकरण

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने की नम्होल में उपतहसील खोलने की घोषणा



श्रीनयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य, पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर।

**शुभम राही, बिलासपुर**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 100 करोड़ रुपए की लागत से श्रीनयना देवी जी मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण करने की घोषणा की है। इसका सौंदर्यीकरण तीन चरणों में होगा।

सुक्खू कहा कि श्रीनयना देवी जी मंदिर के साथ-साथ, मां चिंतपूर्णी मंदिर, मां ज्वालामुखी मंदिर और बाबा बालक नाथ मंदिर का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में अन्य मंदिरों का भी सौंदर्यीकरण किया जाएगा। सीएम ने श्रीनयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के जगातखाना में लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग का मंडल खोलने के साथ-साथ नम्होल में उपतहसील खोलने की घोषणा की। वहीं, श्रीनयना देवी जी में 50 बिस्तर वाले अस्पताल के शेष कार्य को पूरा करने के लिए आठ करोड़ रुपए प्रदान करने के साथ जुखाला में इनडोर स्टेडियम का निर्माण करने के लिए वित्तीय राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया।

**जुखाला में इनडोर स्टेडियम के निर्माण को राशि उपलब्ध करवाने का आश्वासन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने शनिवार को बिलासपुर जिले के एक दिवसीय दौरे के दौरान श्रीनयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ रुपए की विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से हिमाचल में समृद्धि लाने का संकल्प लिया है। (अनंत ज्ञान)

# विजिलेंस करेगी 2 एक्सईन समेत 10 इंजीनियरों से पूछताछ

## जेई, एसडीओ की लापरवाही ज्यादा, एक्सईन पर भी सवाल, एफआईआर में जुड़ेंगे नाम

**अनंत ज्ञान, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में शिमला जिले के ठियोग पेयजल घोटाले में विजिलेंस जल्द 2 एक्सईन समेत 10 इंजीनियरों को पूछताछ के लिए तलब करेगी।

निलंबित इंजीनियरों के साथ-साथ ठेकेदारों, टैंकर ड्राइवर और टैंकर मालिक पर भी एफआईआर हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट (एसआईयू) ने 10 इंजीनियरों के अलावा 4 ठेकेदारों के खिलाफ भी एफआईआर करने की सिफारिश की है। एसआईयू जांच में टैंकर ड्राइवर और टैंकर मालिक की भूमिका पर भी सवाल उठाए हैं। विजिलेंस ने एसआईयू की प्रारंभिक जांच के बाद ठियोग पेयजल घोटाले में एफआईआर की है, मगर अभी नामजद एफआईआर नहीं है। विजिलेंस ने इस केस के दस्तावेज इकट्ठे करने शुरू कर दिए हैं और ठियोग और कसुम्पटी जल शक्ति डिवीजन से पेयजल सप्लाई से जुड़े दस्तावेज कब्जे में ले लिए गए।

**ठेकेदार-टैंकर मालिक समेत ड्राइवर पर भी होगा मामला दर्ज**

अब तक की जांच में दोनों एक्सईन की भूमिका संदिग्ध जरूर रही है, मगर ज्यादा रोल जेई, एसडीओ और फील्ड स्टाफ का सामने आया है। विजिलेंस ने सभी निलंबित इंजीनियर को प्रदेश से बाहर नहीं जाने की हिदायत दी है।


**दुविधा** विदेशी धरती से आयातित सस्ता और लोकल सेब है महंगा, भारत के साथ संबंध सुधरने के बाद चीन का सेब भी दे सकता है जल्द दस्तक

# कड़ी प्रतिस्पर्धा से फिर औंधे मुंह लुढ़कने लगा हिमाचली सेब

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला**

**कड़ी** प्रतिस्पर्धा के पथ पर हिमाचल प्रदेश का सेब एक बार फिर औंधे मुंह लुढ़कने लगा है। जमीनी स्तर पर खेती के लिए माकूल सुविधाओं के अभाव में छोटे व मझोले वर्ग के बागवानों की कमर टूटने लगी है।

सरकार की तरफ से रियायत व उपदान वगैरह का फायदा ज्यादातर प्रगतिशील बागवानों के हिस्से ही आ रहा है। केंद्र ने अपने सियासी नफे नुकसान के अंकगणित में सेब बाहुल राज्यों को जिस पसोपेश में डाल दिया है, वह न केवल हैरत में डालता है अपितु उससे इन सेब बहुल राज्यों का सेब विदेशी धरती से आयात होने वाले सेब के आगे पस्त होकर रह जाएगा। केंद्र सरकार ने अपने वार्षिक बजट में सेब के आयात शुल्क पर कोई भी फैसला नहीं लिया है। विगत साल के वार्षिक बजट में सेब पर पैंतीस फीसदी सेस लगाकर कुछ तहत बख्शने की कोशिश अवश्य की थी, मगर उसी बजट में बड़े ही शातिर अंदाज में आयात शुल्क घटाकर महज 15 फीसदी कर दिया गया था। इससे विदेशी धरती से आयात होने वाला सेब भारत में सस्ती दरों में मिलने लगा है, जबकि हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर आदि राज्यों का लोकल सेब महंगा होने के कारण देश की अपनी सेब मंडियों में पिट रहा है। इन दिनों बागवानों का स्टोर में जो सेब इस उम्मीद के साथ पड़ा रहता है कि ऑफ सीजन में इसके बेहतर दाम मिलेंगे, उन्हें भी आजकल निराशा ही हाथ लग रही है। अच्छे दाम मिलना तो दूर, उल्टे स्टोर व अन्य खर्चों की एवज में चुकाए जाने वाली राशि को काटकर बागवानों को खास मुनाफा नहीं हो पा रहा है। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान स्पैशल

### बाहरी सेब से नुकसान

इस नुकसान के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार बाहर से आने वाला वह सेब है, जो कम आयात शुल्क से भारत की विभिन्न सेब मंडियों में सहज रूप में सस्ती दरों पर उपलब्ध हो रहा है। गौरतलब है कि बाहर से आयातित सेब देशों में अमेरिका, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया, चिल्ली, ईरान और तुर्की सहित 44 देश शामिल हैं, जो कम शुल्क चुकाकर अपने सेब को भारत की धरती तक पहुंचा रहे हैं। अब कयास ये भी लगाए जा रहे हैं कि जिस तरह से चीन के साथ भारत के व्यापारिक संबंध सुधरने लगे हैं उस स्थिति में चीन का सेब भी एक बार फिर से देश की विभिन्न सेब मंडियों में दस्तक दे सकता है। चीन, अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा आयात करने वाला देश है, जो पूर्व की भांति एक बार फिर भारत के उपरोक्त राज्यों के सेब उत्पादक राज्यों का दम निकाल सकता है।

### सेब बहुल राज्यों के लिए खतरे की घंटी

**सेस** का सरल अर्थ टैक्स के ऊपर लगाया जाने वाला कर होता है। जो किसी विशिष्ट मकसद के लिए लगाया जाता है। केंद्र सरकार इससे अर्जित राशि अपने देश में होने वाले विकासात्मक कार्यों पर खर्च करती है और इसमें जरा भी राशि राज्य सरकारों को जारी नहीं करती। ताजातरीन मामले में केंद्र सरकार की मंशा साफ हो गई है कि विदेशों से आयातित सेब पर किसी तरह का दबाव नहीं लाना चाहती, अपितु उसे भारत की धरती तक आसानी से पहुंचने की खुली छूट देना चाह रही है। हालांकि, केंद्र सरकार ने विगत वर्ष 2016 में चीन से आयातित सेब पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था, जो यहां के बागवानों के लिए थोड़ी बहुत राहत लेकर जरूर आया था। अब जैसे भारत और चीन की व्यापारिक गतिविधियों में नजदीकियां देखी जा सकती हैं, जाहिर तौर से हिमाचल सहित अन्य सेब बहुल राज्यों के लिए खतरे की घंटी बजती दिख रही है।

### विदेशी सेब जल्द नहीं होता खराब

बाहर के विकसित देशों से जो सेब भारत में पहुंच रहा है, उसमें बेहद ही उन्नत तकनीक का इस्तेमाल किया जाता है, जो लंबी अवधि तक खराब नहीं होता। इसके अलावा और भी कई दूसरे तकनीकी पहलू हैं। जो यहां की वनस्पति के लिए इक्कीस साबित होता है, जबकि यहां के सेब उत्पादक भी भरसक प्रयास तो कर रहे हैं, मगर फिलहाल उसमें उन्हें सफलता दिखाई नहीं दे रही, क्योंकि अभी भी बुनियादी सहूलियत इनके लिए दूर की कौड़ी साबित हो रही है। ऐसे में कहा जा सकता है कि केंद्र में भाजपा व उसके सहयोगियों के रहते हिमाचल प्रदेश व अन्य राज्य के सेब बाहुल प्रदेशों का भला नहीं हो सकता। उस सूरत में कड़ी चुनौतियों के फेर में फंसा यहां का बागवान व उसकी बागवानी किस दिशा की तरफ जाएगी, ये सवाल गंभीर है? इसका जवाब केंद्र व राज्य सरकार दोनों को देर सवेर देना ही होगा।

### कर्नाटक में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 11 से

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में 11 फरवरी से शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2025 की तैयारी पूरी कर ली हैं। शिखर सम्मेलन 12-14 फरवरी 2025 तक चलेगा और इसका उद्घाटन 11 फरवरी को होगा। सम्मेलन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राहुल गांधी समेत कई बड़े नेता शामिल होंगे। शिखर सम्मेलन में राज्य में उद्योगों में साझेदारी को बढ़ावा देने और नवाचार पर जोर दिया जाएगा। कर्नाटक के मंत्री एमबी पाटिल ने कहा कि कर्नाटक में शुरू होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट से कर्नाटक में बड़े निवेश की उम्मीद है, जिसमें 10 लाख करोड़ रुपए का निवेश होने की संभावना है। इस कार्यक्रम में 60 से अधिक कंपनियां और स्टार्टअप हिस्सा लेंगे, जो नए और उन्नत तकनीकी क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन करेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### 27 साल बाद दिल्ली में अंधेरा छंटा : अर्चना चौहान

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** दिल्ली में भाजपा की जीत पर पूर्व महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अर्चना चौहान ने कहा कि जीत पूरे भारतवासियों की जीत है। उन्होंने कहा कि दिल्ली हमारे देश की राजधानी है, पिछले दस साल में केजरीवाल ने दिल्ली को प्रदूषित करके पूरे विश्व में बदनाम किया है। प्रदूषण के कारण विदेशी पर्यटक दिल्ली आने से ही डरने लगे थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की गंदगी आज साफ हो गई और पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब स्वच्छ दिल्ली बनेगी। आम आदमी पार्टी के हारने का कारण उनके मुख्यमंत्री द्वारा शुरू से अंत तक झूठ बोला और कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि लोग इन सब से तंग आ चुके थे और अब दिल्ली की जनता ने उन्हें नकार दिया है। दिल्ली में जीत के सूत्रधार, भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व तथा पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर से 5 बार के लोकप्रिय सांसद अनुराग सिंह ठाकुर का विशेष योगदान रहा। 27 साल बाद दिल्ली में सूरज निकला है और अंधेरा छंट गया है।

### विधायक आशीष ने दिल्ली जीत पर दी बधाई



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर विधायक सदर आशीष शर्मा ने सभी दिल्लीवासियों व भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिल्ली वालों ने सर आंखों पर बैठाया है। मोदी दिल्ली वालों के दिल में हैं। अब दिल्ली विकास कि रफ्तार पकड़ेगी और डबल इंजन की सरकार में देश का दिल राजधानी दिल्ली विकास की नई गाथा लिखेगा। शीर्ष नेतृत्व एवं दिल्ली के भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत की बदौलत आज दिल्ली में भाजपा ने जीत का परचम लहराया है। झूठ, फरेब, जनता को बरगलाने और भ्रष्टाचार की राजनीति करने वालों को दिल्ली वासियों ने घर बैठाया है। उन्होंने समस्त शीर्ष नेतृत्व व सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

### दिल्ली में जीत के हीरो बने अनुराग : उषा बिरला

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भाजपा नेत्री उषा बिरला ने कहा कि पिछले 27 वर्षों का दिल्ली में जो भाजपा का सूखा चला हुआ था, वह आखिरकार इस चुनाव में समाप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि



दिल्ली ने बीजेपी की जीत के असली हीरो हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनकी इस चुनाव में सराहनीय भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि अनुराग ठाकुर ने दिल्ली में केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार में संलिप्त होने वाले मुद्दे जैसे शराब माफिया से मिलीभगत एवं शीशमहल का मुद्दा, यमुना की सफाई न कर पाने का मुद्दा, सड़कों में पड़े हुए गड्ढे एवं सीवरेज की अव्यवस्था का मुद्दा आदि कई मुद्दों को समय-समय पर उठाकर दिल्ली में आम आदमी पार्टी की कार्यप्रणाली को आम जनमानस के सामने रखा था। उन्होंने कहा कि आज इसी के परिणाम स्वरूप प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए दिल्ली में भाजपा ने अपना परचम लहराया है।

### पीएम की जनहितैषी नीतियों से जीती दिल्ली : प्रकाश



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** दिल्ली में विधानसभा चुनावों में हुई भाजपा की बंपर जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनहितैषी नीतियों का नतीजा है। यह बात सुजानपुर भाजपा नेता प्रकाश सडयाल ने कही। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत में हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर का भी महत्वपूर्ण हाथ है। उन्होंने इस बंपर जीत के लिए हिमाचल प्रदेश के सांसद अनुराग सिंह ठाकुर को भी बधाई दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में रहे। उन्होंने जिन सीटों पर प्रचार किया और सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की, जिसका श्रेय भी अनुराग सिंह ठाकुर की ताबड़तोड़ प्रचार को जाता है।

### सुक्खू मॉडल देशभर में कांग्रेस को डुबो रहा : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का मॉडल पूरे देश में कांग्रेस के लिए विनाशकारी साबित हो रहा है और इसका ताजा उदाहरण दिल्ली के चुनावों में कांग्रेस की करारी हार के रूप में देखने को मिला है, जहां जनता ने पार्टी को पूरी तरह से नकार दिया और कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की गारंटियों पर भरोसा करती है और यही वजह है कि एक के बाद एक राज्य में भाजपा को जनता दिल खोलकर समर्थन दे रही है और देश कांग्रेस मुक्त हो रहा है। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस की फजीहत का सबसे बड़ा कारण यह है कि हिमाचल में सुक्खू सरकार ने झूठी गारंटियां देकर जनता से वादाखिलाफी की और प्रदेश की आर्थिक स्थिति को बदहाल कर दिया। उन्होंने कहा कि सुक्खू सरकार ने प्रदेश के संसाधनों को अपने चहेतों और मित्रों पर लुटाने का काम किया, जिससे जनता का भरोसा पूरी तरह से टूट गया है। इतना ही नहीं, नौकरियों में पारदर्शिता खत्म कर अपनों को पिछले दरवाजे से फायदा पहुंचाया जा रहा है। इन सब कारणों से पूरे देश में कांग्रेस की छवि धूमिल हो रही है।

### प्रकाशोत्सव पर 11 को जाहू से निकलेगी शोभायात्रा

**अनंत ज्ञान , भोरंज।** गुरु रविदास महाराज के प्रकाशोत्सव के संदर्भ में 11 फरवरी 2025 को गुरु रविदास की संस्था खुर्द जाहू (डोह) में वीर सिंह सेवानिवृत्त अध्यापक के घर वार्ड नंबर एक पंचायत जाहू द्वारा नगर-कीर्तन शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह शोभायात्रा डोहग से 3.30 बजे अपराह्न किया जा रहा है। यह शोभायात्रा पंचायत कड़ोहता के गुरु रविदास के लिए प्रस्थान करेगी तथा इसमें गुरु रविदास की शिक्षाओं व कीर्तन विचार शैली विचार पर समायोजन होगा। इसमें रागी जत्थे द्वारा कीर्तन व विचार माइक द्वारा प्रसारण किया जाएगा। यह शोभायात्रा जगह- जगह पड़ाव सुलगवान, मुंडखर, मनोह व कड़ोहता में पहुंचना रहेगा। बाद में जाहू कसवे में ठहरेगा तथा जाहू में कर्यक्रम की समाप्ति होगी। इसमें गुरु रविदास की शिक्षाओं के संदर्भ में मानवता को संदेशा होगा कि हम कैसे भाईचारे से कलयुग में जीवन यापन करने का प्रयास करें। गुरु रविदास ने समूची मानवता को ऊंच-नीच भेदभाव से मुक्त रहने का प्रयास किया है। इसके इलावा भगवान का सिमरण करना तथा मानव से प्रेम करना ही सच्चा धर्म है। इसमें दया का भाव सबसे ऊपर है। इस यात्रा में गुरु जी का प्रसाद भी श्रद्धालुओं में बांटा जाएगा।

### मेडिकल शिविर में 69 लोगों का स्वास्थ्य जांचा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** द हंस फाऊंडेशन नादौन की मोबाइल मेडिकल यूनिट 4 द्वारा शनिवार को नादौन ब्लॉक की हथोल पंचायत में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। हंस फाऊंडेशन के समाजिक सुरक्षा अधिकारी नोक सिंह ठाकुर ने बताया कि शिविर में 69 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई तथा टेस्ट भी किए गए। जांच में 25 से अधिक लोग उच्च रक्त ताप तथा मधुमेह से ग्रसित पाए गए, साथ ही साथ संस्था द्वारा सभी लोगों को निशुल्क दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। संस्था द्वारा टीबीके बारे में लोगों को जागरूक किया जा रहा। मोबाइल मेडिकल टीम में मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नोक सिंह, मेडिकल ऑफिसर आदर्श चौधरी, प्रयोगशाला परीक्षक बलदेव, फार्मासिस्ट अंकिता और सुरेश कुमार उपस्थित रहे।

# कामगार कल्याण बोर्ड कार्यालय की मरम्मत का कार्य अभी नहीं हुआ पूरा

## आज तक थी डेडलाइन, शिमला से 3 ट्रकों में पहुंचा ऑफिस का सामान

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के कार्यालय की मरम्मत का कार्य अभी जारी है, जबकि शिमला से कार्यालय का सामान हमीरपुर में 3 ट्रकों में पहुंच गया है, जिसे अब ढककर रख दिया है क्योंकि मरम्मत के कारण धूल और मिटटी उड़ रही है। तकनीकी विश्वविद्यालय के यहां से शिफ्ट होने के बाद यह भवन खाली पड़ा हुआ था जिसमें अब भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कार्यालय खोला जा रहा है।

इस भवन की मरम्मत का कार्य 45 लाख रुपए से किया जा रहा है, जिसके भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने 9 फरवरी तक का टारगेट दिया था लेकिन अभी तक मरम्मत का पूरा नहीं हुआ है। बताया जा रहा है कि भवन की मरम्मत कार्य जोर-शोर से चला हुआ है, लेकिन इसे पूरा होने में अभी एक सप्ताह का समय लगेगा। भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर भवन की मरम्मत को लेकर दो बार दौरा कर चुके हैं।



शिमला से आए सामान को अभी ढककर रखा गया है ताकि धूल-मिट्टी से खराब न हो।

उन्होंने लोनिवि को इसकी शीघ्र मरम्मत करवाने के निर्देश दिए थे, लेकिन टारगेट के अनुसार कार्य पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया था कि मंगलवार से शिमला में स्थित कार्यालय से ट्रकों में यहां पर सामान पहुंच जाएगा, जिसके तहत 3 ट्रकों में शिमला से सामान पहुंच गया है। सामान की देखरेख करने के लिए एक चौकीदार भी पहुंच गया है। इसमें फाइलें और फर्नीचर भी पहुंच गया है अब कमरों को तैयार होने के बाद ही इसे सही स्थान पर रखा जाएगा।

हालांकि अभी भवन की मरम्मत के साथ इलेक्ट्रिकल कार्य चल रहा है और दरवाजे खिड़कियां भी लगाई जा रही हैं। भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर ने बताया कि कामगार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत चलाई जा रही योजनाओं का लाभ लेने के लिए लोगों को शिमला जाना पड़ता था, अब इससे छुटकारा मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि भवन की मरम्मत का कार्य चल रहा है।

कार्य पूरा होने पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से इसका उद्घाटन करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यहां पर स्टाफ भी डिपयूट किया जा रहा है ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि अभी भवन की मरम्मत का कार्य पूरा होने में समय लगेगा। इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता दीपक कपिल का कहना है कि 15 फरवरी तक अध्यक्ष के कमरे का कार्य पूरा हो जाएगा, जबकि फरवरी माह के अंत तक सारा कार्य पूरा कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# ग्राम रोजगार सेवकों को जनवरी माह का वेतन न मिलने से रोष

**परिवार का भरण-पोषण करने में हो रही परेशानी**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेशभर में बहुत से ग्राम रोजगार सेवकों को जनवरी माह का वेतन नहीं मिला है। सरकार ने फंड तो रिलिज किए परंतु ग्राम रोजगार सेवकों को सैलरी मिलने से पहले ही फेड खत्म हो गया। इस कारण ग्राम रोजगार सेवकों को जनवरी माह का वेतन नहीं मिल पाया है। ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि इस माह ग्राम रोजगार सेवकों को अपने परिवार को चलाने में बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा, जैसे बच्चों की फीस राशन का खर्चा और जो भी परिवार को चलाने के लिए खर्च होते हैं।

इसके अलावा बहुत से भिन्नताओं का सामना करना पड़ेगा एक तो ग्राम रोजगार सेवकों को अभी तक डीए नहीं मिला है और न ही अभी तक जिनको रैगुलर पे स्केल लगना था, वह भी नहीं मिला और न ही अभी तक जो 68 रुपए दिहाड़ी बढ़ी थी, वह भी नहीं मिले। प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों ने गूगल मीट के माध्यम से इस बारे में चर्चा की और एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार की अध्यक्षता में शीघ्र ही सरकार से वार्ता करने शिमला जा रहा है कि ग्राम रोजगार सेवकों को ही क्यों इस तरह से वेतन न मिलने में देरी होती है, जबकि अन्य कर्मचारियों को वेतन समय-समय पर मिलता है जो ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा की रीढ़ हैं, जिनके काम करने पर लोगों को रोजगार मिलता है।

सरकार को एडमिन आता है और मनरेगा में लोगों के काम होते हैं। लोगों को रोजगार दिया जाता है जो ग्राम रोजगार सेवक मनरेगा में मनरेगा मजदूरों को रोजगार देता है वही खुद अपना वेतन न मिलने पर ठगा सा महसूस कर रहा है। ग्राम रोजगार सेवकों का सरकार से आग्रह है कि इस तरह की समस्या भविष्य में न आए और ग्राम रोजगार सेवकों को भी अन्य कर्मचारियों की तर्ज पर 1 से 3 तारीख तक ग्राम रोजगार सेवकों का वेतन मिल जाए ताकि उनको अपने परिवार का भरण पोषण करने में कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

## कथाकार राजेंद्र राजन की दिल्ली मेले में दो पुस्तकों का लोकार्पण



दिल्ली पुस्तक मेले में राजेंद्र राजन की दो पुस्तकें लोकार्पित की गईं।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में हिंदी के जाने माने कथाकार और हमीरपुर से ताल्लुक रखने वाले लेखक राजेंद्र राजन की दो पुस्तकों का शनिवार को लोकार्पण हुआ।

उपन्यास जश्ने बहारां और कहानी संग्रह सलीवों का शहर क्रमश: आदविक प्रकाशन ओर आइसेंट से छपे हैं। लोकापर्ण में हरि सुमन विष्ट, सुभाष नीरव, अशोक मिश्रा, भोपाल से हरि भटनागर, धर्मपाल साहिल सहित अनेक गणमान्य लेखक शामिल रहे। हरि सुमन विष्ट और हरि भटनागर ने परिचर्चा में कहा कि राजेंद्र राजन की कहानियों में सामाजिक सरोकारों को केंद्र में रखा गया है। हिमाचल और पहाड़ों में व्याप्त अंधविश्वासों पर उनकी कहानियां चोट करती हैं और समाज को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

सुभाष नीरव ने कहा कि राजन की कहानियां समाज के अंधेरे कोनों को उजाले में बदलने का प्रयास करती हैं। राजेंद्र राजन ने पुस्तक मेले में धर्मपाल साहित्य के उपन्यास 'रुकती नहीं है जिंदगी' का भी लोकापर्ण किया।

## ऋषिका सर्वश्रेष्ठ धाविका और कार्तिक बने सर्वश्रेष्ठ धावक

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

ठाकुर जगदेव चंद स्मारक उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता में राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापक डॉ. सुरेश ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने मुख्य अतिथि स्वागत किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. संदीप शर्मा के निर्देशन में किया गया।

इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए तथा नशे से दूर रहना चाहिए। इस प्रतियोगिता में दौड़, चक्का फेंक, भाला फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद, ऊंची कूद आदि का आयोजन किया गया। 100 मीटर दौड़ महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: ऋषिका, शिखा और रंजना रहे।





सुजानपुर टीहरा कॉलेज में 22वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

200 मीटर महिला वर्ग में प्रथम स्थान शिल्पा ठाकुर द्वितीय स्थान शिखा तथा तृतीय स्थान मीनाक्षी रही।

400 मीटर महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान क्रमश: ऋषिका, शिखा व सविता रहे। 800 मीटर महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: ऋषिका, मीनाक्षी और सोनिया रहे। 1500 मीटर महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: ऋषिका, कनिका और प्रिया रहे। भाला फेंक महिला वर्ग में प्रथम स्थान पलक राणा, द्वितीय स्थान नीलम ठाकुर और तृतीय स्थान पर रंजना रहे। चक्का फेंक महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: पलक, प्रिया शर्मा और सोनिया रहे। गोला फेंक महिला वर्ग में प्रथम स्थान कृतिका, द्वितीय स्थान पलक राणा तथा तृतीय स्थान पर सविता रही।

ऊंची कूद महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: रिषिका, प्रिया और कनिका रहे। लंबी कूद महिला वर्ग में प्रथम स्थान, द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: रिषिका,कनिका और प्रिया रहे। 400 मीटर रिले दौड़ महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर सानिया, शिखा, शिल्पा व रुचि, द्वितीय स्थान पर प्रिया शर्मा, रितिका,मीनाक्षी नैंसी और तृतीय स्थान पर सविता, पलक, पलक अधिकारी, कार्तिक रही। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान कार्तिक शर्मा द्वितीय स्थान रोहित और तृतीय स्थान पर आर्यन रहा।

200 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमश: कार्तिक , अभिनव और अनुज रहे। 400 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमश: अभिनव, राहुल और अनुज रहे। 800 मीटर पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान द्वितीय स्थान पर क्रमश: अभिनव, सचिन और रोहित कुमार रहे। इसके अलावा भी अन्य प्रतियोगिताओं में छात्रों ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवं अन्य गणमान्य एवं प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं एनएसएस इकाई व एनसीसी इकाई तथा छात्र उपस्थित रहे।

## बाबा बालक नाथ ट्रस्ट की बजट पर चर्चा 11 को

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** उत्तरी भारत के विश्व प्रसिद्ध सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर ट्रस्ट दियोटसिद्ध बजट 2025 संबंधित बैठक मंदिर परिसर में बने अतिथि गृह में होगी। मंदिर अध्यक्ष एवं बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने बताया कि बजट संबंधित मीटिंग 11 फरवरी को सुबह 11 बजे शुरू होगी।

बैठक में वर्ष 2025 के बजट को लेकर विशेष चर्चा होगी। इस बैठक में सभी विभागों के उच्च अधिकारी ट्रस्टियों सहित स्पेशल इनवाइटिंग में मंदिर के वर्तमान में महंत की गद्दी पर आसीन महाराज 1008 श्री श्री राजेंद्र गिरि भी उपस्थित रहेंगे।

## शिमला ने सिरमौर को एक पारी और 127 रन से हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, नादौन**

अंतर जिला स्तरीय अमतर जोन की तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता शिमला की टीम ने जीत ली है। शिमला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिरमौर की टीम को 1 पारी और 127 रन से पराजित करके मैच जीत लिया है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन सिरमौर की टीम 224 रन से आगे खेलते हुए मात्र 254 रन बनाकर ढेर हो गई। बल्लेबाज प्रियांशु 26 रन बनाकर नाबाद रहा। शिमला की ओर से गेंदबाजी करते हुए मयंक डागर ने 5 विकेट झटक कर विरोधी टीम के हौसले पस्त कर दिए। 554 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए सिरमौर की टीम को फालआन खेलना पड़ा। दूसरी पारी खेलते हुए सिरमौर की टीम 47.2 ओवर में ही मात्र 173 रन बनाकर ऑलआऊट हो गई।

बल्लेबाज वैभव शर्मा ने 43 जबकि आर्यन ने 54 रन बनाए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व संजय टिंका ठाकुर ने बताया कि शिमला की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए नवीन कंवर ने 4 जबकि योगदीप सिंह व मयंक डागर ने 3-3 विकेट झटके। उन्होंने बताया कि शिमला की टीम ने एक पारी और 127 रन से मैच जीत लिया है।

## दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का जश्न हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिले में धूमधाम से मनाया गया। गांधी चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर और लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष कपिल मोहन शर्मा और अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और भाजपा के समर्थन में नारेबाजी कर जीत का जश्न मनाया। भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने कहा कि 27 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद भाजपा ने दिल्ली में परचम लहराया है। उन्होंने इस जीत का श्रेय हमीरपुर



कार्यकर्ताओं ने गांधी चौक पर लड्डू बांटे, पटाखे फोड़कर खुशी जाहिर की।

संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर को देते हुए कहा कि उनकी रणनीति और मेहनत ने भाजपा को यह ऐतिहासिक सफलता दिलाई है।

**कांग्रेस का दिल्ली में सफाया, हिमाचल में भी सत्ता से जल्द जाएगी** : राकेश ठाकुर ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में कभी शासन करने वाली कांग्रेस अब पूरी तरह से शून्य पर आ गई है।

उन्होंने दावा किया कि हिमाचल में भी कांग्रेस सरकार अपने झूठे वादों के कारण ज्यादा दिनों तक सत्ता में नहीं टिक पाएगी।

## नप कार्यालय नादौन में लगेगी प्रतिभाशाली बेटियों की फोटो

**अनंत ज्ञान, नादौन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित करने की शुरू की गई योजना सराहनीय है। इससे बच्चियों का हौसला बढ़ेगा और वह और बुलंदियों को छुएंगी। इसी कड़ी में नादौन की तीन बेटियों ने प्लस टू की परीक्षा में टॉप टेन में जगह बनाकर नादौन का नाम रोशन करने वाली तीनों बेटियों की फोटो नगर परिषद कार्यालय नादौन में लगाए जाएंगे ताकि अन्य बेटियों को भी प्रेरणा मिले। यह जानकारी देते हुए नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने बताया कि



नगर परिषद नादौन के अध्यक्ष शम्मी सोनी प्रतिभाशाली बेटियों के साथ।

नादौन शहर की प्रतिभाशाली बेटी प्रज्ञा सोनी पुत्री विजय सोनी, वंशिका टांक पुत्री सुमित टांक व शिवानी टांक व नितिका टांक पुत्री कपिल टांक व मधु टांक की फोटो नगर परिषद कार्यालय में लगाएगी। काबिलेगौर है कि नगर परिषद के अध्यक्ष शम्मी सोनी ने विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नादौन की ओर से इन प्रतिभाशाली बेटियों को सम्मानित करने तथा उनके माध्यम से अन्य लड़कियों को भी प्रेरित करने के लिए 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना' के तहत बीते रोज इन प्रतिभाशाली बेटियों के घर जाकर उनके नाम की पट्टिकाएं लगाई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बाल विकास विभाग द्वारा शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली एक बेटी के नाम की पट्टिका उसके घर जाकर लगाई जा रही है, ताकि इन बेटियों को प्रोत्साहित किया जा सके तथा अन्य बेटियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल सके।

## भड़ोली में मिस डीएवी प्रांजलि और मास्टर डीएवी बने मिथि ठाकुर

**अनंत ज्ञान, नादौन**

डीएवी भड़ोली में बारहवीं के बच्चों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। जूनियर ने सीनियर्स के लिए शानदार पार्टी का आयोजन किया। इसमें टाइटल समारोह, नाच-गाने, कुछ मनोरंजक गेम्स, मधुर आवाज में छात्रों के कुछ गीतों ने समां बांध दिया।

बारहवीं के बच्चों ने भी अपने जूनियर्स के लिए और इस दिन को और यादगार बनाने के लिए शानदार नृत्य प्रस्तुत किया और सभी अध्यापकों के प्रति अपने आभार व्यक्त किए। मिस डीएवी प्रांजलि और मास्टर डीएवी मिथिल ठाकुर, मिस पर्सनैलिटी श्रेयसी, मिस्टर पर्सनैलिटी आदर्श को दिया गया। स्कूल के प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा व अध्यापकों ने भी बच्चों को शुभाशीष देते हुए कहा कि भविष्य में अपने जीवन में जितनी भी ऊंचाइयों को छुओ परंतु अपनी धरती के साथ हमेशा जुड़े रहो और एक बेहतरीन इंसान बने रहो। फूलों की वर्षा के साथ बच्चों के इस यादगार दिन की समाप्ति की गई। नम आंखों ने स्कूल के प्रति उनका असीम प्रेम झलका ही दिया।

### दिल्ली में अनुराग ने दिलाई बंपर जीत : विनोद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा की दिल्ली में जीत सुनिश्चित होते ही केजरीवाल को जनता ने आईना दिखाया। केजरीवाल आज तक छलकपट और धोखे की राजनीति करते आए थे। जनता ने अपना पल्लू छुड़ाया। केजरीवाल सिसोदिया सहित उनकी पूरी टीम को हार का स्वाद चखाया और कांग्रेस की जमानत जब्त हुई है।

यह बात भाजपा के पूर्व जिला सचिव विनोद ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि सांसद अनुराग सिंह ठाकुर दिल्ली के चुनाव में स्टार प्रचारक के रूप में रहे लगभग उन्होंने 46 सीटों पर प्रचार किया और सभी सीटों पर भाजपा के प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की। दिल्ली की सबसे कठिन सीट जो मुस्लिम बहुल मुस्तफाबाद थी, उसमें भी भाजपा का प्रत्याशी जीता, जिसका श्रेय अनुराग सिंह ठाकुर की ताबड़तोड़ प्रचार को जाता है।

## लेप्स न किए जाएं 300 से अधिक अर्जित अवकाश : संगठन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले के तहत यह आदेश दिया है कि सरकार को कर्मचारियों के अर्जित अवकाश की बाध्यता समाप्त करनी चाहिए। इसे 300 दिनों तक के दायरे में सीमित नहीं करना चाहिए। अर्जित अवकाश की गणना कर्मचारी की सेवानिवृत्ति की तिथि तक होनी चाहिए।

हाईकोर्ट के इस फैसले को मील का पत्थर मानते हुए प्रदेश के संगठनों ने इसे जल्द से जल्द हिमाचल प्रदेश में भी लागू करने की मांग की है। राजकीय प्रशिक्षित कला स्नातक संघ महासचिव विजय हीर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कर्मचारियों लिए यह इसलिए भी तत्काल लागू करना जरूरी है, क्योंकि यहां सभी सरकारी विभागों में वित्तीय स्थिति देखते हुए बड़े पैमाने पर नई नियुक्तियां करना जटिल है। क्षमता से कम वर्क फोर्स पर काम करना पड़ेगा।

लोग उत्साह से काम करें इसका एक ही तरीका है कि उन्हें उनके काम का रिवार्ड मिले। सरकार को पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के फैसले को जल्द से जल्द लागू करना चाहिए। सरकार को अब इस मामले में जल्द अधिसूचना जारी करनी चाहिए।

**फायदा** पीएनबी एक्सपो में दो दिन में 27.5 करोड़ रुपए के ऋण किए वितरित

# सूर्य पीएम घर योजना के तहत 70 लोगों को मिला लाभ

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर के बस स्टैंड के पास आयोजित पंजाब नेशनल बैंक पीएनबी के दो दिवसीय एक्सपो में लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया और बैंक द्वारा दी जा रही योजनाओं का भरपूर लाभ उठाया। एक्सपो के दूसरे दिन तक पीएनबी बैंक ने कुल 27.5 करोड़ रुपए के ऋण वितरित कर दिए हैं।

पीएनबी के जोनल उपप्रबंधक किशोर बाबू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई सूर्य पीएम घर योजना को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस योजना के तहत 70 लोगों ने आवेदन किया, जिनमें से



हमीरपुर बस स्टैंड के पास पीएनबी के एक्सपो में लोगों ने काफी रुचि दिखाई।

1.40 करोड़ रुपए के लोन वितरित किए जा चुके हैं।

**होम लोन में भी बढ़ी दिलचस्पी :** इस एक्सपो में होम लोन के लिए भी लोगों ने बढ़-चढ़कर आवेदन किया। बैंक अधिकारियों के अनुसार, दो दिनों में अब तक 26 करोड़ रुपए के होम लोन स्वीकृत किए जा चुके हैं। एक्सपो में बैंक अधिकारियों ने लोगों को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और लोन प्रक्रिया पूरी करने में सहायता की। हमीरपुर में इस सफल आयोजन के बाद भविष्य में भी ऐसे एक्सपो आयोजित करने की योजना बनाई जा रही है। (अनंत ज्ञान)

### एक्सपो को मिली शानदार सफलता

पीएनबी के जोनल उपप्रबंधक किशोर बाबू ने बताया कि दो दिवसीय एक्सपो पूरी तरह से सफल रहा और स्थानीय लोगों ने इसमें काफी रुचि दिखाई। उन्होंने कहा कि शनिवार शाम तक लोन वितरण का यह आंकड़ा और बढ़ सकता है, क्योंकि अभी भी कई लोग लोन आवेदन प्रक्रिया में हैं। बैंक अधिकारियों के अनुसार, इस प्रकार के एक्सपो से लोगों को सरकारी योजनाओं और बैंकिंग सेवाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने सपनों का घर बनाने और अन्य वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हो पाते हैं।

## जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज होगी शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता आज से शुरू होगी। हमीरपुर बैडमिंटन संघ के सचिव शम्मी सोनी ने बताया कि हमीरपुर जिले की वैटरन बैडमिंटन प्रतियोगिता 35 (31-12-1989) 40 (31-12-1984) 45 (31-12-1979) 50 (31-12-1974) 55 (31-12-1969) 60 (31-12-1964) 65 (31-12-1959) 70 (31-12-1954) को जन्मे या उसके पहले जन्मे होने चाहिए। सभी प्रतिभागियों को जन्म प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य है।

यह प्रतियोगिता हमीरपुर के साई बैडमिंटन हॉल अणु में होगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आयु वर्ग में कम से कम 6 प्रतिभागी होना आवश्यक है, अन्यथा उनका ट्रायल ही लिया जाएगा। प्रतियोगिता एकल, युगल और मिश्रित सभी वर्गों की होगी और फिर यहां से विजेता उपविजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में हमीरपुर का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# भाजपा ने झूठी अफवाहें फैलाकर किया लोगों को बदनाम : सुक्खू

## बोले-पुरानी पेंशन बहाली पर केंद्र सरकार ने हिमाचलियों पर लगाए कई प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी**



हिमाचल प्रदेश में जब से कांग्रेस के दोबारा 40 विधायक हुए हैं, तब से भाजपा 'झूठी अफवाह आपदा' लाने का प्रयास कर रही है। भाजपा नेता रोज तरह-तरह की झूठी अफवाहें फैला रहे हैं और देशभर में राज्य के लोगों को बदनाम किया जा रहा है। यह बात मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने श्री नयना देवी मंदिर परिसर में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मां नयना देवी, प्रदेश के सभी देवी-देवताओं और प्रदेश की जनता के आशीर्वाद से राजनीतिक चुनौती को पार किया और कांग्रेस के विधायकों की संख्या फिर से 40 हो गई। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कहते थे कि कांग्रेस सरकार को भगवान भी नहीं बचा सकते। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन बहाल की जिस कारण केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के लोगों पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। अब तक 7 हजार 355 से अधिक एनपीएस कर्मचारियों को पुरानी पेंशन मिलनी आरंभ हो गई है। एनपीएस के तहत मिलने वाली 3 हजार रुपए पेंशन ओपीएस बहाली के बाद बढ़कर 30 हजार हो गई है। राज्य सकार केंद्र सरकार के प्रतिबंधों से उबर रही है और आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भानुपल्ली रेल लाइन पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की सोच का नतीजा है। बिलासपुर तक रेल लाइन बिछाने के लिए राज्य सरकार ने अपना हिस्सा दे दिया है और आगे का खर्च केंद्र स्वयं उठाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार राजीव गांधी आर्दश डे-बोर्डिंग स्कूल चरणबद्ध तरीके से खोल रही है। आज भी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में पुरानी तकनीक वाली मशीनों से इलाज किया जा रहा है, लेकिन राज्य सरकार इसमें भी बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछली भाजपा सरकार 75 हजार करोड़ का कर्ज और 10 हजार करोड़ रुपए की सरकारी कर्मचारियों की देनदारियां विरासत में छोड़ कर गई।

पूर्व मंत्री राम लाल ठाकुर ने मुख्यमंत्री का श्री नयना देवी विधानसभा क्षेत्र में स्वागत किया और कहा कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हक को भी रोक कर बैठी है। आपदा के दौरान हुए नुकसान के लिए केंद्र सरकार ने गुजरात और उत्तराखंड की तर्ज पर विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया, लेकिन मुख्यमंत्री ने राज्य के संसाधनों से प्रभावितों के जख्मों पर मरहम लगाया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक तिलक राज व बंबर ठाकुर, कांग्रेस नेता विवेक कुमार व विकास ठाकुर, राजेश्वर ठाकुर, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल, एसपी संदीप धवल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



## श्याम सुंदर ने सांसद इंदु के योगदान का किया धन्यवाद

**अनंत ज्ञान, शिमला।** दिल्ली की हरि नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा टिकट से जीते श्याम सुंदर ने राज्यसभा सांसद एवं प्रभारी इंदु बाला गोस्वामी का उनके अथक योगदान के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने चुनावों में इंदु को मार्ग-दर्शन, सहायता और चुनावी प्रबंधन के लिए धन्यवाद किया और क्षेत्र के विकास के लिए उनका सहयोग और मार्ग-दर्शन मांगा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों और कार्यक्रमों की जीत बताया और दिल्ली के लोगों का भाजपा को विजय बनाने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन सरकार बनने से बेहतर तालमेल के माध्यम से दिल्ली के विकास को पंख लगेंगे और प्रदूषण, यमुना की सफाई, ट्रैफिक, सीवर और कच्ची कलोनियों की समस्यायों का स्थायी समाधान मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि वह दिल्ली की विकास परियोजनाओं की केंद्र में पैरवी करेंगी और कहा कि प्रधानमंत्री मोदी दिल्ली को विश्व का बेहतरीन शहर बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए ठोस कदम उठाएंगे।

### देश को सिर्फ मोदी की गारंटी पर भरोसा

# दिल्ली के दिल में है 'मोदी ही मोदी' : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि देश को सिर्फ नरेंद्र मोदी की गारंटी पर ही भरोसा है। आज दिल्ली की जनता ने प्रचंड बहुमत देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और विकास की राजनीति को चुना है। दिल्ली के दिल में अब सिर्फ 'मोदी ही मोदी' है। दिल्ली को सुशासन और डबल इंजन की सरकार देने के लिए मैं दिल्ली की जनता का बहुत-बहुत आभारी हूं। आम आदमी पार्टी ने झूठ, अराजकता, नाटक और आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति को प्रश्रय दिया। आज दिल्ली की जनता ने उसे नकार दिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन और प्रभावी प्रशासन को स्वीकार किया है।

- **दिल्ली में आपदा समाप्त, सुशासन के साथ दिल्लीवासी**
- **अपनी नाकामियों से शून्य पर पहुंची कांग्रेस, हिमाचल में भी होगा यही हाल**



दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा को भरपूर आशीर्वाद प्रदान करने हेतु देवतुल्य जनता का हृदय से आभार और अभिनंदन इस जनादेश के लिए समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। जयराम ने कहा कि बहुत लंबे समय से दिल्ली में एक पार्टी ने अराजकता का माहौल बना रखा था वो 'आप दा' का दौर आज समाप्त हो रहा है। जिस पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए हुआ था उस पार्टी का अंत भ्रष्टाचार में डूबकर हुआ है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू हुई लड़ाई से जन्मी आम आदमी पार्टी आकंठ भ्रष्टाचार और अराजकता में प्रदेश हितों को पूरी तरह से भूल चुकी थी।

प्रदेश के लिए नीतियां बनाने की बजाय सरकार का ध्यान मुख्यमंत्री के शीश महल बनाने और चुनाव लड़ने के लिए शराब घोटाला करने पर ही केंद्रित रहा। दिल्ली के लिए 'आपदा' साबित हुई आम आदमी पार्टी को आम आदमी ने सही जगह दिखा दी है। दिल्ली देश का दिल है जिसे आज भाजपा ने जीत लिया है। दिल्ली की जनता को सिर्फ मोदी की गारंटी पर भरोसा है। दिल्ली के दिल में 'मोदी ही मोदी' है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस चुनाव के साथ देश की जनता ने कांग्रेस को लेकर भी अपना रुख स्पष्ट कर दिया। कांग्रेस द्वारा चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलने, झूठी गारंटियां देने आदि हथकंडे अपनाए, लेकिन गुमराह करने वाली, साजिश करने वाली कांग्रेस का आज देश की राजधानी से सूपड़ा साफ हो गया है और शून्य पर खड़ी है।

# राज्यपाल ने आकाशवाणी कॉलोनी में चिल्ड्रन पार्क का किया उद्घाटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजयपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शिमला के चैडविक स्थित आकाशवाणी कॉलोनी में नवनिर्मित चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया। पार्क का निर्माण राष्ट्रीय लेखापरीक्षा एवं लेखा अकादमी द्वारा क्षेत्र के बच्चों के मनोरंजन के लिए किया गया है।

राज्यपाल ने अकादमी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की सुविधाएं बच्चों के कल्याण और समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उन्होंने बच्चों के लिए इस तरह के सुरक्षित और आकर्षक पार्क एवं मैदानों की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि यह बच्चों के शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

इसके उपरांत, राज्यपाल ने ऐतिहासिक चैडविक हाउस संग्रहालय और वहां की प्रदर्शनियों का दौरा किया। उन्होंने संग्रहालय की समृद्ध विरासत के बारे में भी जाना तथा यैरोज में 75 वर्ष के समारोह की याद में एक विशेष वीडियो का अनावरण भी किया। इस वीडियो में दशकों से संस्थान की यात्रा और उपलब्धियों के बारे में बताया गया है।

राष्ट्रीय लेखापरीक्षा एवं लेखा अकादमी के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने विरासत संरक्षण और समाज विकास के लिए राज्यपाल के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## स्कूल गई नाबालिग लड़की घर नहीं आई वापस

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसकी 16 वर्ष की बेटी शुक्रवार को स्कूल गई थी उसके बाद वापस घर नहीं पहुंची और बिना बताए कहीं चली गई है। उन्होंने बताया कि उसकी तलाश अपने रिश्तेदारों और नजदीकियों से कर ली है, लेकिन वह वहां पर नहीं है। उसकी बेटी का कोई पता नहीं चल पा रहा है कि वह कहां पर है। भोरंज थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में एक महिला ने अनजान व्यक्ति के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में महिला ने बताया कि कोई अनजान व्यक्ति व्हाट्सएप के जरिए अश्लील और भद्दी तस्वीरें भेजने की उन्हें सोशल मीडिया पर डालने की धमकी दे रहा है। थाना प्रभारी बाबू राम ने बताया कि महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# पीओएस मशीनों में अस्वीकार किए बिलों का 'ठीकरा' डिपो होल्डरों के सिर पर न फोड़े विभाग : अशोक कवि

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

### समिति ने मांगी विजिलेंस जांच



हिमाचल डिपो संचालक समिति ने डिपुओं पर लगी पीओएस मशीनों में अस्वीकार किए गए बिलों का ठीकरा खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा डिपो धारकों के सिर पर फोड़ने का आरोप लगाया है।

संचालक समिति के अध्यक्ष अशोक कवि ने कहा है कि अधिकांश मामले डिपुओं पर लगी पीओएस मशीनों में तकनीकी खराबी के चलते चलते हुए हैं। जब किसी डिपो संचालक की मशीन में खराबी आती है तो डिपो संचालक द्वारा विभाग से शिकयत करने के उपरांत विभागीय अधिकारियों के आदेश के उपरांत संबंधित कंपनी के कर्मचारियों द्वारा डिपो संचालकों की मशीन को बदला जाता है और जब डिपो धारकों की मशीन को बदला जाता है, तो पीओएस मशीनों के स्टॉक में सैकड़ों क्विंटल राशन की भिन्नता आती है।

डिपो धारकों द्वारा विभाग से बार-बार लिखित व मौखिक तौर पर आग्रह करने के बावजूद भी स्टॉक को समायोजित नहीं किया जाता। पिछले करीब तीन वर्षों से विभाग द्वारा ऐसे डिपो धारकों के स्टॉक को समायोजित नहीं किया गया, जब विभाग द्वारा डिपुओं का निरीक्षण किया जाता है तो स्टॉक में भिन्नता के कारण डिपो धारकों को अकारण भारी भरकम जुर्माना डाला जाता है।

अस्वीकार किए गए बिलों में अधिकांश मामले ऐसे हैं जहां डिपो धारकों ने भारी भरकम जुर्माने से बचने के लिए मशीनों में आए बिलों को स्टॉक समायोजित करने के उद्देश्य से अस्वीकार किया है और कुछ डिपो धारकों से विभाग व खाद्य आपूर्ति निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से इस काम को अंजाम दिया है। कवि ने प्रदेश सरकार से इस सारे मामले की जांच विजिलेंस से करवाने की मांग की है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि विभाग अपने अधिकारियों व खाद्य आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को बचाने के चक्कर में डिपो धारकों को निशाना बनाकर लाखों रुपए जुर्माना लगा रहा है, जो तर्क संगत नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन निगम के गोदाम इंचार्जों ने डिपो धारकों के एक ही माह में तीन से चार बिल काटे वे किसके इशारे पर काटे? नियमानुसार निगम का गोदाम इंचार्ज निरीक्षक द्वारा काटे गए परमिट से अधिक किसी भी डिपो धारक का बिल नहीं काट सकता। यदि विभाग द्वारा काटे गए परमिट से अधिक राशन के बिल गोदाम इंचार्ज द्वारा काटे गए तो किसके इशारे पर और किस मंशा के चलते काटे गए और विभागीय निरीक्षकों ने डिपो धारकों की मांग से अधिक परमिट काटा तो इसके पीछे क्या कारण था यह सब जांच का विषय है। अशोक कवि ने सरकार से इस सारे मामले की गहनता से जांच करवाने की मांग की ताकि दोषियों को सजा मिल सके और निर्दोष को न्याय। (अनंत ज्ञान)

# दिल्ली जीत का हिमाचल में जश्न : प्रेम कुमार धूमल

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



दिल्ली में भाजपा ने आम आदमी पार्टी को विधानसभा चुनावों में हराकर ढाई दशकों के बाद सत्ता में वापसी की है। शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों में अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत आम आदमी पार्टी के कई बड़े नेताओं को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली में मिली जीत पर हिमाचल में भी भाजपा नेताओं ने खूब जश्न मनाया।

भाजपा की जीत पर हिमाचल के पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की जीत केंद्र की मोदी सरकार की लोकप्रियता को दर्शाती है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने काफी समय तक राज किया, लेकिन उन्होंने भ्रष्टाचार के अलावा जनता को कुछ नहीं दिया है। आखिरकार दिल्ली की जनता ने भी केजरीवाल को आईना दिखाया है। भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा की सरकारें बनी हैं. प्रधानमंत्री मोदी ने जिस प्रकार अपना संकल्प धरातल पर उतारा है, उससे आम जनमानस काफी प्रभावित हुआ है।

धूमल ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जब-जब भाजपा की सरकार सत्ता में आई है, प्रदेश के विकास को नए पंख लगे हैं। पिछले चुनाव में प्रदेश वासियों ने कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका जरूर दिया, लेकिन प्रदेश कांग्रेस सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। आए दिन पैसा न होने का रोना कांग्रेस सरकार के नेता रोते रहते हैं, लेकिन जह फिजूलखर्ची की बात आती है तो अपने चहेतों को उच्चे पदों पर बिठाने से कोई परहेज नहीं करते हैं। कांग्रेस की नीतियां सदैव जनता विरोधी रही हैं एवं उन्हें आम जनमानस से कोई सरोकार नहीं है।

# गहनों की चोरी के मामले में तीन दबोचे

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

### शाहपुर पुलिस ने चंडीगढ़ में सुनार से बरामद किए गहने

थाना शाहपुर के अंतर्गत गत वर्ष अनसूई में लाखों के चोरी हुए गहने के मामले को पुलिस ने सुलझा लिया है, जिसमें चोरी हुए साढ़े पांच लाख के गहने भी पुलिस ने चंडीगढ़ में सुनार की दुकान से बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने इस सिलसिले में पति-पत्नी सहित सुनार को भी गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी देते हुए थाना प्रभारी शाहपुर करतार सिंह ठाकुर ने बताया कि 24 अप्रैल 2024 को शाहपुर थाना के अंतर्गत अनसुई में ओम प्रकाश के घर में चोरी हुई थी, जिसमें चोरों ने साढ़े पांच लाख के गहने चोरी कर लिए थे जिस पर शाहपुर थाने में मामला दर्ज किया गया था। जिला पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री ने उस मामले को गंभीरता से लेते हुए एएसआई विपन सिंह के नेतृत्व में चोरों को पकड़ने के लिए टीम का गठन किया गया था।

जांच के दौरान पुलिस ने गोवा लुधियाना व पंजाब के कई स्थानों पर चोरों को पकड़ने के लिए दबिश दी, लेकिन चोर भी बहुत होशियारी से अपना भेष बदल कर मोबाइल फोन सिम सहित स्थान बदलते रहे। आखिर सात फरवरी को चोर चंडीगढ़ में पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने इस मामले में दीपक कुमार निवासी ऊना और उसकी पत्नी सेजल को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही सुनार को बेचे गए पूरे गहने बरामद भी कर लिए।

# दिल्ली में भाजपा की जीत हिमाचल में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर, सुरेश कश्यप, डॉ. राजीव भारद्वाज आदि ने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की मजबूत जीत के लिए पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



बिंदल ने कहा दिल्ली में झूठ के शासन का अंत हुआ है, यह अहंकार और अराजकता की हार है। यह जीत 'मोदी की गारंटी' और मोदी जी के विकास के विजन पर दिल्लीवासियों के विश्वास की जीत है। इस प्रचंड जनादेश के लिए दिल्ली की जनता का दिल से आभार। पीएम मोदी के प्रयासों से देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को 5 किलो गेंहू, चावल और एक किलो दाल निशुल्क दी जा रही है। दिल्ली में भी 72 लाख परिवारों को यह सुविधा दी जा रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश में 4 करोड़ पक्के मकान बनाए गए हैं जिसमें से 3600 मकान दिल्ली में और जहां झुग्गी-वहां मकान के तहत 6500 फ्लैट बनाने का कार्य किया गया है।

सांसद हर्ष महाजन ने कहा आम आदमी पार्टी बसों में पैनिक बटन लगाने का दावा किया और 500 करोड़ रुपए का घोटाला किया था, जबकि किसी बस में पैनिक बटन नहीं दिखती है। असल में पैनिक बटन की जरूरत तो 'शीश महल' में थी, जहां महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। आम आदमी पार्टी जो खुद को कट्टर ईमानदार कहती थी, लेकिन कट्टर बेईमान निकली, क्योंकि इनकी पार्टी के 12 प्रतिशत लोग जेल में रहकर आए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा जनता में जोश और उमंग देखकर हमें पूरा भरोसा था कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को जिताने का मन बना लिया था। अब यहां ट्रैफिक जाम नहीं, बल्कि केजरीवाल की यात्रा जाम हो गई है। यह चुनाव केवल विधायक चुनने का चुनाव नहीं था, बल्कि दिल्ली की तकदीर और तस्वीर बदलने का चुनाव था।

# दिल्ली विधानसभा चुनावों के परिणाम निराशाजनक : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों को निराशाजनक बताते हुए कहा है कि कांग्रेस के लिए यह चुनाव परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं आए जिसका उन्हें दुख है। कांग्रेस जनहित के मुद्दों पर लोगों के साथ खड़ी है और हमेशा खड़ी रहेगी। पार्टी हार के कारणों का मंथन करेगी और जहां कमियां रह गई हैं उन्हें दूर किया जाएगा।

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि दिल्ली चुनावों में कांग्रेस नेताओं ने बहुत मेहनत की। लोगों को पूर्व में किए गए कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार के विकास कार्यों को गिनाया और पार्टी की भावी विकास योजनाओं को भी रखा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनमत का आदर करती है। उन्होंने दिल्ली में चुने गए नेताओं को उनकी जीत पर बधाई देते हुए उम्मीद जताई है कि नई सरकार दिल्ली के लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगी और लोगों से किए गए अपने सभी वादों को पूरा करेगी।

# मोदी की नीतियों पर दिल्ली की जनता ने किया अपना मतदान : भारद्वाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**कहा- देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी की विश्वसनीयता व विकासपरक नीतियों पर**

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर धर्मशाला भाजपा मंडल ने कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के साथ खुशी मनाई तथा लड्डू बांटे। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक खुशी में झूमते दिखे।

भारद्वाज ने इस मौके पर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजे आ चुके हैं। वहां भाजपा ने ऐतिहासिक जीत दर्ज कराई है, तो दो बार से मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा की जीत का जश्न देशभर में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों पर दिल्ली की जनता ने अपना मतदान किया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के परिणाम में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, अंत्योदय व विकासपरक नीतियों पर जनता-जनार्दन के अटूट समर्थन की जीत है। दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भाजपा की जबरदस्त विजय प्रधानमंत्री की नीतियों के प्रति विश्वास की जीत है।

उन्होंने कहा कि इस देश की जनता का भरोसा पीएम मोदी की विश्वसनीयता और भाजपा की सुशासन और विकास की राजनीति में है। इस शानदार जीत के लिए मैं प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठ, धोखे और भ्रष्टाचार के 'शीशमहल' को नेस्तनाबूत कर दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का काम किया है। दिल्ली ने वादाखिलाफी करने वालों को ऐसा सबक सिखाया है। इस मौके पर प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता राकेश शर्मा, धर्मशाला भाजपा मंडल अध्यक्ष विशाल नेहरिया सहित भाजपा के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दिल्ली जीत में हिमाचल के मतदाताओं की अहम भूमिका

**राजेश शर्मा, ऊना**

**भाजपा की राज्यों से संपर्क की रणनीति कर गई काम**

दिल्ली की जीत में हिमाचल के लोगों का भी कहीं न कहीं प्रमुख योगदान रहा है। हिमाचल के हजारों लोग दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रहते हैं और उन्होंने भी वहां मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है।

उधर, भाजपा ने इस चुनाव को पूरी गंभीरता से लड़कर प्रत्येक मतदाता से संपर्क किया है। बाकायदा हिमाचल में भाजपा के जिला मुख्यालयों को भी अपने अपने क्षेत्र के दिल्ली निवास करने वालों से संपर्क करने का जिम्मा दिया गया था। इतनी गहराई से भाजपा द्वारा यह चुनाव लड़ा गया कि नतीजा भी उनको वैसा ही मिला है।

बता दें कि भाजपा ने दिल्ली जीतने के लिए गहन अध्ययन किया था। इसका नमूना चुनाव से पहले तब देखने को मिला जब हिमाचल के सभी जिला भाजपा कार्यालय भी दिल्ली चुनाव के प्रचार में जुट गए थे। हिमाचल के हजारों की संख्या में लोग दिल्ली के सभी इलाकों में निवास करते हैं। इन लोगों की पहचान करके उनके संपर्क और फोन नंबर संबंधित जिले और मंडलों तक पहुंचाए गए थे। इन मंडलों और जिलों से रिपोर्ट भी मांगी गई थी कि किन लोगों से संपर्क हुआ है।

भाजपा की ओर से ऐसे प्रत्येक मतदाता से विशेष अपील की जा रही थी और वहां सत्ता परिवर्तन के बाजिव कारण बताए जा रहे थे। इतनी सटीक रणनीति थी कि अन्य दलों को इसकी भनक तक नहीं थी। यह भाजपा का लंबा होम वर्क था।

हिमाचल में भाजपा ने इस रणनीति को भी प्रभावी तरीके से लागू किया और एक एक मतदाता से संपर्क करके उन्हें भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए आग्रह किया। इस कार्य में लगे भाजपा के कुछ नेताओं ने बताया कि वे पूरी तरह आश्वस्त थे और जिन मतदाताओं से भी उनकी बात हुई थी उन मतदाताओं ने उन्हें जो संकेत दिए थे वे परिणाम में दिखे हैं। (अनंत ज्ञान)

**विकास**

## नयना देवी पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए किया जाएगा विशेष कार्य

# नयना देवी को बनाया जाएगा आकर्षक और सुविधाजनक : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, श्री नयना देवी**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नयना देवी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि प्रदेश सरकार क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया, जिससे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त होंगी। प्रदेश सरकार नयना देवी क्षेत्र में आधारभूत ढांचे के विस्तार और यातायात सुधार के लिए 100 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं को स्वीकृति दे चुकी है। इस दौरान 80 करोड़ रुपए की लागत से बैरी सड़क के अपग्रेडेशन का शिलान्यास किया गया, जो मंडी जिले के लिए एक महत्वपूर्ण शॉर्टकट साबित होगा।

प्रदेश सरकार हिमाचल के सभी जिलों और क्षेत्रों के संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। क्षेत्र के नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा देने के लिए सड़कों के निर्माण और



विस्तार पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके अलावा, केंद्र सरकार से सहयोग प्राप्त कर विकास कार्यों में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे अधूरे प्रोजेक्ट समय पर पूरे किए जा सकें। सरकार की प्राथमिकता यह है कि हर क्षेत्र को बराबर सुविधाएं मिलें और सभी विकास परियोजनाओं की निगरानी नियमित रूप से की जाए। नयना देवी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जिसे और अधिक आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

नयना देवी नगर पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिए मुख्यमंत्री के सहयोग से विशेष कार्य योजना तैयार की गई है। इसके अतिरिक्त, मंदिर मार्ग के चौड़ीकरण के लिए बजट निर्धारित किया गया है, जिससे श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री ने नयना देवी क्षेत्र में बढ़ती नशा तस्करी पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इसे रोकने के लिए सरकार सख्त कदम उठा रही है। युवा पीढ़ी को नशे से बचाने के लिए सख्त निगरानी और विशेष अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही नशा मुक्ति केंद्रों को भी सशक्त किया जाएगा।







हनुमान जी की वेशभूषा धारण किए एक कलाकार। (सभी फोटो कमलेश वर्मा)

# रघुनाथपुर में राम-भरत का महामिलन



ढालपुर में भगवान रघुनाथ जी का रथ खींचने के लिए उमड़ा जनसैलाब।

**कुल्लू** में गत रविवार को बसंत पंचमी उत्सव मनाया गया। अठारह करडू की सौह (ढालपुर) नगरी भगवान रघुनाथ जी के उद्घोष से गूंज उठी। सुल्तानपुर (रघुनाथपुर) से अधिष्ठाता रघुनाथ जी की शोभायात्रा निकाली गई। रथ मैदान पहुंचने पर दो भाइयों राम-भरत का महामिलन हुआ, जिसे देखकर सभी भाव-विभोर हुए। राम-भरत मिलन के साथ ही हनुमान जी की अठखेलियां भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहीं। केसरी रंग में पूरी तरह से रंगे हनुमान ने श्रद्धालुओं के ऊपर गुलाल फेंका। मान्यतानुसार हनुमान द्वारा फेंका गुलाल जिनके ऊपर भी गिरता है वह सौभाग्यशाली होते हैं। अधिकतर लोग यहां पर पीले वस्त्रों में नजर आए, वहीं भगवान रघुनाथ जी को भी पीले ही वस्त्र पहनाए गए थे। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्ति के रस में डुबो दिया। कुल्लू के अलावा इस परंपरा का निर्वहन कुल्लू की प्राचीन राजधानी नग्गर, ठावा व मणिकर्ण में भी किया गया। मणिकर्ण में भी भगवान श्रीराम के दर्शनों के लिए भीड़ उमड़ी।

# डांगी नृत्य

## हिमाचल प्रदेश का सबसे लोकप्रिय लोकनृत्य

प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश खूबसूरत दृश्यों और संस्कृति से भरा हुआ है और लोकनृत्य उनमें से एक है। डांगी नृत्य हिमाचल का एक बहुत ही लोकप्रिय लोकनृत्य है। डांगी नृत्य मुख्य रूप से हिमाचल प्रदेश के चंबा क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जबकि नयना देवी मंदिर में फसल के मौसम में भी यह नृत्य किया जाता है। डांगी लोक नृत्य हिमाचल की सबसे पुरानी लोककथाओं पर आधारित है। इसमें दो थीम हैं- एक प्रेम और दूसरा व्यापार। प्रेम आधारित थीम वाली लोककथा एक बहुत ही बहादुर और सुंदर व्यक्ति के बारे में है, जो एक आम लड़की से प्यार करता है। राजाओं का आम लोगों से प्यार करना आम बात नहीं थी, इसलिए यह एक बड़ी बात थी। वहीं, व्यवसाय आधारित लोककथा में वस्तुएं देने वाले और लेने वाले के बारे में बात होती है। व्यवसाय में एक व्यक्ति अपने उत्पाद या सेवाएं दूसरे व्यक्ति को देता है और उनसे कुछ मूल्यवान चीज की मांग करता है। व्यवसाय अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए यह लोककथा का एक हिस्सा है। हिमाचल में हर अवसर, हर रूप और हर क्षेत्र के लिए अलग-अलग नृत्यों की एक लंबी सूची है। ये नृत्य ज्यादातर स्थानीय मेलों और शादी-विवाह और देवता के आगमन जैसे खुशी के मौकों पर किए जाते हैं। डांगी नृत्य मुख्य रूप से अर्ध-वृत्ताकार पैटर्न में गद्दी महिलाओं द्वारा किया जाता है। सुन्नी और भुक्खा के प्रेम गीत गाए जाते हैं। डांगी नृत्य करते समय नर्तक अपने पारंपरिक परिधान में होते हैं।









# ठोडा नृत्य

शिमला के गेयटी थियेटर में आयोजित लोकनृत्य प्रतियोगिता में सिरमौर जिले के कलाकारों ने ठोडा नृत्य की प्रस्तुति से सभी को काफी प्रभावित किया।








# किन्नौरी लोक संस्कृति के रंग

**सोलन** में पिछले दिनों प्रदेश के अलग-अलग जिलों की लोक संस्कृति के रंग देखने को मिले। एक तरफ किन्नौर कल्याण समिति के वार्षिक कार्यक्रम में छात्रों ने लाहौली वेशभूषा और नृत्य की छाप छोड़ी, तो वहीं इसी कार्यक्रम में किन्नौर की वेशभूषा के साथ किन्नौरी नाटी की धूम भी मचाई।

## न्यूज ब्रीफ

### हटवास में पूर्व सैनिकों का सम्मेलन आयोजित

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पूर्व सैनिक सतर्कता एवं समाज कल्याण सभा का मासिक सम्मेलन शनिवार को कैप्टन कर्म सिंह धीमान की अध्यक्षता में सैनिक भवन हटवास (नगरोटा बगवां) में हुआ। इसमें 55-60 पूर्व सैनिक और वीर नारियों ने भाग लिया। सम्मेलन में वयोवृद्ध सदस्य कैप्टन मदन चंद कटोच को उनके 88वें जन्मदिन पर मुबारकबाद दी गई। इसके बाद बताया गया कि हर पेंशनधारक को इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करना अनिवार्य है, चाहे उसकी आय टैक्स के दायरे में न भी आती हो। सभी अनुरोध किया गया कि वार्षिक जीवन प्रमाण-पत्र समय पर ऑनलाइन जमा करवाएं। अपने सेना के रिकॉर्ड में अपनी पत्नी और बच्चों के नाम व जन्म तिथि अवश्य ठीक करवाएं। इस अवसर पर कर्नल रमेश वालिया जी, कैप्टन करम सिंह धीमान, कैप्टन मदन चंद कटोच, कैप्टन अमर सिंह कटोच, कैप्टन स्वर्ण कटोच, सचिव बिक्रम राणा और अन्य गणमान्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

### नौरा कॉलेज में एनएसएस शिविर का समापन

**अनंत ज्ञान, डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिविर के दौरान स्वयंसेवियों ने स्वच्छता अभियान, प्राकृतिक जल स्रोत की सफाई और स्वास्थ्य जागरूकता रैली में सक्रिय भागीदारी निभाई। समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. आरएस चंदेल ने स्वयंसेवियों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. मनोज कुमार ने सात दिनों की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी स्वयंसेवियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समापन समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### फरेढ़ में महाशिवरात्रि मेले के दौरान होंगी खेलें

**अनंत ज्ञान, डरोह।** गांव फरेढ़ में हर वर्ष की भांति इस बार भी महाशिवरात्रि मेले का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाएगा। इसको लेकर शनिवार को रामलीला कला मंच पर क्लब के अध्यक्ष अनूप सोनी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सभी सदस्यों ने भाग लिया। इसमें सबसे पहले क्लब के पूर्व उपप्रधान स्व. राकेश नरयाल की याद में शिवरात्रि मेले के दौरान कबड्डी टूर्नामेंट के आयोजन पर चर्चा हुई। यह निर्णय लिया गया कि इस टूर्नामेंट की विजेता टीम को 21 हजार व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 11 हजार रुपए की नकद राशि व ट्रॉफी दी जाएगी। इसके साथ ही शिवरात्रि वाले दिन शिव पार्वती की विशाल झांकी का आयोजन भी क्लब के सदस्य द्वारा किया जाएगा। जिसमें जाने माने कलाकार भाग लेंगे। बैठक में सर्वसम्मति से पंकज कपूर को नया उपप्रधान तथा रोहित कपूर को क्लब का नया कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर क्लब के पूर्व उपप्रधान की याद में क्लब के सभी सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखा।

### रविदास मंदिर जवाली में विशाल भंडारा 12 को

**अनंत ज्ञान, जवाली।** गुरु रविदास महाराज के 648वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर 12 फरवरी को रविदास मंदिर जवाली में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए रविदास सभा जवाली के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह ने बताया कि 12 फरवरी को सुबह 10 बजे निशान साहिब की रस्म अदा की जाएगी, उसके बाद शबद-कीर्तन किया जाएगा। बाद दोपहर भंडारा आयोजित होगा जिसमें दूरदराज से काफी संख्या में भक्तजन आकर प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### पलक मिस, शौर्य चुने मिस्टर पर्सनैलिटी



**अनंत ज्ञान, डरोह।** कैंब्रिज ग्लोबल स्कूल चूला में नवमी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा दशवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के अध्यक्ष सुरेंद्र जम्वाल ने की। नवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने सीनियर्स का प्रतियोगिता में चयन करने के लिए पर्सनैलिटी बेस और जनरल नॉलेज के प्रश्न पूछे। इस प्रतियोगिता में निर्देशिका तानिया जम्वाल, सेक्रेटरी नितिन जम्वाल, प्रधानाचार्य सुशील अवस्थी ने जज की भूमिका निभाई। इस दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा किए और विद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुशील अवस्थी ने अपने संबोधन में कक्षा दसवीं के छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर दसवीं कक्षा की पलक और शौर्य कटोच को मिस पर्सनैलिटी और मिस्टर पर्सनैलिटी चुना गया। रिद्धिमा और अनमोल राणा को मिस और मिस्टर फेयरवेल चुना गया।इस दौरान स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

### रिया मिस, अरमान कटोच मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, डरोह।** रेनसन स्कूल थुरल में नवमी कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य स्वरूप ठाकुर ने की। नवमी कक्षा के विद्यार्थियों ने दसवीं कक्षा के लिए पर्सनेलिटी बेस और जनरल नॉलेज आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें स्कूल की अध्यापिकाओं रितिका शर्मा, सोनाली, निशु ने जज की भूमिका निभाई। इस दौरान दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने स्कूल में बिताए समय के दौरान अपने अनुभव सांझा किए और विद्यालय के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य स्वरूप ठाकुर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कक्षा दसवीं के छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उन्हें कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। यह विदाई समारोह भावनाओं से भरपूर और यादगार रहा। एक ओर जहां बिछड़ने का दुख था, वहीं दूसरी तरफ नई उड़ान भरने का उत्साह भी था । इस फेयरवेल पार्टी में रिया को मिस फेयरवेल और अरमान को को मिस्टर फेयरवेल चुना गया। मीनाक्षी को मिस पर्सनेलिटी और अर्शदीप को मिस्टर पर्सनेलिटी व शिवम वालिया को मिस्टर परफेक्ट और वैश्वी को मिस परफेक्ट चुना गया। इस पार्टी में विपन कुमार, अमित सूद, जोगिंद्र राणा, बिनता देवी,अनिधि वालिया , रेखा, दिव्या शिवांगी सूद , विनता कुमारी आदि अध्यापकों सहित प्रेम लता, दिशा देवी भी समारोह शामिल रहे।

### जवाली में पेंशनर्स ने समस्याओं पर किया मंथन

**अनंत ज्ञान, जवाली।** जिला कांगड़ा पेंशनर्स संघ इकाई जवाली की एक बैठक शनिवार को जवाला माता मंदिर लब के परिसर में संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पेंशनर्ज संघ की विभिन्न समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। प्रधान सुखदेव शर्मा ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि 1-1-2016 से लेकर 31-1-2022 तक के बीच सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को लाभ व मेडिकल विलों एवं 11 प्रतिशत महगाई भत्ता की किश्तों का भुगतान अतिशीघ्र किया जाए । उन्होंने कहा कि प्रदेश के पेंनशर को पंजाब की तर्ज पर आई टी सी व 5 प्रतिशत वेसिक वेतन भत्ता दिया जाए। संघ ने चिकित्सा भत्ता भी पंजाब की तर्ज पर देने की मांग की है। इस मौके रघुवीर सिंह लालिया, शंकर दास,गोपाल कृष्ण, रतन चंद धीमान, मनोहर धीमान, रणजीत सिंह, शम्भू नाथ,अमरीक सिंह, लेख राज, सुरजीत सिंह, बाल कृष्ण, राजकुमार आदि पेंशनर मौजूद रहे।

### पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन हिमाचल प्रदेश शहरी इकाई शाहपुर की बैठक शनिवार को प्रधान सेठ राम प्रधान की अध्यक्षता में शाहपुर में हुई। बैठक में सुरेश ठाकुर प्रदेश के वारिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष कांगड़ा ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर जिला कांगड़ा के अतिरिक्त महासचिव रविंदर राणा, प्रदेश प्रेस सचिव मनमोहन पठानिया जिला के उपाध्यक्ष साहिब सिंह, रैत ब्लॉक के प्रधान पवन धीमान, महासचिव उमेश नाग, जिला के मुख्य सलाहकार कल्याण ठाकुर, प्रेस सचिव प्रेम शर्मा व कोषाध्यक्ष हरनारायण ठाकुर ने विशेष अतिथि के तौर पर भाग लिया।

### ज्वालामुखी के नागणी माता मंदिर में लगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी के सपड़ी स्थित नागणी माता मंदिर में आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। अशोक कुमार जड्ड, प्रभात चौधरी, किशनू चौधरी, विजय कुमार, विपन कुमार, अनिल शर्मा, जगजीत सिंह व अमित भाटिया आदि श्रद्धालुओं ने भंडारे में श्रमदान देकर पुण्य कमाया।

### पूर्व विधायक मुल्ख राज ने मृत्यु पर जताया शोक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पूर्व विधायक व भाजपा नेता मुल्ख राज प्रेमी ने बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के चढ़ियार खास पंचायत के सुरेंद्र राणा व निर्मला देवी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर गहरा दुख प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि चढ़ियार गांव के श्रद्धालुओं को प्रयागराज कुंभ स्नान से लौटते हुए यह दुखद घटना हुई।भाजपा नेता ने कहा कि दुर्घटना में कई यात्रियों को गहरी चोटें भी आई है। मुल्खराज प्रेमी इस दुखद घटना के मृत व्यक्तियों के परिजनों से गहरी संवेदना तथा घायल व्यक्तियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना ईश्वर से की है।

# नगरोटा बगवां में कल से होंगे 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम : आरएस बाली

## पर्यटन निगम के अध्यक्ष व विधायक 16 फरवरी तक पंचायतों में सुनेंगे समस्याएं

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

पर्यटन निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने कहा कि दस फरवरी से 16 फरवरी तक नगरोटा विस क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में 'विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि निजी कारणों से वह दस दिन से नगरोटा विस क्षेत्र में प्रवास नहीं कर पाए हैं क्योंकि उनके पारिवारिक रिश्तेदार चौधरी नसीब चंद दिल्ली में उपचाराधीन हैं, जो कि दादा के घनिष्ठ मित्र रहे हैं तथा दादा के देहांत के बाद चौधरी नसीब चंद ने 13 वर्ष की आयु से लेकर विकास पुरुष जीएस बाली का मार्गदर्शन कर एक पिता की भूमिका भी निभाई है तथा उनके बेटे वीरेंद कुमार पॉल ने मुश्किल वक्त में उनके पिता को किडनी भेंट कर उनके जीवन में एक चाचा की भूमिका निभाई थी।

उस समय परिवार के किसी भी सदस्य का ब्लड ग्रुप विकास उनके ब्लड से मैच नहीं हो रहा था। वीरेंदर कुमार पॉल (चाचा) देश के सर्वोत्तम संस्थान के शीर्ष पद पर कार्यरत हैं, लेकिन पिता के प्रति उनका प्रेम, समर्पण और निस्वार्थ त्याग हमारे लिए सदा प्रेरणा रहेगा। उनके इस अतुलनीय प्रेम के कारण, हमारे जीवन में भगवान के बाद उन्ही का स्थान है। आज उनकी तबीयत 'बेहद नाजुक' है, और वे 'एम्स अस्पताल, दिल्ली के आईसीयू में वेंटिलेटर पर हैं'। इस कठिन समय में, हम सबकी प्रार्थनाएं उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए अर्पित हैं। नसीब चंद 1963 से 1966 तथा 1968 से 1970 तक नगरोटा बगबां में बतौर खंड विकास अधिकारी अपनी सेवाएं दे चुके हैं इसके साथ ही देहरा में एसडीएम तथा बिलासपुर में एडीएम के पद भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उच्च प्रशासनिक पदों पर रहते हुए जनहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उच्च प्रशासनिक पदों पर रहते हुए जनहित में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि दादाजी चौधरी नसीबचंद की हालत में पहले से कुछ सुधार हुआ है, परंतु स्थिति अभी भी गंभीर है। ऐसे में मेरे लिए उनके पास रहना बेहद आवश्यक था।

### किस दिन, कहां होगा कार्यक्रम



**आरएस** बाली ने बताया कि दस फरवरी को अंबाड़ी तथा उपरली मजठेली, 11 फरवरी को चाहड़ी तथा हटवास, 12 को चंद्रोट तथा मोरठ जसाई, 13 को सदरपुर, कलेड़ तथा 14 रिन तथा धलूं , 15 फरवरी को लूहना तथा बरग्रां में विधायक आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# कॉलेज स्टूडेंट्स ने किया मुंबई व गोवा का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य कॉलेज रैत के छात्रों द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के छात्रों ने मुंबई व गोवा के भ्रमण किया। यह शैक्षणिक यात्रा 26 फरवरी से 5 मार्च, 2025 तक आयोजित की गई। जिसमें बीबीए बीसीए बीकॉम के 30 के करीब छात्रों ने भाग लिया इस यात्रा ने छात्रों को एक समृद्ध अनुभव प्रदान किया। छात्रों को प्रकृति की सुंदरतासे सुसज्जित गोवा और मुंबई में ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया गया और विविध संस्कृतियों के बारे में जाना। यात्रा का एक मुख्य आकर्षण गोवा के डाबोलिम में भारतीय नौसेना के आईएनएस हंसा नेवल एयरबेस का दौरा था। वहीं भारतीय नौसेना के शीर्ष अधिकारियों से मिलकर उनके अनुभवों को जाना और विमानों की प्रक्रियाओं और कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया जो कि सभी छात्रों के लिए गर्व का क्षण था।

## हैप्पी बर्थडे



ठारू (नगरोटा बगवां) की शवन्या को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



टक्का (ऊना) की जानवी शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# दिल्ली में पीएम मोदी की गारंटी पर जनता की मुहर : रविंद्र धीमान

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**



दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत को जयसिंहपुर भाजपा के पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने भ्रष्टाचार पर सत्य की जीत करार दिया है। प्रेस को जारी बयान में उन्होंने कहा है कि अब देश का हिंदू व मुसलमान जागृत हो चुका है व जान गया है कि कौन सी विचारधारा वाली पार्टी उनकी हितैषी है। आने वाले समय में यही हाल हिमाचल में कांग्रेस का होगा। रविंद्र धीमान ने दिल्ली में 27 सालों बाद हुई भाजपा की जीत का श्रेय देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सांसद अनुराग ठाकुर, हिमाचल से संबंध रखने वाले संगठन मंत्री पवन राणा व समस्त पार्टी के कार्यकर्ताओं को दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के चुनाव परिणाम दर्शाते हैं कि लोगों ने भ्रष्टाचार वाली सरकार को नकार कर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी को स्वीकार किया है। रविंद्र धीमान ने हिमाचल प्रदेश की सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस की भ्रष्ट एवं मित्रों की सरकार भी कुछ ही दिनों की मेहमान है।

### अब दिल्ली में होगा एक समान विकास : डॉ. राजिंद्र

**अनंत ज्ञान, जवाली।** भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली में मिली ऐतिहासिक जीत पर जवाली मंडलाध्यक्ष डॉ. राजिंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की और मिठाई बांटकर जश्न मनाया। डॉक्टर राजिंद्र सिंह ने कहा कि अब दिल्ली में एक समान विकास होगा तथा जनता की हर मांग को पूरा किया जाएगा।

### भाजपा की प्रचंड जीत पर नूरपुर में मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली चुनावों में मिली प्रचंड और ऐतिहासिक जीत पर आज संगठनात्मक जिला नूरपुर में भव्य उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। विजय उत्सव की शुरुआत जिला कार्यालय प्रांगण में हुई, जहां जिला अध्यक्ष श्री राजेश काका जी की अध्यक्षता में ढोल-नगाड़ों के साथ जीत का जश्न मनाया गया। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटी, जमकर आतिशबाजी की और भारत माता की जय, वंदे मातरम् तथा भाजपा के जयघोषों से पूरा वातावरण गूंज उठा। इसके बाद एक विजय जुलूस निकाला गया, जो जसूर चौक पहुंचा। वहां दोनों चौकों पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य किया, मिठाइयां बांटी, और जोशीले नारों के साथ जीत की खुशी मनाई। जिला अध्यक्ष राजेश काका ने कहा कि यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व, भाजपा की जनहितकारी नीतियों और कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत का परिणाम है।

# भाजपा की जीत पर विजय बोकोलिया ने बांटे लड्डू



**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड विजय को लेकर मोहटली रैंप पर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता विजय बोकोलिया द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जश्न मनाया गया। इस दौरान 'मोदी जिंदाबाद' के नारे लगाए गए। इस मौके पर उन्होंने लड्डू बांट कर अपनी खुशी का इजहार किया।

### ज्वालामुखी में भाजपा वर्कर्स ने मनाया जश्न

**ज्वालामुखी।** दिल्ली में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत की खुशी में ज्वालामुखी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। पूर्व मंत्री रविंद्र सिंह रवि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली में कांग्रेस का सूपड़ा साफ होने से स्पष्ट हो गया है कि जनता अब कांग्रेस के काले कारनामों से भलीभांति परिचित हो चुकी है।

### स्वयंसेवियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय लंज में शनिवार को सात दिवसीय शिविर के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेवियों ने लंज बाजार और आसपास के क्षेत्र से प्लास्टिक अब अन्य कचरा इकट्ठा करके समाज में स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान शिविर में अविनाश परमार एडवोकेट एडिशनल सेशन कोर्ट पालमपुर ने स्वयंसेवियों को इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एक्ट, राइट टू एजुकेश, राइट टू इनफार्मेशन एक्ट, कंज्यूमर प्रोटक्शन एक्ट की विस्तृत जानकारी देकर एक सशक्त भविष्य सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉक्टर विजेंद्र भूषण, डॉक्टर नेहा दीवान और प्रोफेसर तनु प्रिया भी मौजूद रहे।

# अरनी विवि में राष्ट्रीय बजट दिवस पर करवाईं रोमांचक गतिविधियां

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



अरनी विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय बजट दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। अरनी विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंधन और वाणिज्य विभाग ने राष्ट्रीय बजट दिवस का आयोजन किया, जो प्रस्तुतीकरण, क्विज, पैनल चर्चा, विशेषज्ञ वार्ता और एक ऑनलाइन वेबिनार जैसी रोमांचक गतिविधियों से भरा था। इसमें राष्ट्रीय बजट और उसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई एवं ब्रेनस्टॉर्म क्लब ने एक मॉक संसदीय सत्र आयोजित किया, जहां छात्रों ने प्रधानमंत्री, कैबिनेट मंत्री और विपक्षी नेताओं की भूमिका निभाई। उन्होंने बजट की प्रमुख विशेषताओं, वित्तीय नीतियों और आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा की, जिससे सत्र शैक्षिक और आकर्षक बन गया। कार्यक्रम का उद्घाटन अरनी विश्वविद्यालय के माननीय चांसलर डॉ. विवेक सिंह द्वारा किया गया और जिन्होंने राष्ट्रीय बजट के महत्व और इसके आर्थिक प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस बजट का देश की आर्थिक स्थिति, विकास दर और विभिन्न क्षेत्रों में बदलावों पर गहरा असर पड़ता है। यह छात्रों के लिए बजट और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव को इंटरैक्टिव तरीके से समझने का एक शानदार अवसर था। इसमें कानून, कला, मानविकी के संकाय सदस्यों और छात्र कल्याण के डीन ने भाग लिया। अर्नी विश्वविद्यालय में इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों को आर्थिक और वित्तीय ज्ञान प्रदान करने के लिए किया जाता है, ताकि वे देश के विकास में अपना योगदान दे सकें।

### दो युवकों व एक महिला से 389 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, डरोह।** भवारना पुलिस ने शुक्रवार देर रात्रि गश्त के दौरान सुलह विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गांव अरला में रेलवे फाटक के पास दो युवकों व एक महिला से 389 ग्राम चरस बरामद की है। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों की पहचान राहुल (27) निवासी गांव व डाकघर मूमता तहसील नगरोटा बगवां, अभिषेक (22) निवासी गांव बधाला डाकघर तरेला तहसील जयसिंहपुर तथा रजनी बाला (43) निवासी गांव बधाला डाकघर तरेला तहसील जयसिंहपुर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने कहा कि तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर शनिवार को न्यायालय में पेश किया गया है और पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### आर्य कॉलेज में दी बागवानी की जानकारी

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** उद्यमशीलता की सोच को बढ़ावा देते हुए मशरूम और फलों की खेती के माध्यम से स्थायी आजीविका स्थापित करने के लिए ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के साथ व्यक्तियों को सशक्त बनाने के लिए राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज नूरपुर के कौशल विकास और इनक्यूबेशन सेंटर, इको-क्लब और करियर मार्गदर्शन और प्लेसमेंट सेल ने संयुक्त रूप से जिला प्रशासन और बागवानी विभाग के सहयोग से 8 फरवरी को महाविद्यालय परिसर में 'मशरूम और फलों की खेती पर स्वरोजगार और उद्यमिता प्रशिक्षण' का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महाविद्यालय के 100 छात्र शामिल हुए। बागवानी विभाग के विषय विशेषज्ञों ने 'कृषि और बागवानी प्रथाओं के माध्यम से कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता' पर व्याख्यान दिया।

# ग्रीनलैंड स्कूल सूरजपुर मोहतली में शिक्षकों-छात्रों ने सीखा योग



**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहतली में चेयरमैन रणवीर सिंह, सेक्रेटरी कंवलजीत सिंह और प्रधानाचार्या अनमीत कौर की अध्यक्षता में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। इसका संचालन लखबिंदर सिंह राज्य प्रमुख पंतजलि, सरदारी लाल गुप्ता तहसील प्रमुख पतंजलि और जोगिंदर शर्मा तहसील प्रमुख पतंजलि द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रांगण में सभी छात्रों और अध्यापकों ने इस शिवर में हिस्सा लिया और विभिन्न प्रकार के योग सीखे। लखविंदर सिंह ने बड़े ही प्रभावशाली तरीके से योग करने के तरीके और उनके फायदे बताए । कद बढ़ाने, पाचन शक्ति ठीक करने, स्मरण शक्ति ठीक करने, नजर ठीक करने आदि के योग आसन छात्रों को सिखार गए। उन्होंने जीवन में सत्कर्मा को बढ़ाने के लिए ओम, शांति पाठ, गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र की व्याख्या अर्थों सहित की।

उन्होंने छात्रों को अध्यापकों की भी रोज़ योग करने और दूसरों को भी योग सिखाने के लिए प्रेरित किया। शिविर के अंतिम दिन स्कूल की प्रबंधक कमेटी की तरफ से आए हए योग आचार्या स्मृति चिह्न भेंट करके उनको सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

# अरनी स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में एआई-एमएल पर बांटा ज्ञान

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

अरनी विश्वविद्यालय के अरनी स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी में गत 6 फरवरी को शैक्षिक और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने वाली दो महत्वपूर्ण कार्यशालाएं आयोजित की गईं। दिन की पहली अवधि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) पर कार्यशाला आयोजित की गई, जबकि दूसरी आधी अवधि में शोधकर्ता की यात्रा साहित्य से प्रस्ताव तक विषय पर शोध पद्धति पर कार्यशाला संपन्न हुई। एआई और एमएल कार्यशाला का संचालन डॉ. राज कुमार, प्रशासनिक अधिकारी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, पंजाब द्वारा किया गया। उन्होंने एआई और एमएल के नवीनतम विकास और उनके वास्तविक जीवन में उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी।

# कूड़ा उठाने वाले ने पैसों से भरा पर्स लौटाकर दिखाई ईमानदारी

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

कूड़ा-कर्कट इकट्ठा करके अपनी दो वक्त की रोजी-रोटी कमाने वाले शिव कुमार निवासी फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश को इंदौरा में एक पर्स मिला। जब उसने खोलकर देखा तो यह पर्स नोटों से भरा हुआ था तथा इसमें कई जरूरी कागजात तथा एटीएम कार्ड भी थे, परंतु शिव कुमार का ईमान नहीं बदला। वह तुरंत इस पर्स को लेकर समाजसेवी एवं भाजपा युवा नेता विजय बोकोलिया के पास पहुंचा, जिस पर उन्होंने तुरंत उसको फोन कर जिसका नाम बिशु कटोच को फोन करके मोहतली रैंप पर बुलाया तथा उसका यह पर्स बीशू कटोच के हवाले कर दिया। इसमें 12 हज़ार रुपए तथा और भी कई जरूरी कागजात थे। इस मौके पर विशु की कटोच ने शिव कुमार को इनाम के तौर पर कुछ रकम देने की कोशिश की, परंतु शिव कुमार ने पैसे लेने से मना कर दिया।

### अटियालादाई स्कूल में सजी विज्ञान प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत शनिवार को अटियालादाई स्कूल में विज्ञान के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य सरदीप चंद कटोच द्वारा किया गया। स्थानीय स्कूल के आरएए के प्रभारी प्रवक्ता गणित विवेक सूद ने बताया कि यह मॉडल नवमी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा गणित और विज्ञान विषयों से संबंधित थे। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान और गणित के ब्राह्मण प्रति रुचि पैदा करना था। दिसंबर में इन्हीं बच्चों का जिया विज्ञान केंद्र पालमपुर का एजुकेशनल भ्रमण भी करवाया जा चुका है।

## शिविर

### महिलाओं को दिया बांस से बनने वाले उत्पादों को बनाने का प्रशिक्षण

# एटीसी शाहपुर नवाचार को दे रहा बढ़ावा: पठानिया

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**



उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र (एटीसी) शाहपुर में महिलाओं के लिए बांस से बनने वाले विभिन्न उत्पादों को बनाने संबंधी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में रैत विकास खंड की 19 महिलाओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार के कार्यकाल में उपयुक्त प्रौद्योगिकी केंद्र शाहपुर नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में अपने कदम बढ़ा रहा है। इस तरह के प्रशिक्षण शिविरों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण परिवेश के लोगों को विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे अपने परिवार का पालन पोषण अच्छे से कर सकें। टीसी की प्रभारी एवं वैज्ञानिक अधिकारी सुनंदा पठानिया ने उपमुख्य सचेतक का स्वागत किया एवं एटीसी में संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एटीसी में ग्रामीण परिवेश के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण दिए जा रहे हैं । वैज्ञानिक अधिकारी ने बताया कि इससे पूर्व भी यहां पर महिलाओं एवं महिलाओं के लिए वेस्ट वाटर ट्रीटमेंट ,वाटर लैंप, भूकंपरोधी मकान,चीड़ की पत्तियों तथा पत्तल एवं डूने इत्यादि बनाने से संबंधित विभिन्न तरह के प्रशिक्षण दिए जा चुके हैं । इसके उपरांत उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने प्रशिक्षु महिलाओं को प्रमाण पत्र भेंट किए।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**बेदखली सूचना**

**मैं, मदन लाल ( 56 वर्ष )** पुत्र स्व. श्री जोग राज निवासी वार्ड नं.6, गांव व डाकघर क्वाड़ी, तहसील नगरोट बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) घोषणा करता हूं कि मेरा लड़का आशु कुमार मेरे कहने-सुनने से बाहर है। अत: मैं अपने लड़के आशु कुमार को अपनी तमाम चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### भारतीय पैरालंपिक दल का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** भारतीय पैरालंपिक दल के साथ बतौर टीम मैनेजर सेवा देकर स्वदेश लौटे कमेटी के सह सचिव ललित ठाकुर, बलवंत झौहटा व जीतेश्वर दत्ता का जुब्बल पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने स्वागत किया। पैरालंपिक खेलों का आयोजन 31 जनवरी से लेकर 5 फरवरी तक संयुक्त अरब अमीरात के शहर शारजहां में किया गया, जिसमें भारत का शानदार प्रदर्शन रहा है। भारतीय पैरालंपिक दल ने चार गोल्ड मेडल, सात सिल्वर मेडल, व 6 ब्रान्ज मेडल जीतकर दूसरा स्थान हासिल किया है। इसी उपलक्ष पर जुब्बल के लोगों द्वारा ललित ठाकुर, बलवंत झौहटा व जीतेश्वर दत्ता का स्वागत किया।

### गरीबों तक पहुंचे सरकार की हर योजना : कौशल

**अनंत ज्ञान, जुब्बल।** कृषि, बागवानी व उद्योग कमेटी जिला शिमला के अध्यक्ष एवं जिला परिषद सदस्य कौशल मूंगटा ने जिला शिमला के विभिन्न विभागों की बैठक ली, जिसमें साल भर की सरकारी योजनाओं का पूरा ब्यौरा लिया गया। कौशल मूंगटा ने कहा कि जो अधिकारी जिले के अंदर लोगों के काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे है और दूर दराज के क्षेत्रों तक योजनाएं नहीं पहुंचा रहे है उनके बारे में स्वयं मुख्यमंत्री से कार्यवाही के लिए कहेंगे। साथ ही विभिन्न योजनाओं में महत्वपूर्ण बदलाव को लेकर भी सरकार से बातचीत के लिए सुझाव प्रस्ताव पारित किए गए। मूंगटा ने कहा कि बागवानी विभाग में पौधों का वितरण सही से हो उस संबंधी भी आदेश किए गए है। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सुरेन्द्र रेटका,जिला पंचायत अधिकारी सतीश जमवाल,जिला परिषद सदस्य विशाल शांगटा व विभिन्न विभागों के उपनिदेशक मौजूद रहे।

### पुलिस ने दो आरोपियों से चरस व हेरोइन की बरामद

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** पुलिस थाना रोहड़ू के अंतर्गत नेपाली मूल का व्यक्ति भीम बहादुर से 118 ग्राम चरस बरामद की गई है। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस थाना चिड़गांव के अंतर्गत पुलिस चौकी जांगला की टीम ने वाहनों की चेकिंग के लिए नाक लगाया हुआ था। वहां एक व्यक्ति नीले रंग की मोटरसाइकिल नंबर एचपी 10 बी 9434 पर बडियारा की तरफ से आ रहा था। पुलिस को देखकर उसने मोटरसाइकिल को साइड से हटा लिया और चिड़गांव की तरफ ले जाने लगा। पुलिस टीम ने उसको लगभग 20 से 25 मीटर आगे रोक लिया। पूछने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम व पता भूपिंद्र (22) उर्फ मिक्की निवासी वीपीओ कलोटी तहसील चिड़गांव जिला शिमला बताया। पुलिस ने उससे 3.06 ग्राम हेरोइन बरामद की। एसडीपीओ रोहड़ू प्रणव चौहान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया है कि मामला दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है।

### केंद्र के जनकल्याणकारी कार्यों पर जीत की मुहर



**अनंत ज्ञान, शिमला।** दिल्ली प्रांत में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर बोलते हुए डॉ. राजीव बिंदल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के जनकल्याणकारी कार्यों पर जीत की मोहर है। डॉ. बिंदल ने कहा कि दिल्ली प्रदेश की जनता ने मोदी जी के कार्यों को सराहा, मोदी जी के गरीब कल्याण, युवा उत्थान, महिला कल्याण व राष्ट्रहित के मुद्दो पर पुष्प चढ़ाए और केजरीवाल मॉडल को भारी शिकस्त दी। भारतीय जनता पार्टी दिल्ली की जनता का आभार व्यक्त करती है और दिल्ली भाजपा के कार्यकर्ताओं को बधाई देती है।

# शिमला के खनेरी अस्पताल में डेढ़ करोड़ का प्लांट खराब

## ऑक्सीजन को लेकर भटक रहे 4 जिलों के मरीज

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शिमला जिले में स्थित रामपुर के खनेरी अस्पताल में स्थापित डेढ़ करोड़ रुपए का ऑक्सीजन प्लांट पिछले 6 महीनों से बंद पड़ा है। यह अस्पताल शिमला, किन्नौर, कुल्लू और मंडी जिलों के हजारों मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है, जहां रोजाना एक हजार से अधिक मरीजों की ओपीडी होती है।

### कोरोना काल में सरकार ने प्लांट किया था स्थापित

**कोरोना** काल में ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने यहां यह प्लांट स्थापित किया था, लेकिन अब प्लांट का मेजर कंप्रेशर खराब हो जाने के कारण यह पूरी तरह से बंद पड़ा है। अस्पताल प्रशासन को मजबूरन निजी प्लांट से ऑक्सीजन खरीदनी पड़ रही है। जिससे अस्पताल पर दोहरी आर्थिक मार पड़ रही है।

### मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार : डॉ. अजय

**खनेरी** अस्पताल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. अजय कुमार नेगी के अनुसार प्लांट की मरम्मत के लिए एस्टीमेट तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को भेजा गया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग और सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह स्थिति चार जिलों के मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, क्योंकि अस्पताल को निजी स्रोतों से ऑक्सीजन की व्यवस्था करनी पड़ रही है।

### मरीजों को सस्ता इलाज देगी लिनेक एक्सीलीरेटर मशीन

**अनंत ज्ञान, शिमला।** फेफड़े, स्तन और प्रोस्टेट कैंसर की बीमारियों का आधुनिक तकनीक से इलाज करवाने के लिए अब मरीजों को पीजीआई के चक्कर नहीं काटने होंगे। आईजीएमसी के कैंसर अस्पताल में ही इन मरीजों का उपचार सस्ती दरों पर किया जाएगा। शिमला के अलावा पूरे प्रदेश भर से इलाज करवाने आए मरीजों का इसका लाभ मिलेगा।

आईजीएमसी के कैंसर अस्पताल में आधुनिक लिनेक एक्सीलीरेटर मशीन लगेगी। अब तक मरीजों को निजी अस्पतालों में बीमारी का इलाज करवाना पड़ता था। इसमें मरीजों का दो से लेकर चार लाख रुपये का खर्च आता है। कई बार तो इसका खर्चा और अधिक बढ़ जाता था। ऐसे में अब 24 करोड़ रुपये की लागत से इस मशीन को अमेरिका से मंगवाया गया है।

कैंसर अस्पताल में मशीन के पहुंचने के बाद इंस्टॉल करने का काम शुरू कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि तीन माह में इसे इंस्टॉल कर दिया जाएगा। सस्ती दरों पर मशीन पर विभिन्न बीमारियों की जांच होने से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगा।

# भाजपा ने मनाया दिल्ली विधानसभा जीत पर जश्न



दिल्ली में भाजपा की जीत पर जश्न मनाते हुए जयराम ठाकुर, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा ने सीटीओ पर दिल्ली विधानसभा जीत का जश्न मनाया, जिसमें मुख्य रूप से नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि केजरीवाल चुनाव हार गए है और उनके बड़े बड़े नेता मनीष सिसोदिया भी चुनाव हार गए है।

जयराम ने कहा की अलका लाबा पर तो दया आ रही है, सच कह रहा हूं अलका ने कहा था कि कांग्रेस को सरकार हिमाचल में बनेगी तो 1500 आपके खाते में आएंगे। कोई दिल्ली जाकर के उनके खाते में 1500 डाल करके आए। उन्होंने कहा की जीत का जश्न तो स्वाभाविक रूप से हमारे लिए है ही, लेकिन इस जीत से भी बड़ा जश्न मनाने की यह दो तीन जो घटनाएं हुई है आम आदमी पार्टी के नेतृत्व ही समाप्त हो गया और अल्का लांबा जी की जमानत जपत हो गई ।

कार्यक्रम में संजय सूद, सुरेश भारद्वाज, संजीव कटवाल, गणेश दत्त, कमलजीत सूद, शशि बाला, कर्ण नंदा, मोहिंदर धर्माणी, केशव चौहान, प्यार सिंह, संजीव चौहान पिंकू, राजीव पंडित, बिलाल अहमद, हनीश चोपड़ा उपस्थित रहे।

# माघ के अंतिम दिन तत्तापानी में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

महर्षि जमदग्नि की तपोस्थली तथा प्राकृतिक सल्फर युक्त गर्म पानी के लिए प्रसिद्ध तत्तापानी में माघ महीने के अंतिम शनिवार को श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और तुलादान करवाकर पुण्य कमाया। पौराणिक कथाओं के अनुसार माघ महीने में पवित्र स्नान और तुलादान करवाने का विशेष महत्व माना जाता है और इसी महीने के अंतिम शनिवार यह स्नान और भी विशेष हो जाता है।

मान्यता अनुसार शनिवार को तुला दान का भी विशेष महत्व माना जाता है। बहरहाल शनिवार को प्रातः से ही श्रद्धालुओं ने स्नान इत्यादि करना आरंभ कर दिया और श्रद्धालुओं ने मेला स्थल पर तुलादान करवा पुण्य कमाया। सुबह से ही तत्तापानी में गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रही और स्नानागार के समीप श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा । पवित्र स्थल होने के साथ तत्तापानी को हरिद्वार का दर्जा भी प्राप्त है। इसी आस्था को लेकर शनिवार को लगभग सारा दिन तत्तापानी में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

माघ महीने के अंतिम शनिवार के साथ पवित्र स्नान अंतिम पड़ाव में है हालांकि प्रशासन द्वारा मेले को 10 फरवरी तक ही चलाए जाने का फरमान आरंभ में हो चुका था, लेकिन तत्तापानी का मेला फरवरी माह की अंतिम तारीख तक सजा रहेगा। (अनंत ज्ञान)

# मोदी की नीतियों पर जनता की मुहर : चेतन

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

कोटखाई में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली जीत का जश्न मनाया। प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता कोटखाई चौक पर एकत्रित हुए। जहां आतिशबाजी और जय श्रीराम नारों का उद्घोष करते हुए जश्न मनाया गया।

बरागटा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए दिल्ली की देवतुल्य जनता का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में केंद्र सरकार की नीतियों पर यह जनता की मुहर हैं।

इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।( अनंत ज्ञान)



**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** भाजपा मंडल छौहारा (चिड़गांव) की अध्यक्ष आशा रिठवान के साथ मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने चिड़गांव बाजार में पटाखे फोडकर व मिठाई बांटकर जश्न मनाया। वंही भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को इस प्रचंड जीत की शुभकामनाएं दी है। आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशियों को हराकर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने बुरी तरह से धूल चटा दी है जिसके लिए वे बधाई के पात्र है।



### आग की चपेट में आई महिला, मौत

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल प्रदेश के रामपुर उपमंडल की सरपारा पंचायत के सुगा गांव में एक दर्दनाक हादसा पेश आया, जहां जंगल में फैली आग की चपेट में आने से 75 वर्षीय महिला की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब बुजुर्ग महिला पशुओं के लिए रखी गई घास की टोली को बचाने के प्रयास में लगी हुई थी। दुर्भाग्यवश, आग इतनी तेजी से फैली कि महिला उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी दर्दनाक मृत्यु हो गई।

लोगों के अनुसार जंगल में आग लग गई, जो तेजी से फैल गई। इसी दौरान गांव की 75 वर्षीय महिला तिलामणी, पत्नी ईश्वर दास, जंगल में आग की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई ।

### छटोल जटा और आसपास कल पावर कट

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** विद्युत उपमंडल नं.1 के अंतर्गत आने वाले अनुभाग घागस में 11केवी बैरी घागस फीडर पर लाइनों की मरम्मत व आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाना है। इसके कारण छटोल जटा, सुंगल, सिहडा, नोग बैरी, कुड्डी भराथू जंगल सुंगल व आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम से 4बजे तक बाधित रहेगी। जानकारी देते हुए सहायक अभियंता ई. दिनेश कौंडल ने बताया कि मौसम व परिस्थितियों के अनुसार कार्य में बदलाव किया जा सकता है।

अनंत ज्ञान बिजली बंद

### कथ्यून में खैर के 4 पेड़ों पर चली कुल्हाड़ी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल के अंतर्गत आने वाले पुलिस थाना तलाई के तहत आने वाले कथ्यून जंगल से वन कादुओं ने खैर के 4 पेड़ काटे तथा करीब 10 मोच्छे ले उड़े, जिनकी वन विभाग तलाश कर रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने जंगल से करीब 35 खैर के मोच्छे बरामद किए। मिली जानकारी के अनुसार वन खंड गोचर के अंतर्गत कथ्यून जंगल से से वन काटू 4 खैर तथा मूल के करीब 10 मोच्छे ले गए। उधर, वन खंड अधिकारी ज्ञान सिंह ने कहा कि खैर के 4 पेड़ों को अज्ञात लोगों द्वारा काटा गया है। वे 10 मोच्छे ले गए हैं। टीम ने 35 मोच्छे कथ्यून जंगल से बरामद कर लिए हैं।

### झंडूता में कल लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सर्व हितकारी मंच झंडूता व व्यापार मंडल झंडूता द्वारा 10 फरवरी को 10 बजे से 3 बजे तक निशुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप लायुल ट्राइबल वेलफेयर संगठन, सांसद मोबाइल अस्पताल, जिला चिकित्सा अधिकारी बिलासपुर के माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। यह कैंप देवभूमि फार्मा बस स्टैंड झंडूता में लगाना सुनिश्चित हुआ है। इस कैंप में हेपेटाइटिस बी, वीसी, मधुमेह, यौन रोग, एचआईवी /एड्स व अन्य रोगों की जांच एवं निशुल्क दवाई वितरण किया जाएगा।

### 'एविडेंस इन ब्रेस्ट कैंसर' का किया विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** एम्स बिलासपुर में एक विशेष कार्यक्रम में 'एविडेंस इन ब्रेस्ट कैंसर' नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। यह पुस्तक डॉ. चित्रेश कुमार शर्मा, जो एम्स बिलासपुर में सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के प्रमुख हैं, द्वारा संपादित की गई है। पुस्तक का विमोचन एम्स बिलासपुर के कार्यकारी निदेशक ने किया, जिसमें चिकित्सा क्षेत्र के कई प्रमुख विशेषज्ञ और कैंसर विशेषज्ञ भी उपस्थित थे। यह ब्रेस्ट कैंसर के निदान, उपचार और प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं को कवर करने वाली एक व्यापक गाइड है। यह पुस्तक शोध आधारित दृष्टिकोणों को प्रस्तुत करती है, जिसमें नवीनतम अनुसंधान, तालिकाएं और एल्गोरिदम के माध्यम से जानकारी दी गई है।

### दो दिवसीय कहलूर वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** चेतना संस्था के तत्वावधान में सदर विधानसभा क्षेत्र की दो दिवसीय कहलूर वॉलीबाल प्रतियोगिता शनिवार से शुरू हो गई। बरमाणा में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का शुभारंभ सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने किया। प्रतियोगिता में सदर विधानसभा क्षेत्र की कुल 22 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में जबली वॉरियर, नैहर, कैंचीमोड़ बरमाणा, पंजगाईं, जमथल-बी और लघट सीनियर क्लब ने जीत हासिल करके अपना विजय अभियान शुरू किया। प्रतियोगिता के खिताब के लिए फाइनल मुकाबला 16 फरवरी को कंदरौर में होगा, जिसमें जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों की विजेता टीमें भाग लेंगी। समारोह में त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। इन प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कहलूर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एक सकारात्मक पहल है। इसके लिए अपने सामाजिक दायित्व बखूबी निभा रही चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा और उनकी टीम बधाई के पात्र हैं।

### भारतीय किसान संघ खंड झंडूता ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** भारतीय किसान संघ विकास खंड झंडूता की मासिक बैठक खंड अध्यक्ष दिलबाग जमवाल की अध्यक्षता में श्री बडोलदेवी जी के प्रांगण में संपन्न हुई। बैठक में भारतीय किसान संघ के कार्यविस्तार समावेशी भौगोलिक सर्वव्यापी व सर्वस्पर्शी प्रत्येक ग्राम पंचायत तक ग्राम समिति का गठन और अधिक से अधिक गांव तक जाने की योजना, विकास खंड के प्रत्येक दायित्ववान कार्यकर्ता के जिम्मे विस्तार हेतु ग्राम समिति कम से कम 2 पंचायत -1 कार्यकर्ता, प्रत्येक जिले का एक विकासखंड पूर्ण विकासखंड बने, प्रथम सप्ताह ग्राम समिति बैठक, द्वितीय सप्ताह विकासखंड समिति बैठक, तृतीय सप्ताह जिला समिति बैठक, कार्यकर्ता की गुणवत्ता हेतु वर्ष में एक बार कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग क्षेत्रीय स्तर पर,प्रांत स्तर पर और जिला स्तर पर व विकासखंड स्तर पर चर्चा की गई।

# सीएम ने नयना देवी को दीं करोड़ों की सौगातें

## 127.09 करोड़ की 13 विकास परियोजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शनिवार को जिला बिलासपुर के एक दिवसीय दौरे के दौरान नयना देवी जी विधानसभा क्षेत्र के लिए 127.09 करोड़ रुपए की लागत की 13 विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। मुख्यमंत्री ने 2.54 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह नमहोल के अतिरिक्त भवन, 3.69 करोड़ रुपए की लागत से डोलरा से बाग मेहला संपर्क मार्ग के शेष कार्य की मैटलिंग और टारिंग, 2.85 करोड़ रुपये से निर्मित गोहरी से सयार सम्पर्क मार्ग, 4.92 करोड़ रुपए से बने गलवा से चलैला सम्पर्क मार्ग, 5.25 करोड़ रुपए की लागत से दियोठ लग घाट जामली सड़क का स्तरोन्नयन, जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम पंचायत नकराना और आसपास के गांव के तहत आंशिक रूप से कवर की गई बस्तियों के लिए 3.01 करोड़ रुपए से तैयार उठाऊ पेयजल परियोजना, स्वारघाट के लिए 49 लाख रुपए की लागत से निर्मित पशु चिकित्सालय तथा 3 करोड़ रुपए की लागत से श्री नयना देवी जी बस अड्डे में निर्मित आगमन हॉल का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय जुखाला में 8.96 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाले बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम, 79.25 करोड़ से नवगांव बैरी सड़क के सुधारीकरण एवं स्तरोन्नयन कार्य, 3.10 करोड़ से श्री नयना देवी सीवरेज परियोजना के स्तरोन्नयन, 5.43 करोड़ की लागत से तहसील सदर के मलोथी समोग में उठाऊ सिंचाई परियोजना के पूनर्निर्माण तथा 4.60 करोड़ रुपए से श्री नयना देवी जी तहसील के माजरी में बहाव सिंचाई परियोजना के सुधारीकरण कार्यों का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपने एक दिवसीय बिलासपुर दौरे के दौरान शनिवार श्री नयना देवी जी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने मां नयना देवी से प्रदेश एवं प्रदेशवासियों के सुख एवं समृद्धि की कामना की।

> नयना देवी बस स्टैंड में 3 करोड़ रुपए से निर्मित आगमन हॉल का लोकार्पण किया

# भाजपा के समय शुरू किए कार्यों का शिलान्यास कर गए सीएम : रणधीर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



> बोले, स्थानीय विधायक होने के बावजूद मुझे नहीं दिया निमंत्रण

नयना देवी के विधायक एवं प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के दौरे को निराशाजनक करार दिया है। उन्होंने कहा कि दो वर्ष से भी अधिक समय के बाद मुख्यमंत्री के नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के पहले सरकारी कार्यक्रम से क्षेत्रवासियों ने बड़ी उम्मीदें लगा रखी थीं, लेकिन वह भाजपा कार्यकाल में शुरू किए गए विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करके चले गए। नयनादेवी का विधायक होने के नाते वह क्षेत्र की समस्याओं और जनता की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखना चाहते थे, लेकिन सरकारी कार्यक्रम होने के बावजूद उन्हें निमंत्रण तक नहीं दिया गया। रणधीर शर्मा ने कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री ने नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र में कुछ सड़कों तथा पेयजल और सिंचाई योजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास किए। इन सभी के लिए पैसा या तो भाजपा सरकार के समय मंजूर हो चुका था, या फिर उन्हें केंद्र सरकार के सहयोग से करवाया गया। गलुआ-चलैला, बाग मैहला, गोड़ी-सायर सड़कों को नाबार्ड से पैसा भाजपा सरकार के समय दिया गया था। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दयोथ-लागघाट-जामली सड़क के लिए भी भाजपा के समय बजट का प्रावधान कर दिया गया था। मुख्यमंत्री ने इनका उद्घाटन करके केवल अपने नाम की पट्टिकाएं लगाने का काम किया है। उन्होंने नवगांव-बैरी सड़क का शिलान्यास भी किया। इसके लिए 79.25 करोड़ रुपए भी सेंट्रल रोड फंड से मंजूर हुए हैं।

# बीपीएल परिवार को झंडूता प्रेस क्लब ने बनाकर दिया शौचालय



**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता प्रेस क्लब के प्रधान बाबू राम भारद्वाज ने बताया कि ग्राम पंचायत बलोह में बीपीएल परिवार से संबंध रखने वाली लीला देवी पत्नी स्व. धर्मु राम के घर व परिवार की स्थिति काफी दयनीय थी। परिवार को अटल योजना के तहत मकान बनाने की सहायता के लिए धन राशि दी गई थी। मकान अभी तक पूर्ण रूप से बनकर तैयार नहीं है, क्योंकि उस समय धन राशि भी बहुत कम होती थी। शौचालय जाने के लिए वे बाहर खुले में ही जाते थे।

चेतना संस्था द्वारा बरठीं में आयोजित कहलूर वालीबॉल चैंपियनशिप शुभारंभ अवसर पर प्रेस क्लब झंडुता के पत्रकारों ने इस परिवार की स्थिति के बारे में चेतना संस्था के सचिव हरीशचंद्र नड्डा को अवगत करवाया था और उन्होंने इस परिवार को शौचालय बनवा कर देने का आश्वासन दिया था। चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा ने संस्था की तरफ से प्रेस क्लब को पंद्रह हजार की राशि जारी की थी। प्रेस क्लब के प्रधान बाबूराम भारद्वाज सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब की तरफ से उक्त परिवार को दस दिन के भीतर शौचालय बनाकर दे दिया। वहीं, लीला देवी ने उन्हें शौचालय की सुविधा देने के लिए चेतना संस्था के सचिव हरीशचंद्र नड्डा व प्रेस क्लब का धन्यवाद किया है।

**जश्न** दिल्लीवासियों ने 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र पर लगाई मुहर : जम्वाल

# भाजपा की जीत पर नड्डा के गृह जिले में जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत से बिलासपुर में भी जश्न का माहौल है। इस जीत से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के गृह जिले बिलासपुर में पार्टी कार्यकर्ता खुशी से फूले नहीं समा रहे हैं। शनिवार को बरमाणा में सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल और चेतना संस्था के सचिव हरीश नड्डा की मौजूदगी में ढोल-नगाड़ों से जीत का जश्न मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने लड्डुओं से एक-दूसरे का मुंह मीठा करवाया। उन्होंने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिया है।

त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया और सत्येंद्र जैन समेत कई बड़े नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ा है। दिल्ली की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से प्रभावित होकर केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों व योजनाओं तथा 'सबका साथ, सबका विकास' के मूलमंत्र पर काम करने वाली भाजपा पर अपने विश्वास की मुहर लगाई है।

जम्वाल ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा बिलासपुर जिला के रहने वाले हैं। ऐसे में दिल्ली की जीत उनके गृह जिला के लिए भी बेहद खास है।

### जेपी नड्डा के नेतृत्व में लगाातर जीत रही भाजपा

**जम्वाल** ने कहा कि जेपी नड्डा के नेतृत्व में भाजपा ने कई अन्य राज्यों के साथ ही हाल ही में हरियाणा और महाराष्ट्र में जीत हासिल की थी। जीत के इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब भाजपा ने दिल्ली भी जीत ली है।

### भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने घुमारवीं में बांटी मिठाई, पटाखे फोड़कर मनाई खुशी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत पर घुमारवीं में उत्साह है। दिल्ली में भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलते ही घुमारवीं भाजपा कार्यकर्ता पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में सड़क पर उमड़ पड़े। भाजपा कार्यकर्ताओं ने घुमारवीं के दकड़ी चौक पर एकत्रित होकर जीत का जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटी और पटाखे फोड़कर खुशी मनाई। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने दिल्ली चुनाव की जीत के लिए भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को बधाई दी। भाजपा समर्थकों ने इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि 27 सालों बाद दिल्ली की जनता ने भाजपा को जनादेश देकर एक नया इतिहास रचा है। इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का दूध से अभिषेक किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं का जोश और भी बढ़ गया। गर्ग ने कहा कि दिल्ली की जनता ने इस बार भाजपा के विकास कार्यों पर अपनी मुहर लगाई है।

## न्यूज ब्रीफ

### मनोज अत्री का नया गीत 'झूठे तेरे लारे' रिलीज



**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा में आज इरावती होटल में आयोजित एक समारोह में मनोज अत्री का नया गीत 'झूठे तेरे लारे' रिलीज किया गया। हिमाचल के संगीत सम्राट पीयूष राज जी ने इस मौके पर अपनी उपस्थिति से मनोज अत्री को सम्मानित किया। पीयूष राज जी ने कहा कि हम चंबयाली संस्कृति से ताल्लुक रखते हैं और यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने लोकगीतों और संस्कृति को बढ़ावा दें। मनोज अत्री के इस नए गीत को उनके मित्रों और प्रशंसकों का भरपूर समर्थन मिला। इस गीत में मनोज अत्री और अनु राणा ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं।

### जिले में सतलाई-गदरेड़ सड़क निर्माण की मांग तेज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में सतलाई से गदरेड़ तक जीप योग्य सड़क निर्माण की मांग तेज हो गई है। सराहन निवासी सुरेश कुमार ने उपायुक्त मुकेश रेपसवाल को ज्ञापन सौंपकर इस सड़क के निर्माण की मांग की है। उन्होंने बताया कि मिडल और प्राथमिक पाठशाला गदरेड़, माधुई, डाडर और मेहडी सड़क सुविधा से वंचित हैं, जिससे स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सुरेश कुमार ने कहा कि परिवहन और सड़कें शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में और साथ ही साथ कनेक्टिविटी की समस्या का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप करे और सतलाई से गदरेड़ तक जीप योग्य सड़क का निर्माण शुरू करे। इस सड़क के निर्माण से न केवल स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा होगी, बल्कि पूरे क्षेत्र के लोगों को भी एक महत्वपूर्ण सड़क सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सड़क क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी और लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। सुरेश कुमार ने कहा कि सरकार इस मामले में जल्द ही कार्रवाई करेगी और सतलाई-गदरेड़ सड़क निर्माण की मांग को पूरा करेगी।

### अध्यापिका ने ड्रीम इलेवन में जीते एक करोड़ रुपए

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विकासखंड चुराह की ग्राम पंचायत चांजु में एक अध्यापिका ने ड्रीम इलेवन में मात्र 39 रुपए लगाकर एक करोड़ की धनराशि जीतकर रातों-रात करोड़ पति बनकर पुरे क्षेत्र को हैरान कर दिया। बता दें कि पायल पत्नी देवी सिंह दोनों पति-पत्नी पेशे से अध्यापक है तथा साधारण से खेतीबाड़ी करने वाले परिवार से संबंध रखते हैं । पायल पेशे से अध्यापिका होते हुए भी क्रिकेट के प्रति अपनी विशेषरुचि के मध्यनजर ड्रीम इलेवन में अपने हुनर को आजमाते हुए बीती रात इंग्लैंड व भारत के मध्य हुए क्रिकेट मैच में अपने खेल के प्रति अनुभव का परिचय देते हुए अपनी टीम चयनित की और मात्र 39 रुपए लगाकर एक करोड़ रुपए धनराशि अपने नाम कर ली। जिससे सुबह जब हम लोगों को इस बात का पता चला तो लोगों का दोनों अध्यापक दंपति के घर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।

### प्रेस क्लब चंबा ने राकेश कंवर को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा प्रवास पर आए हिमाचल प्रदेश सूचना एवं जन प्रसारण सचिव राकेश कंवर के साथ विनोद कुमार अध्यक्ष प्रेस क्लब चंबा की अगुवाई में क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रेस क्लब चंबा से जुड़ी समस्याओं बारे प्रेस क्लब अध्यक्ष ने सचिव से विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए चर्चा की। चंबा के परिधि गृह में आयोजित इस मुलाकात कार्यक्रम के दौरान सचिव राकेश कंवर ने जिला चंबा से जुड़ी अपनी यादों को ताजा करते हुए बताया कि चंबा कॉलेज में बतौर छात्र उन्होंने शिक्षा ग्रहण की तो साथ ही अपने सेवाकाल के दौरान प्रशिक्षण कार्यकाल भी चंबा में बिताया। उन्होंने बताया कि जिला चंबा के जनजातीय उपमंडल पांगी में बतौर एसडीएम व एडीएम भरमौर के तौर पर भी उन्हें कार्य करने का मौका मिला है। राकेश कंवर ने कहा कि उनका विभाग सरकार व मीडिया के बीच महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभाता है। इस मौके पर प्रेस क्लब चंबा के अध्यक्ष विनोद कुमार ने सचिव को अवगत करवाया कि प्रेस क्लब चंबा के पास अपना भवन तक नहीं है। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सचिव ने मौके पर मौजूद सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह को निर्देश किया कि वह इस मामले को उपायुक्त के माध्यम से उनके पास भेजे ताकि प्रेस क्लब चंबा को जल्द उचित स्थान मुहैया करवाया जा सके।

### भाजपा की राष्ट्र हित विचारधारा की दिल्ली में जीत : निहाल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** भाजपा मंडी जिला के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा की अध्यक्षता में दिल्ली भाजपा की जीत पर कार्यक्रम किया। अधिक समय तक दिल्ली की जनता ने केजरीवाल के कुशासन को उखाड़ फैंका है। यह बात भाजपा जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत के बाद आयोजित जश्न के दौरान कही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के वोटरों ने भाजपा को मतदान कर केजरीवाल का कुशासन उखाड़ फैंका। निहाल चंद शर्मा ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों के बाद भाजपा की विधानसभा चुनावों में जीत हुई है उन्होंने कहा कि देश की राजधानी दिल्ली से पूर्व 11 वर्षों की केजरीवाल सरकार ने लूटने का काम किया है। पूर्व मंत्री एवं सदर विधायक अनिल शर्मा ने कहा कि दिल्ली की जनता ने इस बार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली चुनाव भाजपा ने जीता है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य ने इसे ऐतिहासिक जीत बताया है।



### सूडोकू नवताल- 7336

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकू नवताल -7335 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

अनंत ज्ञान

### आज का पंचांग

9 फरवरी, 2025, रविवार

**विक्रमी संवत:** 2081, **शक संवत:** 1946 (क्रोधी), **मास:** माघ, **तिथि** द्वादशी (07:28): **नक्षत्र** आर्द्रा (05:53), **पक्ष:** शुक्ल, **योग:** विष्कुम्भ (12:06) **शुभ मुहूर्त:** अभिजित (12:13-12:57), **राहुकाल** (04:43 -06:06)।

**विशेष दिन**

9 फरवरी 2025 : भीष्म द्वादशी आज।

10 फरवरी : श्री विश्वकर्मा जयंती कल।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** व्यवसाय में नई योजनाओं और साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं। नौकरीपेशा जातक बैठकों और प्रस्तुतियों में भाग लेंगे जो उन्हें प्रगति देगा।

**वृषभ:** विभिन्न स्तरों पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इस समय शांत और सकारात्मक रहना आपके लिए महत्वपूर्ण है।

**मिथुन:** नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन कुछ के लिए वांछित स्थानांतरण भी हो सकते हैं। दोस्तों का सहयोग मिलता रहेगा।

**कर्क:** आर्थिक रूप से यह समय अच्छा है। आज आपको कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। परिवार में शादी का कार्यक्रम बन सकता है।

**सिंह :** लेखन, साहित्य, कला, टीवी आदि से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा से पहचान बनाएंगे। व्यावसायिक यात्राएं लिए लाभदायक रहेंगी।

**कन्या :** व्यापारिक सन्दर्भ में रुके हुए कार्य पूर्णता की ओर गति बढ़ाएंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को जल्द ही सफलता मिलेगी।

**तुला:** आज आप अपने आत्मविश्वास के स्तर में वृद्धि देखेंगे। नई साझेदारी या नए उद्यम में प्रवेश करने के लिए अच्छा समय है।

**वृश्चिक:** वित्तीय लाभ संभव है। मार्केटिंग, मीडिया से जुड़े लोगों को यात्रा करनी पड़ सकती है। भूमि, वाहन आदि की बिक्री और खरीद के लिए सकारात्मक चरण है।

**धनु :** आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नवीन सौदे भी प्रगति करेंगे। आपको परिवार और दोस्तों का अच्छा सहयोग मिलेगा।

**मकर :** महत्वाकांक्षी उद्यम में प्रवेश कर सकते हैं। यह आर्थिक रूप से फायदेमंद साबित होगा। राजनीति कार्यों से जुड़े लोग खुद को दृढ़ता से स्थापित करेंगे।

**कुंभ :** निवेश करना चाहते हैं तो विशेषज्ञ मार्गदर्शन लेना उचित रहेगा। आप अपने दोस्तों की मदद से समस्याओं का हल पा सकते हैं।

**मीन :** व्यावसायिक संदर्भ में निर्यात या आयात से जुड़े हैं, तो विदेशी यात्रा संभव हो सकती है। छात्र मेहनत के आधार पर अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे।

---

विरासत-ए-चंबा शीर्षक के तहत कार्यक्रम आयोजित, मुख्यातिथि राकेश कंवर बोले-

# चंबा की संस्कृति पर्यटन विकास में निभा सकती है अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सचिव मुख्यमंत्री, भाषा एवं संस्कृति, सूचना एवं जनसंपर्क, ऊर्जा, शिक्षा राकेश कंवर ने कहा कि जिला चंबा की एक हजार वर्षों से संरक्षित समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति जिला के पर्यटन विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि जिला के उच्च हिमालय क्षेत्रों एवं निचले क्षेत्रों की भौगोलिक विविधता ग्रामीण, साहसिक पर्यटन से संबंधित सभी अवधारणाओं को परिपूर्ण करने का दम रखती हैं।

राकेश ने कहा कि प्रदेश के अन्य विकसित पर्यटन क्षेत्रों से सबक लेकर जिला में पर्यटन से संबंधित गतिविधियों को क्रियान्वित किया जाना चाहिए। आज वह भाषा एवं संस्कृति विभाग और चंबा जिला प्रशासन के सहयोग से आकांक्षी जिला का सफर के अंतर्गत शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति से संबंधित विषयों पर आयोजित विरासत-ए-चंबा शीर्षक के तहत बचत भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। राकेश ने जिला चंबा की समृद्ध लोक-कला एवं संस्कृति के पारंपरिक स्वरूप को संरक्षित रखने में स्थानीय लोगों के प्रयासों की सराहना भी की।



(ऊपर) संबोधित करते हुए राकेश कंवर व नीचे मौजूद अधिकारी व अन्य।

- **विद्यार्थियों की क्षमता विकास में गुणात्मक शिक्षा महत्वपूर्ण**
- **स्थानीय शिल्प-कलाओं तथा व्यंजनों को पर्यटन गतिविधियों में बनाएं हिस्सा**

जिला में होमस्टे योजना योजना को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए उन्होंने स्थानीय शिल्प-कलाओं तथा व्यंजनों को भी पर्यटन गतिविधियों का हिस्सा बनाने को कहा। राकेश कंवर ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत विभिन्न मानक बिंदुओं की समीक्षा करते जिला के लिंगानुपात पर हर्ष जाहिर किया। साथ में उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों की क्षमता विकास में गुणात्मक शिक्षा महत्वपूर्ण है।

जिला में शिक्षण संस्थानों के ढांचागत विकास को सुनिश्चित बनाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। इससे पहले अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने आकांक्षी जिला का सफर के अंतर्गत शिक्षा, पर्यटन एवं संस्कृति से संबंधित विषयों पर प्रस्तुतीकरण (पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन) के माध्यम से विस्तृत जानकारी रखी।

उन्होंने मुख्यातिथि को जिला चंबा की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पारंपरिक हस्तशिल्प कलाकृति 'चंबा रुमाल' तथा शाल एवं टोपी भेंट कर सम्मानित भी किया ।

इस दौरान सहायक आयुक्त पीपी सिंह, संयुक्त निदेशक पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय केशव राम, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञान चंद, उच्च शिक्षा भाग सिंह, महाप्रबंधक उद्योग चंद्र भूषण, जिला भाषा अधिकारी तुकेश शर्मा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

## पंजाब में वारदात को अंजाम देने के उपरांत फरार अपराधी डलहौजी में धरे

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पंजाब से एक अपराधी घटना को अंजाम देने के उपरांत चार दोस्त डलहौजी में अपने आप को छुपाए हुए थे किंतु पुलिस ने चारों अपराधियों में से तीन को धर-दबोचने में सफलता हासिल कर ली है। इस दौरान एक कुख्यात अपराधी फरार था, जिसकी तस्वीर स्थानीय पुलिस ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट तथा विभिन्न स्थानीय ग्रुप में शेयर कर दी थी।

वहीं पुलिस ने फरार मानसा के कुख्यात अपराधी अमृतपाल को डलहौजी के साथ लगते लाहड़ के जंगलों से ढूंढ निकाला गया और कार्रवाई करते हुए पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

बता दें कि डलहौजी पुलिस ने अन्य तीन को पहले ही पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया है।

बता दें कि यह सारी घटना पंजाब मानसा शहर से है जहां इन अपराधियों पर अंडर सेक्शन 109 308 ( 5)125,3(5) बीएनएस 25-54-59 आर्म एक्ट के तहत पुलिस थाना मानसा में मामला दर्ज है। यह चारों अपराधी वारदात को अंजाम देने के उपरांत पुलिस को चकमा देते हुए हिमाचल प्रदेश के डलहौजी में छुपे किंतु पुलिस ने इनके मोबाइल नंबर को ट्रेस करते हुए लोकेशन के आधार पर डलहौजी पुलिस से संपर्क साधा और स्थानीय पुलिस ने कार्यवाही करते हुए अपराधियों को धरदबोचा और पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## दिल्ली की जीत पर बांटी मिठाइयां

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



दिल्ली विधानसभा चुनावों के हाय नतीजों पर भाजपा ने शानदार वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की। इसी जीत की खुशी में विधानसभा क्षेत्र डलहौजी में विधायक डीएस ठाकुर ने अपने कार्यकर्ताओं समर्थकों के मिठाइयां बांटी तथा आतिशबाजियां भी चलाई। स्थानीय विधायक ने सर्वप्रथम छोटी कन्याओं का मुंह मीठा करवाया उनका मानना है कि मां भगवती के आशीर्वाद से ही भाजपा पूर्ण बहुमत से दिल्ली में चले आ रहे भ्रष्टाचार का अंत करने में कामयाब रही है।

## चंबा जिले में भर्ती परीक्षा परिणामों पर विवाद शुरू

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चंबा जिले के मंगला गांव के निवासी सूरज कुमार ने डीसी चंबा मुकेश रेपसवाल को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने आईपीएच विभाग द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षा के परिणामों को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है।

यह परीक्षा पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर और मल्टीटास्क वर्कर के पदों के लिए आयोजित की गई थी, जिसके परिणाम 5 फरवरी 2025 को घोषित किए गए थे।

सूरज कुमार ने बताया कि उन्होंने और 14 अन्य लोगों ने इस ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने कहा कि परिणाम उनके पक्ष में नहीं हैं, जिससे उनके करियर और नौकरी पर असर पड़ सकता है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और परिणामों की पुन: समीक्षा करें। यह मामला चंबा जिले के निवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, और उम्मीद है कि सरकार इस मामले में जल्द ही कार्रवाई करेगी।

सूरज कुमार ने कहा कि वे न्याय चाहते हैं और उन्हें उम्मीद है कि सरकार उनकी बात सुनेगी और उचित कार्रवाई करेगी।



डीसी चंबा को ज्ञापन सौंपन के दौरान जानकारी देते हुए पीड़ित।

## बच्चों को ऐतिहासिक स्थानों की जानकारी देना जरूरी

**आरके सहगल, चंबा**

जिला मुख्यालय चंबा में विरासत-ए-चंबा आयोजन के तहत हैरीटेज वाक का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों तथा स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आगाज मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश के सचिव व भाषा कला एवं संस्कृति, शिक्षा, सूचना एवं जनसंपर्क तथा ऊर्जा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने किया।

हैरीटेज वाक अखंड चंडी पैलेस से आरंभ होकर लक्ष्मी नारायण मंदिर, चंपावती मंदिर, उपायुक्त कार्यालय भवन,विश्राम गृह, चौगान,दिल्ली गेट, हरीराय मंदिर से होते हुए भूरि सिंह संग्रहालय के सभागार में संपन्न हुई। इस दौरान स्रोत व्यक्तियों विभिन्न स्थानों पर उपस्थित लोगों को धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व के स्थानों के बारे में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर उपस्थित स्कूली विद्यार्थियों तथा अन्य लोगों को संबोधित करते हुए राकेश कंवर ने शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह नियमित अंतराल में बच्चों को ऐतिहासिक महत्व के स्थानों पर ले जाकर उन्हें ऐतिहासिक धरोहरों की जानकारी प्रदान करें। (अनंत ज्ञान)



## पिकअप जीप से चरस बरामद, 3 युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला चंबा के प्रवेशद्वार तुनुहट्टी में पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक पिकअप जीप से 986 ग्राम चरस बरामद की है। जीप सवार 3 युवाओं को गिरफ्तार कर थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार तीसा से पठानकोट की ओर जा रही एक पिकअप जीप (एचपी 73ए-6721) को जांच के लिए रोका गया उसमें से चरस बरामद हुई। पुलिस ने 3 युवाओं को हिरासत में ले लिया। आरोपियों की पहचान अमर नाथ (33) निवासी चासक, प्रवीण कुमार (33) निवासी दुद्रा व मुनव्बर अली (22) निवासी कुथेड़ डाकघर खुशनगरी तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है। मामले की पुष्टि डीएसपी चुवाड़ी योगराज चंदेल ने की है।

## डीएवी में खेल विजेता सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

वार्षिक खेल प्रतियोगिता होने के उपलक्ष्य पर शनिवार को डीएवी का प्रांगण उत्साह से भरा हुआ था। सफलतापूर्वक यह कार्यक्रम स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्रों द्वारा एक प्रभावशाली मार्च पास्ट के साथ हुई। दीप प्रज्वलन के बाद एआरओ एचपी जोन सी कुलदीप सिंह गुलेरिया के प्रेरणादायक भाषण द्वारा हुआ।

वहीं पुरस्कार विजेताओं में कक्षा प्रथम लड़कियों में चिनार-अयाना प्रथम, अनिका द्वितीय, शांभवी तृतीय स्थान पर रही। लड़कों में नक्ष प्रथम, आकाश द्वितीय, इवान तृतीय स्थान पर रहे। मैपल लड़कियों में एरिका प्रथम, नव्या द्वितीय, अहाना तृतीया, लड़कों में उपमन्यु प्रथम, आयुष द्वितीय, सर्वज्ञ तृतीया स्थान पर रहे। गुलमोहर लड़कियों में नायरा और शिवन्या प्रथम, अनायशा द्वितीय, आकृति तृतीय स्थान पर रहे।

लड़कों में कनिष्क एवं आदित्य प्रथम, रियांश द्वितीय, सुयश तृतीय स्थान पर रहे। ऑलिव लड़कियों में शांभवी प्रथम, आर्य द्वितीय, प्रिजलिन एवं सनाया तृतीय स्थान पर रही। लड़कों में विहान प्रथम, दर्श द्वितीय, कियान एवं चिन्मय तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा द्वितीय लड़कियों में रावी वंशिका प्रथम, अर्चिशा द्वितीय, मान्य तृतीय स्थान पर रहे। लड़कों में कविश प्रथम, अयन द्वितीय, आरव तृतीय स्थान पर रहे। ब्यास लड़कियों में सताक्षी प्रथम, खुशबू द्वितीय, अंशिका तृतीय, लड़कों में हितांश प्रथम, रितेश द्वितीय, ठाकुर हर्षवर्धन तृतीय स्थान पर रहे।



सम्मानित विद्यार्थी सामूहिक चित्र में प्रधानाचार्य के साथ।

## यूजीसी मान्यता पूरा करने वालों को प्रमोशन कोटा दे सरकार : दीप

**अनंत ज्ञान, चंबा**

हिमाचल शिक्षा सचिव राकेश कंवर के चंबा दौरे पर हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ जिला चंबा के प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांगों के संदर्भ में एक मांग पत्र सौंपा।

जिला संघ के अध्यक्ष दीप सिंह खन्ना की अगुवाई में मिले प्रतिनिधि मंडल ने प्रमुख रूप से 8 मांगों को शामिल किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि मांग पत्र में प्रधानाचार्य कोटा संख्या को 80-20 के आधार पर तय किया जाए। उन्होंने बताया कि इस समय 18 हजार स्कूल प्रवक्ता और 850 मुख्यध्यापक हैं । उन्होंने बताया कि 1986 की नई शिक्षा नीति व 2003 में जारी शिक्षा सचिव के आदेशानुसार यह निर्धारित किया गया था की जैसे-जैसे प्रवक्ताओं की संख्या बढ़ेगी तो उनका पदोन्नति कोटा भी संख्या के आधार पर बढ़ेगा, परंतु आज तक प्रवक्ताओं का पदोन्नति कोटा संख्या के आधार पर न बढ़ाना समझ से परे है जो प्रवक्ता वर्ग से सरासर अन्याय है।

संघ ने बताया कि वर्तमान में बिना स्कूल प्रधानाचार्य के चले हुए है। कई प्रवक्ता 24 से 25 वर्ष तक नियमित सेवा के बाद बगैर पदोन्नति के सेवानिवृत्त हो रहे है। संघ ने मांग की अन्य राज्यों की तर्ज पर प्रवक्ता स्कूल न्यू को हटाकर प्रवक्ता किया जाए। मांग पत्र में यह भी मांग शामिल की गई है कि जो प्रवक्ता यूजीसी की मान्यता को पूरा करते हैं उन्हें 25 प्रतिशत प्रमोशन कोटा महाविद्यालय में दिया जाए।

## दिल्ली में भाजपा को मिली जीत पर सरकाघाट में जश्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

दिल्ली चुनाव में भाजपा को मिले बहुमत से सरकाघाट में भाजपा कार्यकर्ताओ ने जमकर जश्न मनाया शनिवार को सरकाघाट के सेंट्रल पार्क में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक दिलीप ठाकुर की अगुवाई में जमकर जश्न मनाया।

इस जीत के लिए भाजपा विधायक दिलीप ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी है उन्होंने कहा कि यह सच्चाई की जीत है और केंद्र सरकार द्वारा दी गारंटियों को पूरा करने की जीत है।

इस मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष पवन कुमार ध्यान सिंह कमलेश नेगी राजेन्द्र भुट्टो सुदेश कुमार नरेश ठाकुर विनय राणा विपिन राणा सहित के भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सीबीएसई से मान्यता मिलने पर एंग्लो स्कूल में जश्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



केंद्रीय स्कूल शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई से मान्यता मिलने पर मंडी के एंग्लो संस्कृत मॉडल स्कूल मंडी ने शनिवार को उत्सव का आयोजन किया।

मंडी के कांगणीधार स्थित संस्कृति सदन में आयोजित इस उत्सव का आगाज आल इंडिया प्रिंसिपल एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवदीप भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस मौके पर डॉ. नवदीप भारद्वाज ने सभी मेधावी व प्रतिभाशाली बच्चों को पुरस्कार वितरित किए।

शैक्षणिक उपलब्धियां में पुरस्कार हासिल करने वालों में उर्विशा, कशिश बग्गा, विनय,सोनिया, दीक्षित, दिव्यांश, कृतिका, प्राकृत, ईशानवी, हार्दिक रहे।

राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में भाग लेने वालों में देवेश क्रिकेट, नमन बास्केटबॉल, दिव्या, पायल, दिवांशी, बंदना, सूर्यांश को कराटे में बेहतरीन प्रदर्शन करने पर पुरस्कार दिए गए। स्कूल के चेयरमैन डॉ. बीएन शर्मा ने स्कूल के लंबे सफर का जिक्र करते हुए उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी।

**समस्या** घाटी में देसी गाय की नस्ल लुप्त होने की कगार पर

## जर्सी गाय की संख्या में हुई बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, बरोट**

छोटा भंगाल व चौहार घाटी में देसी गाय की नस्ल लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई हैं दोनों घाटियों में ज्यादा दूध मिलने के चलते जर्सी गाय की काफी बढ़ोतरी हो गई है। छोटाभंगाल घाटी तथा चौहार घाटी के अधिकतर बुद्धिजीवियों का मानना है कि देसी नस्ल का पशुपालन ही सबसे उत्तम है।

**देसी नस्ल का पशुपालन ही सबसे उत्तम**

बेशक जर्सी गाय की अपेक्षा देशी गाय की दूध देने की क्षमता कम है मगर जर्सी गाय का दूध, घी तथा मल मूत्र जन्म से मृत्यु तक व शुभ मुहूर्त के दौरान बिलकुल प्रयोग नहीं किया जाता है।

चौहार घाटी के समाजसेवक व पूर्व सूबेदार रामसरन चौहान का कहना है कि 20 - 25 वर्ष पूर्व पशुपालन विभाग ने समूचे प्रदेश में तीन-चार पंचायतों को मिलाकर एक वेटर्नरी डिस्पेंसरी में गाय के गर्भाधान के लिए कृत्रिम टीकाकरण के साथ देसी नस्ल के लिए बैल का भी प्रावधान किया था मगर कुछ वर्षों से विभाग ने उन बैलों को बंद ही कर दिया गया।

राम सरन चौहान ने दोनों घाटियों के पशुपालकों की ओर से पशुपालन विभाग से मांग की है कि देशी गाय व बैलों की नस्ल को बरकरार रखने के लिए इन दोनों घाटियों में ही नहीं बल्कि समूचे प्रदेश में ही स्थापित की गई वेटनरी डिस्पेंसरियां व अस्पतालों में गर्भाधान के लिए टीकाकरण के साथ एक बार फिर से एक-एक बैल देसी बैल को भी मुहैया करवाया जाए।

## करेरी पंचायत के ग्रामीणों ने पीठ पर लाद कर सड़क तक पहुंचाया ट्रांसफार्मर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चुराह उपमंडल की करेरी पंचायत के करीब बारह गांव आजादी के 75 वर्ष बीत जाने के बाद सड़क सुविधा से नहीं जुड़ पाए हैं। ग्रामीणों का आज भी रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं को पीठ पर लादकर घर पहुंचना पड़ रहा है।

आपातकाल में स्थिति ओर भी बदत्तर हो जाती है जब मरीजों को पालकी व पीठ पर डालकर मुख्य मार्ग तक पहुंचाना पड़ता है। कई मर्तबा समय पर चिकित्सीय सुविधा न मिलने पर मरीज बीच रास्ते में दम तोड़ जाते है।

इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए अभी तक आश्वासनों के कुछ भी हासिल नहीं हो पाया है। ग्रामीण मजीद खान, ओम प्रकाश, बिशन दास, हिम्मत सिंह, चमन सिंह व इरशाद मोहम्मद ने बताया कि करेरी पंचायत के बारह गांवों को सड़क सुविधा न होने से लोग गुरबत की जिंदगी जीने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि सड़क न होने से इलाका विकास की मुख्यधारा से भी काफी पीछे छूट गया है।

उन्होंने बताया कि पिछले दिनों करेरी गांव में बिजली का ट्रांसफार्मर खराब होने से अंधेरा पसर गया। मगर सड़क न होने से खराब ट्रांसफार्मर को बदलना चुनौती बनकर रह गया।

**मुझे** गर्व है कि मैं एक महिला हूं, जो इस धरती पर अपने कर्तव्यों को पूरा करने के लिए आई है। –सरोजिनी नायडू

## संपादकीय

# भाजपा का विस्तार

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे इस बार काफी चौंकाने वाले रहे। दिल्ली में 27 साल बाद आखिर कमल खिल गया है। निश्चित रूप से भाजपा ने इसके लिए काफी मेहनत की, जो नतीजों से साफ झलक भी रही है। आम आदमी पार्टी की हार के पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन अन्ना हजारे का मानना है कि शराब नीति और पैसे पर ध्यान केंद्रित करने के कारण पार्टी को हार का सामना करना पड़ा। पार्टी लोगों की निस्वार्थ सेवा करने की जरूरत को समझने में विफल रही और उसने गलत रास्ता अपना लिया। इसके अलावा, कुछ और कारण भी हो सकते हैं जैसे कि नेतृत्व की कमी। पार्टी के नेताओं में से कुछ की छवि खराब हो सकती है, जिससे मतदाताओं का विश्वास कम हो गया हो। चुनाव प्रचार की कमी भी कहीं न कहीं खली होगी। आम आदमी पार्टी का चुनाव प्रचार कमजोर हो सकता है, जिससे मतदाताओं तक उनके संदेश नहीं पहुंच पाए हों।

विपक्षी दलों ने मजबूत चुनाव प्रचार किया हो और मतदाताओं को आकर्षित किया हो, यह कारण भी अहम हो सकता है। यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि चुनाव के परिणाम कई कारणों पर निर्भर करते हैं। भाजपा की जीत के भी कई कारण हो सकते हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी ने विरोधी धड़ों को चित करने में काफी बड़ी भूमिका निभाई, ऐसा प्रतीत होता है। केंद्र सरकार की विकास योजनाओं के आगे इस दफा लोगों को आम आदमी पार्टी की योजनाएं रास न आई हों, यह भी एक कारण हो सकता है, साथ ही वह किसी लालच में नहीं आए हों। वैसे भी लोग अब विकास को ज्यादा तवज्जो दे रहे हैं। हालांकि, ऐसा भी नहीं है कि आम आदमी पार्टी ने काम या विकास कार्य करवाने में कोई कसर छोड़ी हो, लेकिन इस सबके बीच एक और कारण अहम है कि लोग बार–बार एक ही पार्टी को सत्ता पर काबिज होने का मौका नहीं देना चाहते थे। शायद इस दफा इस वजह से लोगों ने दिल्ली की सत्ता भाजपा को सौंपी। मोदी का आपदा वाला वार भी आम आदमी पार्टी की हार का पर्याय बनाया। पीएम मोदी ने नारा दिया था कि दिल्ली से इस बार आपदा जाएगी, बीजेपी आएगी। उनका यह नारा कई मायनों में जनता जनार्दन के दिलों में गहरे से घर कर गया और अंदर ही अंदर एक किस्म से भाजपा के समर्थन में लहर चल पड़ी। ब्रांड मोदी पर भरोसा जनता ने जताया है।

भाजपा अक्सर कहती रहती है कि डबल इंजन सरकार से तस्वीर बदल जाएगी। जब एक चीज बार–बार बोली जाती है तो कहीं न कहीं उस चीज को लोग पकड़ लेते हैं। एक समय ऐसा आ जाता है कि जब बार–बार कोई पार्टी पूरे दावे के साथ यह जोर देकर कह रही है तो हो सकता है इसमें भी कोई बात होगी। चुनाव प्रचार के दौरान कट्टर ईमानदार, कट्टर बेइमान–आलीशान बंगला, शराब घोटाला, भ्रष्टाचार वाला प्रहार आम आदमी पार्टी की हार का मुख्य हथियार बना और इससे भाजपा की जीत की राह आसान होती चली गई। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र को चुनावी घोषणा पत्र नहीं, बल्कि संकल्प पत्र के रूप में प्रस्तुत किया, जो अक्सर वह सभी चुनावों में करती है। भाजपा की यह रणनीति भी जनता को भा जाती है। संकल्प का मतलब है कि भाजपा अपने घोषणाओं यानी सभी वादों को पूरा करने की गारंटी ले रही है। इससे जनता में चुनाव लहर बन जाती है। भाजपा बहुत सूक्ष्म तरीके से हर पहलू को मद्देनजर रखकर चुनाव प्रबंधन करती है। बूथ स्तर पर प्लानिंग करती है और कार्यकर्ताओं से पीएम का संवाद भी होता है। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं का जोश और हाई हो जाता है। इस चुनाव के दौरान यमुना सफाई मुद्दा भी काफी छाया रहा, जिसको भाजपा ने चुनाव आयोग के सहारे भरपूर कैश किया।

बहरहाल, इस चुनाव के साथ ही भाजपा के हाथ में एक और बड़ी जीत हाथ लग गई है। भाजपा देशभर में अपनी जीत का परचम लहरा रही है। दिल्ली में मिली बंपर जीत के साथ ही उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश समेत 19 राज्यों में भाजपा या गठबंधन की सरकार हो गई है। भाजपा को इस जीत के लिए कितनी मेहनत करनी पड़ी, यह हो सबने देखा, लेकिन इसके साथ ही कांग्रेस को अपना वजूद बचाने के लिए अभी और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आम आदमी पार्टी की पहले दो राज्यों दिल्ली के साथ पंजाब में सरकारें थीं, लेकिन अब सिर्फ एक ही राज्य पंजाब तक 'आप' सिमटकर रह गई है। आम आदमी पार्टी को फिर से सत्ता की कुर्सी तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और इसके साथ ही जनता के बीच खोया हुआ विश्वास भी हासिल करना होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी

**परिमार्जन** नेगी प्रसिद्ध ग्रैंडमास्टर खिलाड़ी हैं। वह ग्रैंड मास्टर का खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय खिलाड़ी है। वर्ष 2005 में परिमार्जन नेगी विश्व के सबसे कम उम्र के 'इंटरनेशनल मास्टर' बने। 2002 में परिमार्जन ने तेहरान में 10 वर्ष से कम आयु वर्ग की एशियाई चैंपियनशिप में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सफलता प्राप्त की थी। परिमार्जन नेगी का जन्म प्रकृति के मनोरम दृश्यों से भरपूर भारतीय राज्य उत्तराखंड में हुआ था। वह सुर्खियों में तब आए, जब उन्होंने बहुत कम उम्र में ग्रैंडमास्टर खिताब जीत



परिमार्जन नेगी
जन्म : 9 फरवरी, 1993

लिया और इस खिताब को जीतने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय बन गए। मात्र 4 वर्ष की आयु में शतरंज का खेल शुरू करने वाले परिमार्जन ने जल्द ही राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनानी शुरू कर दी। उन्होंने अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय सफलता 2002 में प्राप्त की, जब तेहरान में वह 10 वर्ष से कम आयु वर्ग के एशियाई खिलाड़ियों में विजेता बने। जुलाई, 2005 में परिमार्जन नेगी विश्व के सबसे युवा 'इंटरनेशल मास्टर' बन गए। स्पेन के सार्ट में हुए 'इंटरनेशनल ओपन' में उन्होंने अपना तीसरा व फाइनल आई एम नार्म अर्जित किया। एक जुलाई, 2006 को परिमार्जन आज तक के सबसे कम उम्र के दूसरे ग्रैंडमास्टर बने। यह खिताब जीतने पर उन्होंने अन्य भारतीय खिलाड़ी पी. हरिकृष्णा का सबसे कम उम्र का ग्रैंडमास्टर होने का रिकॉर्ड तोड़ दिया। ■



कविता

# क्रिकेट मैच

राकेश डोगरा, गांव कौना हल्दरा, तहसील पालमपुर

*बंदर, भालू का अचानक हुआ एक दिन मेल,*
*दोनों बोले–क्यों न कल हम खेलें क्रिकेट खेल।*
*भालू बोला बंदर से, मैदान कौन सा देखें,*
*जहां बैठकर दर्शक सारे मैच हमारा देखें।*
*कोलकाता का इडनगार्डन रहेगा बिलकुल अच्छा,*
*दर्शक नाच उठेंगे, देखेंगे जब चौका, छक्का।*
*अगले ही दिन उतर आईं मैदान में दोनों टीमें,*
*गीदड़ अंपायर भी हाथ उठाए धीमे–धीमे।*
*कॉमेंटेटर खरगोश भी अपना पूरा जोर लगाए,*
*चौका, छक्का कहकर मैदान में शोर मचाए।*
*बंदर बंधुओं ने एक सौ पंद्रह रन बनाए।*
*भालू मित्र बंदरों की कर न सके धुनाई,*
*एक–एक करके सभी ने अपनी विकेट गंवाई।*
*रन बनाकर पचपन केवल हो गए सारे आउट,*
*इस हार से भालू के मन में पहुंची गहरी चोट।*
*हिम्मत बांध के बोला भालू कल फिर तुम आ जाना,*
*साथ शेर को लाएंगे, तब जीत के तुम दिखलाना।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री editoranantgyaan@gmail.com पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# मानव सेवा के लिए जीवन होम करने वाले डॉ. नित्यानंद

दूर या पास जब धरती में हलचल, नदियों में उफान, चट्टानों की दरकने की आवाज उनके कानों में पहुंचती तो वे अपनी टोली को लेकर उस ओर चल देते। जीवन पर्यंत समाज के लिए तिल–तिल जीवन का होम करने वाले हिमालय के महान तपस्वी डॉ. नित्यानंद भले मानव देह से मुक्त हो चुके हों, लेकिन उनके कार्य हमेशा समाज कि लिए प्रेरणा और पाथेय बने रहेंगे। उत्तराखंड का सीमांत जनपद उत्तरकाशी मुख्यत: गंगा और यमुना घाटी में बसा है। जनपद का मुख्यालय उत्तरकाशी गंगा घाटी में अवस्थित है।



स्वतंत्र लेखक
हिंदुस्थान समाचार

19 अक्तूबर, 1991 की रात उत्तरकाशी जिले में 6.3 तीव्रता के भूकंप का विचार आते ही आज भी मन में भय उत्पन्न हो जाता है, तब 652 लोगों की मृत्यु हुई। भूकंप की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उत्तरकाशी से गरीब 12 किलोमीटर दूर मनेरी से कुछ ऊचांई पर बसे जामक गांव में 72 लोग कालकलिव हुए। गांव के उन्हीं लोगों के प्राण बच पाए जो रामलीला देखने गए थे या फिर गांव से बाहर थे। तब जनसंचार की सुविधाएं न होने के कारण पहली सरकारी घोषणा में कहा गया कि भूकंप का केंद्र अल्मोड़ा में है। तीसरे दिन जानकारी मिली कि केंद्र उत्तरकाशी के अगोड़ा में था। डॉ. नित्यानंद इसकी खबर से बेचैन थे। उन्होंने तत्काल नवयुवकों की टीम को राहत सामग्री के साथ उत्तरकाशी की ओर रवाना किया और इसकी सूचना देश के सभी प्रांतीय कार्यालयों को दी।

डॉ. नित्यानंद के निर्देशन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और संघ की सहयोगी संस्थाओं ने भागीरथी के तट पर राहत और पुनर्वास के लिए 'उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति' का गठन किया। समिति ने युद्धस्तर पर राहत एवं पुनर्वास के कार्य आरंभ किए। देशभर की अनेक सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं ने इसमें सहयोग दिया। उत्तरकाशी से गंगोत्री तक 60 ग्राम में




सब कुछ बिखरा हुआ था, आवास ध्वस्त होने के साथ ही पत्थरों के नीचे लोग दबे हुए थे। ऊपरी भागीरथी घाटी में नदी किनारे ऐसा एक घाट नहीं था, जहां चिता न जली हो। भूकंप के बाद उजड़े घरों को फिर से बसाने और अपनों को खो चुके लोगों के दर्द को महसूस करते हुए डॉ. नित्यानंद की देखरेख में उत्तरांचल दैवी आपदा पीड़ित सहायता समिति का विधिवत गठन किया गया।

राहत और पुनर्वास कार्य की देखरेख के लिए गंगोत्री यात्रा मार्ग पर सेवाश्रम के नाम से एक केंद्र स्थापित किया गया। डॉ. नित्यानन्द सेवाश्रम परिसर को केशवपुरम् नाम दिया। इसके बाद डॉ. नित्यानंद ने शारीरिक अस्वस्थता के बावजूद दिन–रात सेवा में जीवन को तिल–तिल खपाने लगे। मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उन्हें इस कार्य के लिए उन्हें निर्देशित नहीं किया, यह उनके मन का स्वत: संकल्प था। संकल्प के साथ वे बढ़ते रहे और बाद में संघ के केंद्रीय नेतृत्व को मनाने में वे सफल हुए। संसाधन सीमित थे, लेकिन हौसले बुलंद थे।

अनंत ज्ञान

सीमांत ब्लॉक भटवाड़ी के 10 गांवों में स्थानीय भवन निर्माण तकनीक पर आधारित 427 भूकंपरोधी भवन बनाए। यह कार्य सरकारी संस्थाओं पर निर्भरता के बजाए ग्रामीणों की सहभागिता से किया गया। डॉ. नित्यानंद ने क्षेत्र में फिर से जीवन को सरल बनाने की संसाधन जुटाने आरंभ किए। शिक्षा, स्वास्थ्य की दीर्घकालिक योजनाओं के तहत सुविधाओं से वंचित मनेरी गांव को गतिविधि का केंद्र बनाया गया। शुरुआत में इस प्रखंड के 60 गांवों तक एकल शिक्षक विद्यालय चलाने का अभियान प्रारंभ हुआ। इन छोटे छोटे शिक्षा केंद्रों ने समाज जागरण में अहम भूमिका निभाई। आपदाओं को लेकर डॉ. नित्यानंद की गहरी सोच रही।

उन्होंने लिखा– हिमालय निरंतर आपदाओं का क्षेत्र है किंतु इनसे घबराने की आवश्यकता नहीं है। सहयोग व स्वावलंबन में बड़ी शक्ति होती है। स्वयं खड़े होकर यहां के पुरुषार्थी समाज ने इन चुनौतियों का सामना किया और उदाहरण प्रस्तुत किया कि परस्पर सहयोग के बूते हम निश्चित रूप से सफल हो सकते हैं। 1962 में चीन आक्रमण और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न समस्याओं के साथ ही तिब्बत पर भी गहन अध्ययन व शोध किया। उनके शोधपत्र राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। उनका शोधपत्र अमेरिकी पत्रिका द एनुअल एसोसिएशन ऑफ अमेरिकन जियोग्राफर में प्रकाशित हुआ। विश्व के चुनिंदा विद्वानों में उन्होंने स्थान हासिल किया। द होली हिमालयाज, ए जियोग्राफिकल इंटरप्रिटेशन उनके अनुभवों का एक विशेष ग्रंथ है। यह ग्रंथ गढ़वाल हिमालय के सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक अध्ययन का विस्तृत वर्णन है और शोधकर्ताओं के लिए यह एक प्रमुख संदर्भ मार्गदर्शिका भी है। अपने गहन चिंतन से 'भारतीय संघर्ष का इतिहास', 'मुस्लिम तुष्टिकरण, विभाजन के पूर्व और पश्चात', 'उत्तरांचल प्रदेश क्यों? एक विवेचन', 'उत्तरांचल ऐतिहासिक परिदृश्य और विकास के आयाम', उनकी प्रमुख रचनाएं हैं।

डॉ. नित्यानंद ने अपने जीवनकाल में अनेक स्वास्थ्य समस्याओं का सामना किया, फिर भी उन्होंने कभी काम से पीछे हटने का विचार नहीं किया। 1972 में गंगोत्री ग्लेशियर के अध्ययन के दौरान उनको पक्षाघात हुआ। 1981 में हृदय संबंधी बीमारी और अन्य गंभीर शारीरिक समस्याओं के बावजूद वे निरंतर कार्य में जुटे रहे। अपने अंतिम दिनों में जब स्वास्थ्य अत्यधिक कमजोर था, वे कहते थे कि मेरा काम पूरा हो चुका है, अब मुझे यात्रा के लिए तैयार होना है। 8 जनवरी, 2016 को वे मानव देह से मुक्त होकर अनंत की यात्रा पर चले गए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# दिल्ली चुनाव में कांग्रेस ने बिगाड़ा 'आप' का खेल

कहा जाता है कि जिसको जल्दी सफलता मिलती है, वह उस सफलता को यथावत नहीं रख सकता। संघर्ष से मिली सफलता अपने साथ स्थायित्व और अनुभव दोनों लेकर आती है। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को ऐसी ही सफलता मिली, जिसे संभालने का राजनीतिक अनुभव उनके पास नहीं था। लोक लुभावन वादे एक निश्चित अवधि के बाद अपना असर खो देते हैं, वह लंबे समय तक सफलता का आधार नहीं बन सकते। दिल्ली विधानसभा चुनाव में लगभग यही दिखाई दिया।



लेखक : सुरेश हिंदुस्तानी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

केजरीवाल को बिना लंबे परिश्रम के सत्ता मिल गई, जिसे वे स्थायित्व नहीं दे सके। वे खुद भी चुनाव हार गए और पार्टी में दूसरे नंबर के नेता मनीष सिसोदिया को भी पराजय का सामना करना पड़ा। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। इसमें अब तक अपने आपको अपराजेय मान रही आम आदमी पार्टी को बहुत बड़ी निराशा हाथ लगी है। भारतीय जनता पार्टी के लिए स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बनाने का रास्ता तैयार हो गया है। चुनाव परिणाम के बारे में अध्ययन किया जाए तो इसका संकेत मिलता है कि आम आदमी पार्टी का सबसे ज्यादा नुकसान कांग्रेस ने किया। इससे विपक्ष का वोट विभाजित हो गया।

इसका आशय यह भी है कि पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी को जो आशातीत समर्थन मिला, वह समर्थन केवल आम आदमी पार्टी और उसके नेताओं के प्रति पूरा समर्थन नहीं था। कहा जाता है कि पिछले चुनाव में अगर कांग्रेस का अंदरूनी समर्थन नहीं होता तो आम आदमी पार्टी राजनीतिक आकाश में चमक नहीं बिखेर पाती। जहां तक पंजाब में आम आदमी पार्टी के सरकार बनाने की बात है तो यह देखा गया कि वहां चुनाव के समय दिल्ली की योजनाओं को प्रचारित किया गया, जिसका राजनीतिक लाभ




पार्टी को मिला। दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम का अध्ययन किया जाए तो यही परिलक्षित होता है कि इस बार अरविंद केजरीवाल ने कांग्रेस को आईना दिखाने के प्रयास में अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। अगर अरविंद केजरीवाल कांग्रेस की बात मानकर गठबंधन कर लेते तो चुनाव परिणाम की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन अरविंद केजरीवाल का अहंकार उन्हें ले डूबा।

हम जानते हैं कि एक बार आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने सार्वजनिक तौर पर कहा था कि 'मोदी जी दिल्ली में आम आदमी पार्टी को इस जन्म में तो हरा नहीं सकते।' ऐसी भाषा को सुनकर यही लगता है कि केजरीवाल को अहंकार हो गया था। दूसरी बात यह कि उन पर भ्रष्टाचार के बड़े आरोप लगे, इन सब आरोपों पर उन्होंने हमेशा भाजपा पर निशाना साधने का काम किया। केजरीवाल की तरफ से भाजपा पर लगाए गए तमाम आरोपों को दिल्ली की जनता ने झूठ माना। केजरीवाल इस तथ्य को भूल गए कि भाजपा का दिल्ली में व्यापक राजनीतिक प्रभाव है। लोकसभा चुनाव में बार–बार भाजपा को दिल्ली की सभी सीटें प्राप्त होना, इसे प्रमाणित करता है। विधानसभा में भाजपा को

अनंत ज्ञान

भले कम सफलता मिली रही हो, लेकिन इससे भाजपा के राजनीतिक प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता।

दिल्ली चुनाव में इस बार जिस प्रकार से आधुनिक संचार तकनीक का प्रयोग किया गया, उसने भी केजरीवाल की कथनी और करनी की भिन्नता को उजागर किया। केजरीवाल एक बात पर टिके दिखाई नहीं दिए। वे कभी कुछ तो कभी उसके विपरीत दिखाई दिए। यमुना साफ करने के नाम पर बार–बार वादे करना केजरीवाल के लिए भारी पड़ गया। यह बात सही है कि वादे करना सरल है, उनको पूरा करना उतना ही कठिन है। केजरीवाल जो वादे कर रहे थे, वे वही वादे थे, जो उन्होंने दस वर्ष पूर्व किए थे। उनमें से कई बड़े वादे अब तक पूरे नहीं किए जा सके। सबसे बड़ा वादा यमुना साफ करने का ही था। इसके अलावा भ्रष्टाचार समाप्त करने के नाम पर गठित आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में जेल की हवा खा चुके थे। हद तो तब हो गई, जब वे अपनी सरकार को जेल से ही चलाने लगे।

उधर, उनको जमानत मिलने पर सर्वोच्च न्यायालय ने यह स्पष्ट निर्देश दिया कि केजरीवाल न तो मुख्यमंत्री कार्यालय में जा सकते हैं और न ही किसी फाइल पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। केजरीवाल अभी भी आरोपी हैं, इसलिए उनका मुख्यमंत्री बनना असंभव ही था, क्योंकि अगर वे चुनाव जीतते तो बिना काम के मुख्यमंत्री ही रहते। ये सब भ्रष्टाचार के आरोप के कारण ही हुआ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

हिमाचल सरकार ने जमीन संबंधी कार्यों को अब आसान बना दिया है। सरकार वर्तमान में बड़ी तेजी से जमीन के राजस्व रिकॉर्ड की ई–केवाईसी करवा रही है। उसके बाद राज्य में भूमि मालिकों को यूनिक आइडेंटिफिकेशन नंबर की तरह यूनिक लैंड पार्सल आइडेंटिफिकेशन नंबर मिलेगा। इस नंबर के लिए भी खसरा नंबर के ही कॉलम में एक नया कॉलम जोड़ा गया है। जमाबंदी एक डॉक्यूंट होता है। राज्य सरकार की ओर से जमीन के मालिक, उसके आकार और अन्य अधिकारों की जानकारी प्रदान की जाती है। यह डॉक्यूमेंट भारत के उत्तरी राज्यों हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान और बिहार आदि में इस्तेमाल होता है। जमीन से जुड़े अधिकारों का रिकॉर्ड ही जमाबंदी होता है। ऑनलाइन रिकॉर्ड से जमीन की जानकारी आसानी से उपलब्ध हो जाती है, जिससे लोगों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होती, साथ ही पारदर्शिता भी बनी रहती है, जिससे भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की संभावना कम हो जाती है।

**–सोनिका शर्मा, जंडपुर ( बैजनाथ )**

# ठंड से निपटना चुनौती परंतु इसका अस्तित्व भी बहुत ही जरूरी

आजकल ठंड का मौसम है। हालांकि ठंड से बचने के लिए प्रत्येक जीवित व्यक्ति ने अपने घर में व्यवस्थाएं की होती हैं, फिर भी पूरी व्यवस्था करके ठंड से निपटना न केवल मुश्किल है अपितु एक असंभव सा प्रतीत होने वाला कार्य है। हर एक व्यक्ति अपने आप में ठंड से बचने का प्रयास करता है और लगभग सभी व्यक्ति यही कहते हैं कि ठंड बहुत है, जिससे बचकर जीवन का निर्वाह करो। इतना कहने के बावजूद भी बहुत से लोग ठंड का प्रहार न सहते हुए बीमार हो जाते हैं और कोई अत्यधिक असहनीय तथा असाध्य रोग से ग्रस्त हो तो ठंड उस रोग को बढ़ाकर व्यक्ति को मृत्यु की ओर ले जाती है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

ठंड एक प्राकृतिक एवं वातावरणीय घटना है जो सर्दियों के मौसम में होती है। यह एक ऐसी स्थिति है, जब वातावरण का तापमान बहुत कम हो जाता है और लोगों को ठंड का अनुभव होता है। ठंड के कई कारण हैं। सर्दियों का मौसम ठंड का मुख्य कारण है। इस मौसम में सूर्य की किरणें कमजोर होती हैं और वातावरण का तापमान कम हो जाता है। वायुमंडलीय दबाव भी ठंड का एक कारण हो सकता है। जब वायुमंडलीय दबाव कम होता है, तो वातावरण का तापमान भी कम हो जाता है। हवा की गति भी ठंड का एक कारण हो सकती है। जब हवा की गति तेज होती है, तो वातावरण का तापमान कम हो जाता है। इसके आलावा ऊंचाई भी ठंड का एक कारण हो सकती है।

जब हम ऊंचाई पर होते हैं, तो वातावरण का तापमान कम हो जाता है। ठंडा मौसम बहुत ही मुश्किल वाला समय होता है। ठंडे मौसम में आदमी की काम करने की इच्छा नहीं रहती। केवल आवश्यक का काम ही व्यक्ति इस मौसम में करता है। जब ठंड पड़ती है तो इससे बचने के लिए व्यक्ति विभिन्न प्रकार की ऊनी वस्त्र पहनता है जिससे वह अपने शरीर में जकड़न महसूस



करता है। परिणाम स्वरूप उसकी चुस्ती और स्फूर्ति गायब हो जाती है। ठंड का स्वास्थ्य पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ सकता है। ठंड के कारण लोगों को कई बीमारियों का सामना करना पड़ सकता है, जैसे कि जुकाम, खांसी और नुमोनिया आदि। ठंड के कारण फसलें खराब हो जाती हैं और किसानों को इसका बहुत ही नुकसान झेलना पड़ता है। इसके अलावा ठंड का यातायात पर भी बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है। ठंड के कारण सड़कें फिसलन भरी हो जाती हैं और इससे सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अपेक्षाकृत बढ़ जाती है। ठंड का आर्थिक प्रभाव भी बहुत बुरा हो सकता है। ठंड के कारण व्यवसाय और उद्योग प्रभावित होते हैं, जिससे लोगों को आर्थिक नुकसान भी होता है।

अनंत ज्ञान

सारांश में यह कहा जाए की ठंड की वजह से समस्त उत्तरी भारत का वातावरण स्थिर सा हो जाता है, विकास रुक सा जाता है, बेरोजगारी का आलम लग जाता है। अस्पतालों में रोगियों की भीड़ बढ़ जाती है। ठंड में मृत्यु दर बढ़ जाती है तथा सबसे बड़ी बात लोगों के रोजगार तक के साधन भी छिन जाते हैं, परंतु वातावरण में कुछ हद तक ठंड का होना भी आवश्यक है क्योंकि बदलाव संसार का नियम है। अगर ठंड का मौसम नहीं होगा तो पृथ्वी के तापमान में गिरावट नहीं आएगी। बारिश तथा हिमपात नहीं होंगे तो ग्लेशियर पिघल जाएंगे तथा ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण में अव्यवस्था सी छा जाएगी, इसलिए ठंड से घबराना नहीं चाहिए परंतु ठंड से बचने के उपाय की ओर ध्यान देना चाहिए जिससे व्यक्ति के जीवन को ज्यादा आघात न हो।

ठंड से बचाव के लिए कई उपाय हो सकते हैं जो व्यक्ति को विशेष तौर पर करने चाहिए। ठंड से बचाव के लिए सबसे पहली बात तो यह है कि गर्म कपड़े पहनना बहुत जरूरी है। गर्म पेय पदार्थ पीना भी बहुत जरूरी है। गर्म पेय पदार्थ आपके शरीर को गर्म रखने में मदद करेंगे ठंडे पदार्थों का सेवन ठंडा मौसम के दौरान बिलकुल भी नहीं करना चाहिए ताकि शरीर में ऊष्मा बनी रहे। अब ठंड भी कुछ दिन का ही मेहमान है, जब गर्मियों का मौसम आएगा, तब हर किसी को इस ठंडे वातावरण की याद आएगी। अत: कुछ दिनों तक ठंड के आनंद के साथ जीवनयापन करना चाहिए। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# श्रीकृष्ण का सान्निध्य सारे जगत को करता है प्रफुल्लित

श्रीकृष्ण भाव पुरुष हैं, परब्रह्म के पूर्ण प्रतीक जो लीला रूप में अनुभव गम्य होते हैं। अक्षय स्नेह के स्रोत रस से परिपूर्ण श्रीकृष्ण इंद्रियों के विश्व में आनंद के निर्झर सरीखे हैं। उनका सान्निध्य चैतन्य की सरसता के साथ सारे जगत को आप्लावित और प्रफुल्लित करता है। श्रीमद् भगवद् गीता में विभूति योग की व्याख्या करते हुए श्रीकृष्ण खुद को ऋतुओं में बसंत घोषित करते हैं।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

श्रीमद् भागवत के दशम स्कन्ध में रास प्रवेश करते हुए उनकी निराली छवि कामदेव को भी लजाने वाली है। गोपियों के सामने भगवान श्रीकृष्ण अपने मुस्कुराते हुए मुखकमल के साथ पीताम्बर धारण किए तथा वनमाला पहने हुए प्रकट हुए। उस समय वे साक्षात मन्मथ यानी कामदेव का भी मन मथने वाले लग रहे थे। श्रीकृष्ण अप्रतिम सौंदर्य और लावण्य के आगार हैं तो काम को सौंदर्य के मानदंड की तरह रखा गया है।

भारतीय संस्कृति में कामदेव की संकल्पना अत्यंत प्राचीन है। इच्छा और कामना की प्रतिमूर्ति के रूप में काम शब्द का प्रथम उल्लेख ऋग्वेद के नासदीय सूक्त में मिलता है, जिसके ऋषि परमेष्ठी प्रजापति हैं और देवता हैं परमात्मा। विश्व की सृष्टि के कारण या प्रयोजन पर चिंतन करते हुए के रूप में ऋषि की अनुभूति कुछ इस तरह प्रस्फुटित हुई थी। अंधकार में अंधकार व्याप्त था (मानों अपने आप में वह छिप कर बैठा हो)। जल में जल समाहित था। तब



असत् अर्थात जो शून्यमय था, वह तप की महिमा से मंडित था और वह प्रकट हुआ। इसके मन का प्रथम बीज निकला, वही आरंभ में काम बन गया (अर्थात सृजन की प्रवृत्ति)।

ऋषियों ने अपने अंत:करण में विचार करके यह निश्चित किया कि असत् में–मूल परब्रह्म में सत्– का, विनाशी दिखने वाली सृष्टि का यह पहला संबंध है। व्यक्त और अव्यक्त रूपों वाले कामदेव मन्मथ, अतनु, अनंग, कंदर्प, मदन, पुष्पधन्वा आदि कई नामों से जाने जाते हैं। उनको लेकर अनेक कथाएं और मिथक प्रचलित हैं। एक कथा यह है कि कामदेव ब्रह्मा के मन से जन्मे थे। कहते हैं बसंत पंचमी की तिथि पर कामदेव का धरती पर

अनंत ज्ञान

आगमन हुआ। वह धनुष बाण से सज्जित रहते हैं। गन्ने (यानी मधु!) से बने धनुष, भ्रमरों की पंक्ति वाली डोरी (प्रत्यंचा) और फूलों के बाण के साथ वह किसी को भी बेध सकते हैं।

जहां सौंदर्य है, वहीं काम की उपस्थिति है जैसे– यौवन, स्त्री, सुंदर पुष्प, गीत, पराग कण, सुंदर उद्यान, वसंत ऋतु, चंदन, मंद समीर आदि। आनंद, उल्लास, हर्ष, कामना, इच्छा, अभीष्ट, स्नेह, अनुराग आदि के भाव काम की ही अभिव्यक्तियां हैं। जीवन में काम केंद्रीय है और धर्म, अर्थ और मोक्ष के साथ उसे भी पुरुषार्थ का दर्जा मिला हुआ है। वर्षपर्यंत की भारतीय काल–यात्रा का आरंभ चैत्र मास से होता है और तभी बसंत भी शुरू होता है। बसंत ऋतु समग्रता और पूर्णता का प्रतीक होती है जिसमें विकासमान प्रकृतिकुसुमित, प्रफुल्लित, प्रमुदित रूप में सजती–संवरती है।

श्रीकृष्ण के रूप में सभी गुण नया सौंदर्य पा जाते हैं और उनका प्रकटन बसंत में होता है। इस दृष्टि से महाकवि जयदेव के श्रुतिमधुर काव्य गीत गोविंद की चर्चा के बिना कोई भी चर्चा अधूरी रहेगी। इस काव्य के 'सामोददामोदर' नामक पहले सर्ग में वसंत ऋतु में श्रीकृष्ण का वर्णन किया गया है। इस वासंती रस वृष्टि की इस रचना ने भारत के मन को मोह लिया है। फागुन–चैत, यानी आधा फरवरी, पूरा मार्च और आधा अप्रैल बसंत ऋतु के महीने कहे जाते हैं। बसंत या फागुन–चैत के साथ भारतीय नया वर्ष भी शुरू होता है। बसंत कुछ नया होने की और कुछ नया पाने की उत्कट उमंग है, जो प्रकृति की गतिविधि में भी प्रत्यक्ष अनुभव की जाती है। भारत में इस मौसम में कोयल की कूक और पपीहे की 'पी कहां' की आवाज सुनाई पड़ने लगती है, तरु, पादप, लता, गुल्म सभी नए–नए पल्लवों से सुशोभित होने लगते हैं और हवा में भी सुवास घुलने लगती है। मन बहकने लगता है और उसका चरम वसंतोत्सव में अनुभव होता है। इस उत्सव में श्रीकृष्ण जनमानस के अभिन्न अंग बने हुए हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# बीबीएमबी छंटनीकृत मजदूरों ने मंडी में किया विरोध प्रदर्शन

## कहा-सारी जिंदगी लगाकर मिल रहे 25 और 50 हजार, मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



विरोधी रैली में नारेबाजी कर अपना रोष प्रकट करते हुए मजदूर।

बीबीएमबी से छंटनी किए गए हजारों मजदूर मंडी शहर में इकट्ठे हुए और रैली के माध्यम से मांग की गई कि जिन लोगों ने बीएसएल प्रोजेक्ट के निर्माण में अपनी जिंदगी लगा दी, उनमें से बहुत सारे लोग तो ऐसे थे जो अपनी जान गंवा बैठे हैं और कई अपंग हो गए हैं। बुढ़ापे में उनको कभी एक अदालत कभी दूसरी अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है।

मजदूर लगातार सरकारों से मांग करते आए हैं, लेकिन सरकारें संवेदनहीन हो गई हैं और मजदूरों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अभी दिसंबर महीने में एक केस में श्रम अदालत चंडीगढ़ का फैसला आया है, जिसके अनुसार जिन्होंने एक से 5 साल तक नौकरी की है उनको 25000 और जिन लोगों ने 5 साल से अधिक समय तक नौकरी की है उन्हें 50,000 का मुआवजा ब्याज सहित देने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं। मजदूरों ने फैसले को स्वागत योग्य बताया और मांग की कि इसमें जो मुआवजा राशि है वह बहुत कम है। राज्य सरकार और केंद्र सरकार को ज्ञापन देकर मांग की है कि इस मुआवजा राशि को बढ़ाया जाए।

सभी मजदूरों पर यह फैसला लागू होना चाहिए और इसका मुआवजा बढ़ना चाहिए। क्योंकि आज मजदूर 60 साल की उम्र पूरी कर चुके हैं और रोजगार अब इन्हें देना तो संभव नहीं है। हम मांग करते हैं कि उनके परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाए। जिन मजदूरों ने 10 साल से ज्यादा नौकरी की है उनको पेंशन दी जाए और सभी मजदूरों को मेडिकल सुविधा प्रदान की जाए।

यदि बीबीएमबी और सरकार फैसला लागू नहीं करती, तो मजबूरन संघर्ष को आगे बढ़ाना पड़ेगा। रैली को राजेश शर्मा सीटू सचिव, परस राम, जीतराम ने संबोधित किया। इस मौके पर सुरेश सरवाल, अनिल, धर्मचंद, प्रोमिला आदि उपस्थित रहे।

### मुआवजा राशि में होनी चाहिए बढ़ोतरी

**सचिव** सीटू राजेश शर्मा ने कहा कि मुआवजा राशि में बढ़ोतरी होनी चाहिए। मजदूरों ने पूरी जिंदगी लगा है। उम्र के इस पड़ाव में मजदूरों में 25 से 50 हजार रुपए से कुछ नहीं होने वाला। हम न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हैं, लेकिन सरकारों ने मजदूरों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

## दिल्ली में 'आप' का झूठ बेनकाब : पंकज

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जम्वाल ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी के झूठ और भ्रष्टाचार को नकारते हुए भाजपा पर विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि अब भाजपा दिल्ली में चहुमुखी विकास कर वहां के नागरिकों को कई सौगातें देने के लिए प्रतिबद्ध है।

शनिवार को मंडी के जोगिंद्रनगर में जारी बयान में पंकज जम्वाल ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे आप नेता अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया को जनता ने पूरी तरह से नकार दिया है। उन्होंने कहा कि जो नेता पानी और अन्य बुनियादी सुविधाओं पर राजनीति कर जनता को गुमराह कर रहे थे, वे खुद चुनाव जीतने में असफल रहे। दिल्ली की जनता ने इस बार आप सरकार की नीतियों और कार्यप्रणाली पर असंतोष जताते हुए भाजपा को समर्थन दिया है।

पंकज जम्वाल ने कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली को विकास की नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे और जनता को हर सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी।

# नलसर में चोरों ने तीन दुकानों के तोड़े ताले

**विनोद, नेरचौक**

गत रात्रि चोरों ने नलसर में तीन दुकानों के ताले तोड़ डाले। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात्रि लगभग 12:30 बजे नलसर में टेलर की दुकान में सो रहे एक कारीगर को साथ वाली दुकान से ताले तोड़ने की आवाज आई तो उसने अपने मालिक को फोन किया और शोर मचाया तो चोर भाग निकले।

बाहर आकर देखा तो साथ वाले लोक मित्र केंद्र का शटर का ताला टूटा हुआ था और एक दुकान और जो की जनरल स्टोर की है उसके ताले भी टूटे हुए पाएं गए, कुछ ही दूरी पर एक टी स्टॉल का शटर भी चोर खुला छोड़ कर भाग चुके थे।

जब तक व्यापारी इकट्ठे हुए तो उन्हें कोई हाथ नहीं लगा। घटना की सूचना पुलिस को के बाद जब साथ वाली दुकान में लोक मित्र की दुकान के तले जब कर तोड़ रहे थे तो साथ लगती दुख टेलर की दुकान में एक व्यक्ति को आवाज आए जिसे फोन कर अन्य लोगों को बताया और आसपास के व्यापारी मौके पर पहुंच गए।

गनीमत यह रही की दुकानों से किसी भी प्रकार का सामान चोरी नहीं हुआ है दुकानदारों ने रात्रि को ही पुलिस को सूचित किया और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंचकर दुकानदारों के बयान दर्ज करवाएं हैं।

विदित रहे की नलसर व इसके आसपास ऐसी घटना महीने में चौथी बार हो चुकी है 15 जनवरी को नलसर में एक रेडीमेड की दुकान से करीब डेढ़ लाख रुपए का सामान और नगदी चोर चुरा कर ले गए थे । उसके बाद एक ही एक ही रात को लोहारा में पांच दुकानों के ताले चोरों ने तोड़े और वहां से कुछ नकदी भी चुराई अभी हाल ही में 4 फरवरी को नलसर में एक सब्जी की दुकान व चाय की दुकान में के भी ताले तोड़े हैं। सभी मामलों में एक बात सामान्य पाई गई है कि जिन भी दुकानों के ताले तोड़े गए हैं वह ताले भी गायब है।

इस संबंध में डीएसपी हेडक्वार्टर दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर चली गई थी व्यापारियों की शिकायत दर्ज कर दी गई है चोरों की धर पकड़ के लिए कार्यवाही जारी है। (अनंत ज्ञान)

# नबरोट गांव के लोग लो वोल्टेज से परेशान

**अनंत ज्ञान, मंडी**

जिले के सरकाघाट विधानसभा क्षेत्र की बलद्वाड़ा तहसील के तहत आने वाली उपतहसील ढलवान के गांव नबरोट के लोगों ने हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड के अधिशाषी अभियंता, प्रदेश सरकार व बिजली बोर्ड प्रबंधन से गुहार लगाई है कि उन्हें बिजली की लो वोल्टेज से छुटकारा दिलाया जाए। गावं के रोशन लाल, मिलखी राम, नानक चंद, जुलमी देवी, अमर सिंह, सत्य प्रकाश, नंद लाल, देव राज, खीमी देवी, रोशनी देवी, निर्मला देवी आदि ने बताया कि उनके गांव में अरसे से बेहद कम वोल्टेज आती है।

इस समस्या को कई बार उठाया गया मगर इसका हल नहीं हो पाया। लो वोल्टेज होने से कई उपकरण या तो चल ही नहीं पाते या खराब हो जाते हैं। कोई छोटा मोटा कारोबार चक्की आदि का करना भी मुश्किल हो गया है।

लोगों के अनुसार यहां के लिए ट्रांस्फारमर मंजूर होने की बात कहीं गई थी मगर अभी तक लगा नहीं। अभी जो ट्रांसफार्मर लगा है वह गांव से दूर भी है और उस पर लोड भी ज्यादा हो गया है। लोगों की गुहार है कि नया ट्रांसफार्मर लगाकर कम वोल्टेज की समस्या को खत्म किया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### अवारा पशु फसलों को कर रहे तबाह, लोग परेशान

भीम बसेड़ू, महादेव। नाचन विधानसभा क्षेत्र के एक बड़े भाग में आवारा सांड जहां लोगों पर ताबड़तोड़ हमले कर रहे हैं वहीं रबि की फसल चट करते जा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से आवारा पशु लगातार इधर-उधर मंडराकर कई क्षेत्रों में आफत बने हुए हैं उनमें मुख्य है कृषि का क्षेत्र जहां असमय पसरकर सांड आदि मुश्किल हालातों में अपनी रोजी रोटी कमा रहे किसानों की आशाओं पर पानी फेरकर भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं क्योंकि इन महीनों में बारिश का सहारा मिल बढ़ती गेहूं आदि की फसल को ऐन वक्त पर चट कर जाने से किसान पर क्या गुजरती होगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

### दो वर्षों में 5.34 करोड़ की वित्तीय सहायता स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** प्रदेश सरकार की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भर रही है। योजना के लाभार्थी मान सिंह सदर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत साईगलू के नालसन गांव में रहते हैं। उन्होंने बताया कि परिवार सहित एक कच्चे कमरे में जीवन-बसर कर रहे थे। सरकार की ओर से मकान के लिए डेढ़ लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई, जिसकी बदौलत दो पक्के कमरों का मकान बनाया। बीर-तुंगल के हरि सिंह की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। परिवार के साथ कच्चे मकान में दिन काट रहे थे। सरकार की सहायता मिली और साथ में मकान बनाने का हौसला भी। बग्गी पंचायत के गांव सुक्का कून निवासी लाभ सिंह बताते हैं कि पहले वह अपने परिवार सहित कच्चे मकान में रहते थे। सरकार से उन्हें आर्थिक सहायता मिली जिससे तीन पक्के कमरे बनाए, जिसका लेंटर पड़ चुका है। अब बरसात या गर्मी की कोई चिंता नहीं है। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिला में गत दो वर्षों में स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के 356 परिवारों को मकान बनाने के लिए 5.34 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई है।

### धर्मपुर में लकड़ी कटान की हो जांच : माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में गत दिसंबर माह में बालन की लकड़ियों का अवैध कटान और उसे बहरी में विधायक के गांव में गैर-कानूनी तौर पर जमा करने के बारे में मुख्यमंत्री ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जांच करवाने की घोषणा की थी। उसके बाद 50 दिन गुजर जाने के बाद अभी तक इस कटान के बारे में कोई जांच नही हुई। माकपा के सचिव व पूर्व जिला पार्षद एवं पार्टी की लोकल कमेटी ने मुख्यमंत्री से पुनः मांग की है कि वे इसकी जांच करवाएं।

### स्वच्छ शहर अभियान को सफल बनाने से पूर्व मंथन

**अनंत ज्ञान, मंडी।** नगर निगम मंडी के आयुक्त एचएस राणा की अध्यक्षता में स्वच्छ शहर समृद्ध शहर अभियान के शुभारंभ से पूर्व एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अभियान को सफल बनाने के लिए विभिन्न प्रक्रियाओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान, अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न कार्यों एवं गतिविधियों पर विस्तृत रूप से विचार किया गया और सभी संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों से इस आयोजन की सफलता के लिए सुझाव प्राप्त किए गए। इसके आधार पर रणनीतियां तैयार की गईं, जिससे अभियान का उद्देश्य पूरी तरह से साकार हो सके और शहर में स्वच्छता तथा समृद्धि का वातावरण उत्पन्न हो। बैठक में इस अभियान के विभिन्न पहलुओं पर दिशा-निर्देश दिए गए, ताकि अभियान के हर चरण को कुशलता से पूरा किया जा सके और सभी सामुदायिक भागीदारों का सक्रिय सहयोग प्राप्त हो सके। आयुक्त ने इस अवसर पर सभी से अभियान के उद्देश्यों को लेकर पूरी तरह से समर्पित रहने की अपील की और कहा कि हमें मिलकर इस अभियान को सफल बनाना है, ताकि हमारा शहर स्वच्छ और समृद्ध बन सके।

### 18 को होगा राजीव भारद्वाज का छोटा भंगाल दौरा

**रूपी ठाकुर, बरोट।** चंबा संसदीय क्षेत्र के सांसद राजीव भारद्वाज का छोटाभंगाल घाटी में 16 फरवरी को प्रस्तावित धन्यवादी दौरा किसी आवश्यक कार्य के चलते रद्द हो गया है, जिस कारण इस घाटी में वे अब यह धन्यवादी दौरा 18 फरवरी को करेंगे। धरमान पंचायत के पूर्व प्रधान व बैजनाथ भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष संजय ठाकुर ने कहा कि सांसद राजीव भारद्वाज लोकसभा चुनाव में लोगों ने उन्हें भारी समर्थन देकर कांगड़ा- चम्बा ससंदीय क्षेत्र का सांसद बनाकर जो दिल्ली पहुंचाया है, जिसके चलते वे समय-समय पर अपने संसदीय क्षेत्र में जा- जा कर लोगों का धन्यवाद करने के लिए जा रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

# पंडोह पुलिस ने 480 ग्राम चरस की बरामद, 3 गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, पडोह**

पडोह पुलिस ने शुक्रवार रात 10 बजे पुलिस चौकी प्रभारी पडोह अनिल कटोच की अगुवाई में पंडोह के कैंची मोड़ के पास मनाली की तरफ से आई कार की चैकिंग के दौरान 480 ग्राम चरस बरामद की है। यह चरस गाड़ी के इंजन के पास मफलर से बांधकर रखी थी।

अनिल कटोच ने बताया की गाड़ी में बैठे सभी युवाओं से चरस की स्मैल आ रही थी और ये सभी डरे हुए थे। जिससे पुलिस को शक हुआ और गाड़ी की पुरी तलाशी के बाद बुनट खोल कर चैकिंग में यह चरस बरामद की गई। पुलिस ने गाड़ी में सवार मुकेश 30 वर्ष निवासी गांव व डाकघर डाड तह. डाड जिला कैंथल हरियाणा, जोगिंद्र 35 गांव राहड़ा डा. राहडा तह. असंद जिला करनाल हरियाणा व चेतन 32 गांव डाड जिला कैंथल हरियाणा पर मामला दर्ज किया गया है। बता दें कि पंडोह के स्थानीय लोगों व पंचायत जनप्रतिनिधियों ने अनिल कटोच जैसे पुलिस अधिकारी की मांग की थी, जो नशे पर नकेल कस सके।

एएसआई अनिल कटोच ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि पंडोह पुलिस नशे के खिलाफ आक्रमकता के साथ काम करेंगी।

# दिल्ली में भापजा की जीत पर मनाया जश्न

**उमेश, सुंदरनगर**



भाजपा की जीत पर जश्न मनाते हुए राकेश जम्वाल व साथ हैं अन्य।

हिमाचल प्रदेश में आकर महिलाओं और लोगों के साथ झूठ बोलने का भुगतान कांग्रेस नेत्री अल्का लांबा को दिल्ली विधानसभा चुनावों में हार के साथ करना पड़ा है। इसका अंदाजा कांग्रेस पार्टी की दिल्ली विधानसभा चुनावों में लगातार तीसरी बार हुई हार से लगाया जा सकता है। यह बात प्रदेश भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक सुंदरनगर राकेश जंवाल ने सुंदरनगर के महाराणा प्रताप चौक पर दिल्ली में भाजपा की शानदार जीत के बाद आयोजित जश्न के दौरान कही है।

संगठनात्मक जिला भाजपा सुंदरनगर के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़ और मिठाई बांट कर जीत का जश्न मनाया। राकेश जंवाल ने कहा कि दिल्ली में 27 वर्षों के बाद भाजपा की विधानसभा चुनावों में जीत हुई है। देश की राजधानी दिल्ली को पूर्व 11 वर्षों की केजरीवाल सरकार ने लूटने का काम किया है।

दिल्ली की जनता ने इस बार विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली चुनाव भाजपा ने जीता है।

देश की जनता भ्रष्टाचार को कभी माफ नहीं करती है क्योंकि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, डिप्टी सीएम और अन्य बड़े नेता चुनावों में हार गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## स्वर्ण जयंती आश्रय आवास योजना के तहत बांटी राशि

**अनंत ज्ञान, मंडी।** स्वर्ण जयंती आश्रय आवास योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति से संबंधित परिवारों को घर बनाने के लिए मंडी विधानसभा में आवंटित की गई। इस मौके पर सदर विधायक अनिल शर्मा द्वारा सभी पात्र लाभार्थियों को बधाई पत्र प्रदान किए गए।

इस मौके पर सभी लाभार्थी उपस्थित रहे। लाभार्थी मुकेश, रामलाल, रोशन लाल, राजेंद्र कुमार, मस्तराम, प्रेम सिंह, राजकुमार, गोविंद, कांता देवी, रूप लाल, मान सिंह, श्यामलाल, रेशमी देवी, दया राम, सुभाष चंद, प्रेम सिंह, जय सिंह, राजू, सुभाष चंद आदि ने खुशी जताते हुए सदर विधायक अनिल शर्मा और सरकार का धन्यवाद किया।

# मिस कृतिका और मिस्टर फेयरवेल बने शब्द




**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**

माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल में जमा दो के विद्यार्थियों के लिए भव्य फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान रैंप वॉक, कपल डांस, म्यूजिकल चेयर, टाइटल डिस्ट्रीब्यूशन, बैलून गेम, नृत्य और रैप सॉन्ग जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। वहीं मिस फेयरवेल कृतिका, मिस्टर फेयरवेल शब्द, मिस्टर पर्सनेलिटी वीरेन, मिस पर्सनेलिटी महक धलारिया, मिस्टर प्लस ट आर्यन, मिस प्लस टू सिद्धि गोयल रहे। (अनंत ज्ञान)

## मारपीट करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, मंडी।** सदर थाना में मारपीट के दौरान सोने की बालियां गुम होने पर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता निर्मला देवी पत्नी दौलत राम गांव लुसाई खड्डु डाकघर बरयारा तहसील कोटली जिला मंडी ने बताया कि डवाहण निवासी नेकराम ने इसे थप्पड़ मारकर गले से घसीटकर लज्जित किया और इस हाथापाई के दौरान इसकी कान की सोने की बालियां भी गुम हो गई हैं।

पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि की है।

# कर्मचारियों ने लगाए प्रताड़ित करने के आरोप

**आदर्श यादव, नेरचौक**



पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से मुलाकात के दौरान कर्मचारी व अन्य।

लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज में कार्यरत वार्ड अटेंडेड व सफाई कर्मचारियों का एक प्रतिनिधिमंडल पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल वार्ड अटेंडेंट व सफाई कर्मचारियों ने मेडिकल कॉलेज में तैनात सुपरवाइजर व ठेकेदार पर प्रताड़ित करने के आरोप जड़े हैं।

प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मंत्री से मेडिकल कॉलेज में हो रहे वार्ड अटेंडेंट व सफाई कर्मचारियों के शोषण को लेकर निष्पक्ष जांच करवाने तथा सुपरवाइजर को निष्कासित कर किसी योग्य व्यक्ति को इस पद पर तैनात करने की गुहार लगाई है। इन कर्मियों ने संबंधित ठेकेदार पर भी संगीत आरोप लगाए हैं।

**प्रकाश चौधरी से मिले मेडिकल कॉलेज वार्ड अटेंडेंट और सफाई कर्मचारी**

इन वार्ड अटेंडेंट व सफाई कर्मचारियों का आरोप है कि वे जब भी अपने हक की आवाज उठते हैं तो संबंधित ठेकेदार इन्हें यहां से बदलने और नौकरी से निकलने की धमकी देता है। पूर्व मंत्री प्रकाश चौधरी ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाई गई समस्याओं को सुना और उनका समाधान करने के लिए मेडिकल कॉलेज प्रबंधन से वार्तालाप कर 19 फरवरी को मेडिकल कॉलेज परिसर में बैठक बुलाई है।(अनंत ज्ञान)

# अकादमिक विकास के लिए शैक्षणिक भ्रमण जरूरी : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, मंडी**



शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थी व साथ हैं अन्य।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय, विद्या वल्लभनगर गुजरात के राजनीति विज्ञान विभाग व जन संचार विभाग के 21 विद्यार्थियों का दल प्रो. अर्पित पटडीया आचार्य राजनीति विज्ञान विभाग के नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश के शैक्षणिक भ्रमण पर मंडी पहुंचा।

इस यात्रा के दौरान उन्होंने सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी व हिमाचल फोटो गैलरी का भ्रमण किया। विश्वविद्यालय परिसर में डॉ. सनिल ठाकुर अधिष्ठाता, परियोजना एवं विकास ने प्रो. अर्पित को विभाग के सहायक आचार्य इतिहास डॉ. राकेश ने लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवनवृत पुस्तक भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सहायक आचार्य इतिहास विकेश कुमार, अधीक्षक दीपक पुरी, शोधार्थी राहुल कुमार व वेद प्रकाश उपस्थित रहे।

आचार्य ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने कहा कि विद्यार्थियों का यह शैक्षणिक भ्रमण न केवल उनके अकादमिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक होते हैं।

# अभाविप ने मांगों को लेकर छेड़ा हस्ताक्षर अभियान

**जोगिंद्रनगर, अभिषेक शर्मा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) जोगिंद्रनगर इकाई ने सरकार की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान छेड़ दिया है। स्थानीय शिक्षण संस्थानों में चलाए गए इस अभियान के तहत विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी दर्ज करवाई।

इकाई अध्यक्ष आयुष ने कहा कि यदि सरकार ने विद्यार्थियों की मांगों को गंभीरता से नहीं लिया, तो संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अभाविप विद्यार्थियों के अधिकारों के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाए। शिक्षक व गैर-शिक्षक भर्ती की जाए। हिमाचल विश्वविद्यालय और चौधरी सरवस्ती कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में स्थायी कुलपति की नियुक्ति हो। अभाविप ने चेतावनी दी है कि विद्यार्थियों के धैर्य की परीक्षा न ली जाए, यदि मांगों समाधान न हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा।( अनंत ज्ञान)

## बरोट-शिमला रूट को बहाल करने की मांग

**अनंत ज्ञान, बरोट।** छोटाभंगाल व चौहार घाटी के समस्त लोगों ने शिमला रूट पर चलने वाली पथ परिवहन निगम की बस सेवा को बहाल करने के लिए एक बार फिर से पूरे जोरदार ढंग से अपनी मांग को उठाया है।

बस सेवा के बंद रहने से लोगों को 30 से 50 किलोमीटर दूर राष्ट्रीय उच्च सड़क मार्ग घटासनी नामक बस ठहराव से राजधानी शिमला जाने के लिए बस को पकड़ना पड़ती है जिस कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है, इसलिए समस्या को समाधान हो।

# एसपीएस स्कूल में अंशिका मिस और कनिष्क बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह मनाया गया। इस दौरान स्कूल के निदेशक सुरेंद्र कुमार राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विदाई समारोह में छात्राओं ने कैटवॉक कर समां बांधा जिन्हें स्कूल प्रबंधन ने सम्मानित किया। वहीं समारोह में मिस फेयरवेल का खिताब अंशिका के नाम रहा जबकि मिस्टर फेयरवेल कनिष्क ठाकुर बने। मिस पर्सनैलिटी का खिताब वरुण तथा मिस्टर पर्सनैलिटी का खिताब वरुण गुलेरिया के नाम रहा। पीयूष मिस्टर कूल तथा लक्षिता को मिस कूल के खिताब से नवाजा गया। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र गौतम, अधीक्षक नेक राम, निशा ठाकुर सहित आदि मौजूद रहे।



**नशा** | युवा कांग्रेस द्वारा चिट्टे के खिलाफ किया गया जागरूकता अभियान शुरू

# स्कूल और कॉलेज के बच्चे आ रहे चिट्टे की गिरफ्त में

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**




आज जिला मण्डी युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर द्वारा चिट्टे के खिलाफ 'जागरूकता रैली' की शुरुआत सुंदर नगर विधानसभा से की गई, जो सुंदर नगर बस स्टैंड से होते हुए भोजपुर बाजार से महाराणा प्रताप चौक तक निकाली गई।

निखिल ठाकुर ने बताया कि चिट्टा बहुत ही संवेदनशील मुद्दा हो गया है, पिछले कुछ महीने से चिट्टे की ओवरडोज से अभी तक 24 से ज्यादा युवा साथी अपनी जान गवां चुके है और हर महीने 2 से 3 युवा अपनी जान गवा रहे हैं, और सबसे ज्यादा स्कूल और कॉलेज के बच्चे इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे कई घर बर्बाद हो रहे हैं, निखिल ठाकुर ने जनता से सहयोग की मांग की और कहा कि सभी माता पिता अपने बच्चों पर नजर रखें कि वो क्या कर रहे हैं, चिट्टे से लड़ने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है और सभी लोगों को साथ मिलकर इस महामारी से लड़ना पड़ेगा, ये सिर्फ प्रशासन और सरकार का ही काम नहीं है, ये हम सबका दायित्व बनता है कि इस नशे की महामारी से सब मिलजुल कर लड़े और युवाओं के भविष्य को बचाएं।

युवा कांग्रेस ये जागरूकता अभियान हर विधानसभा में करेगी और पंचायत स्तर पर लोगों को जागरूक करेगी और कई युवा साथी ऐसे हैं जो नशा छोड़ना चाहते हैं और किसी से बता नहीं सकते वो युवा कांग्रेस जिला मंडी से संपर्क करें। इस मौके पर प्रदेश युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष तरुण ठाकुर, प्रदेश महासचिव साहिल ठाकुर, सुंदर नगर विधानसभा अध्यक्ष हितेश शर्मा, मंडी सदर अध्यक्ष हमीत जमवाल, बल्ह विधानसभा अध्यक्ष निशांत राव पूर्व जोगिंद्र नगर अध्यक्ष सौरव ठाकुर, जिला महासचिव करण वर्मा सुंदर नगर ब्लॉक अध्यक्ष पवन और महासचिव नेहा शर्मा और इकाई अध्यक्ष अभय, पूर्व अध्यक्ष, मोहित, अनित, अतुल आशुतोष, और चंद्र कौशल, विकी, गौरव निखिल, दिनेश, लक्की, राहुल अन्य युवा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नहीं रहे कैप्टन लजा राम ठाकुर 98 वर्ष की उम्र में हुआ निधन



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मंडी जिला के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बिंगा के दबरोट गांव निवासी कैप्टन लजा राम ठाकुर का निधन हो गया।

कैप्टन लजा राम के निधन का समाचार मिलते ही लोगों में शौक की लहर दोड़ गई। कैप्टन लजाराम 6 जून 1947 को सेना में सिपाही के रूप में भर्ती हुए और इन्होंने अपनी सर्विस के दौरान 1962, 65 व 1971 का युद्ध लड़ा और 31 अक्तूबर 1978 में सेना से कप्तान के पद से रिटायर्ड हुए। कैप्टन लजा राम अपनी यूनिट के पहले सुबेदार मेजर बने थे, अपनी सेवानिवृत्ति के बाद इन्होंने अपने इलाके में समाजसेवा में भाग लिया।

शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ उनके पैतृक श्मशानघाट चिंचडु में अंतिम संस्कार किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### दिल्ली में कुशासन-फरेब की राजनीति का अंत : सुमित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** भाजपा प्रदेश सचिव एवं संसदीय क्षेत्र सह-प्रभारी सुमीत शर्मा ने भाजपा की दिल्ली विधानसभा में ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के साथ दिल्ली भाजपा को हार्दिक बधाई प्रेषित की है। कार्यकर्ताओं संग जीत के हर्षोल्लास मौके पर बताया कि भाजपा दिल्ली में 27 वर्षों बाद लोगों के समर्थन से लोकसेवा के लिए जीतकर सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। उन्होंने बताया कि केजरीवाल के झूठ, भ्रष्टाचार, फरेब और कुशासन के खिलाफ इस जनादेश क़ो भाजपा हर्ष से स्वीकार करते हुए मोदी जी नेतृत्व में जल्द ही दिल्ली में सरकार का गठन करेगी।

### दिल्ली में भ्रष्टाचार के विरुद्ध दिया जनादेश: राजेश

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत को प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध जनता द्वारा दिया गया जनादेश करार दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव ने यह साबित कर दिया है कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर क्यों न हो, जनता उसे किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगी।

### दिल्ली में जनादेश विकास और सुशासन के पक्ष में : चैतन्य



**अनंत ज्ञान, घनारी।** गगरेट से भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और दिल्ली भाजपा की टीम को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस की खोखली गारंटियों को ठुकराकर भाजपा की नीतियों पर विश्वास जताया है। यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन, पारदर्शिता और विकास की नीतियों पर जनता की मुहर है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस सरकार की उलटी गिनती भी शुरू हो चुकी है क्योंकि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पब्लिक सर्विस कमीशन को नजरअंदाज कर अपने चहेतो को रेवड़ियां बांट रही है।

### दिल्ली की भाजपा की जीत पर फोड़े पटाखे



**अनंत ज्ञान, अंब।** दिल्ली विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक जीत पर चिंतपूर्णी भाजपा ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक बलबीर सिंह और वर्तमान जिला अध्यक्ष शाम मिन्हास ने कार्यकर्ताओं को बधाई दी और इस जीत को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व एवं भाजपा कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत का परिणाम बताया। कार्यक्रम के दौरान चिंतपूर्णी महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के सदस्यों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और मिठाइयां बांटकर एवं आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और ढोल-नगाड़ों की धुन पर नाचकर जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर चिंतपूर्णी भाजपा के पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत देश की जनता के भाजपा पर विश्वास और समर्थन का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि पार्टी आगे भी इसी तरह जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए देश के विकास में योगदान देती रहेगी।

# ऊना में आपराधिक मामलों की जांच सीबीआई से कराएं मुख्यमंत्री : सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



सतपाल सत्ती ने शनिवार को भाजपा कार्यालय ऊना में प्रेस वार्ता की।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सदर विधायक सतपाल सत्ती ने कहा कि ऊना में बढ़ते अपराध और प्रमुख मामलों की जांच सीबीआई को सौंपनी चाहिए। पूरा तंत्र ही भ्रष्ट हो रहा है। जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सत्तासीन हुई है, ऊना जिला फिरौतियों के नाम पर कई व्यापारियों पर भय का माहौल बनाया जा रहा है।

सतपाल सत्ती ने शनिवार को भाजपा कार्यालय ऊना में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि स्पेशल टास्क फोर्स की टीम ने ऊना जिले के संतोषगढ़ सहित अन्य जगह पर पुलिस के स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट के अधिकारियों के घरों में दबिश दी है। इस मसले समेत अन्य आपराधिक घटनाओं और भ्रष्टाचार की सरकार सीबीआई से जांच करवाए। उन्होंने सवाल खड़े किए हैं कि इनमें से ऐसे अधिकारी भी एसआईयू में शामिल हैं जिनको डीजीपी डिस्क अवार्ड तक दे डाला है। उन्हीं के घरों में अब स्पेशल टास्क फोर्स की टीम दबिश दे रही है। उन्होंने कहा है कि यह सब कुछ किसके इशारे पर हुआ है, इस मसले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऊना जिले के विभिन्न थानों और चौकियों के अधिकारियों के फोन की भी जांच की जाए कि स्पेशल टास्क फोर्स की टीम के पहुंचने से पहले ही इन संबंधित लोगों को सूचना दे दी थी। इससे मौके पर टीम को कुछ भी बरामद नहीं हुआ। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के पूर्व विधायक के पीएसओ सहित अन्य जो अधिकारी स्पेशल इन्वेस्टिगेशन यूनिट में शामिल किए गए हैं, उनके ऊपर पहले से ही पुलिस विभाग के पास ओडीआई में नाम शामिल हैं ऐसे अधिकारियों को एसआईयू में किस के इशारे पर शामिल किया गया है।

उपमुख्यमंत्री हर मंच से माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं, लेकिन कोई भी अधिकारी उनकी बात को मानने और सुनने के लिए तैयार नहीं है।

## जाति विवाद की ओर मुड़ी पंचायत समिति गगरेट के चेयरपर्सन की कुर्सी की जंग

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

पंचायत समिति गगरेट में चेयरपर्सन की कुर्सी की जंग अब जाति विवाद की ओर मुड़ गई है। पंचायत समिति के चेयरपर्सन रीता धीमान द्वारा समिति सदस्य बीना बंसल पर पंचायत प्रधान व जिला परिषद के चुनाव में अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र देकर चुनाव लड़ने के आरोप लगाते हुए एसडीएम को दिए गए शिकायत पत्र के बाद अब बीना बंसल ने रीता धीमान को कानूनी नोटिस भेजा है।

हालांकि इसी बीच समिति सदस्य एक बार फिर से अविश्वास प्रस्ताव लाने की फिराक में हैं लेकिन इस विवाद के बाद भाजपा किसे मैदान में उतारती है, इस पर भी सबकी नजरें गढ़ी हुई हैं। पंचायत समिति गगरेट की अध्यक्ष रीता धीमान द्वारा एसडीएम को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया है कि पंचायत प्रधान व जिला परिषद के चुनाव के दौरान बीना बंसल ने अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र देते हुए अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित इन सीटों पर चुनाव लड़ा और चुनाव में जीत भी दर्ज की। हालांकि बीना बंसल ओबीसी वर्ग से हैं। अब पंचायत समिति का चेयरपर्सन पद ओबीसी वर्ग की महिला के लिए आरक्षित है तो वह यहां अपनी दावेदारी प्रस्तुत करने की फिराक में हैं। अगर बीना बंसल ओबीसी वर्ग से हैं तो उनका अनुसूचित जाति का प्रमाण-पत्र कैसे बना और कैसे उन्होंने दो चुनाव इस वर्ग के लिए आरक्षित सीट पर लड़े, इसे लेकर जांच की मांग रीता धीमान द्वारा की गई है। इसके बाद एसडीएम गगरेट सौमिल गौतम ने इसकी रिपोर्ट बीडीओ गगरेट से मांगी है। उधर, तहसीलदार कुलताज सिंह का कहना है कि कोई भी महिला किसी अन्य जाति में भी शादी कर लेती है तो उसकी जाति वही रहेगी जो उसके पिता की जाति है। उधर एसडीएम सौमिल गौतम का कहना है जांच के बाद ही इस विषय पर कुछ कहा जा सकता है।

## कुल्लू ने चंबा को एक पारी और 90 रनों से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** सीनियर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में चंबा का मुकाबला कुल्लू के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय पेखुवेला मे तीन दिवसीय मुकाबला आरंभ हुआ था, जिसमें कुल्लू की टीम ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 366 रन बनाए, जिसमें घनश्याम ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए।

वहीं, रोहित नारंग और ऋषि महाजन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार-चार खिलाड़ियों को आउट किया। चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 177 रन बनाए, जिसमें नरेंद्र चंचल ने 54 रन बनाए। शिवांश कपूर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों का आउट किया। फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में चंबा की टीम ने मात्र 110 रन बनाए। यशोदन ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। इस प्रकार कुल्लू ने चंबा को एक पारी 90 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## पैरागॉन निट्स लि. में भरे जाएंगे 5 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पैरागॉन निट्स लिमिटेड ऊना द्वारा हेल्पर के 5 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 10 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे पैरागॉन निट्स लिमिटेड, रामनगर गांव ठठल में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि हेल्पर पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास तथा आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

इसके अलावा साक्षात्कार में चयन होने पर अभ्यर्थी को 12 हजार रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा। अक्षय शर्मा ने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98168-01916 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में हर्ष और कविता चुने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते गणमान्य।

**विवेक शर्मा, अंब**

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय अंब में शनिवार को 28वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बहुत ही शानदार तरीके से किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय अंब के सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. रमन कुमार शर्मा ने शिरकत की तथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ।

इस अवसर पर एन.सी.सी. कैडेट्स, एनएसएस वालंटियर व रोवर रेंजर के सदस्यों ने मार्चपास्ट करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। यह प्रतियोगिता शारीरिक प्राध्यापक डॉ. पवन पटियाल की देखरेख में संपन्न हुई। प्रो.सुखदेव द्वारा मंच संचालन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। एथलेटिक्स मीट में पुरुष वर्ग में हर्ष ने और महिला वर्ग में कविता ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब जीता।

इस अवसर पर प्रो. रेखा शर्मा, डॉ. सतपाल, प्रो. सुख देव, डॉ. नितिन कुमार शर्मा, डॉ. सुरुचि शर्मा, डॉ. कृष्णा, प्रो. अजय, प्रो. अनय, डॉ. कुमारी सुजाता, प्रो. सुरेता, डॉ. पवन पटियाल, प्रो. जमीत, डॉ. राजेश, डॉ. अरुण, डॉ. रजनीश, डॉ. श्रुति सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)

## लाभार्थियों को ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य : अमन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड से पंजीकृत लाभार्थियों की ई-केवाईसी प्रक्रिया जारी है। श्रम कल्याण अधिकारी ऊना अमन शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सनिर्माण कामगार कल्याण बोर्ड में ऊना जिला से कुल 26 हजार लाभार्थी पंजीकृत हैं, जिन्हें अपनी ई-केवाईसी करवाना अनिवार्य रहेगा।

उन्होंने कहा कि कामगार बोर्ड से पंजीकृत लाभार्थी अपना आधारकार्ड, बैंक खाता, राशन कार्ड और आधार से पंजीकृत फोन साथ लेकर श्रम कल्याण अधिकारी कार्याल्य ऊना में ई-केवाईसी करवाना सुनिश्चित बनाएं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि बिना ई-केवाईसी सत्यापन प्रक्रिया के लाभार्थी को किसी भी प्रकार का लाभ नहीं दिया जाएगा।

## कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ में बटूही और रत्न-11 टीम के बीच फाइनल मुकाबला आज

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के तहत खेले जा रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया है। शानदार प्रदर्शन के बाद बटूही और रत्न 11 की टीमें फाइनल में जगह बना चुकी हैं। आज डूमखर मैदान में होने वाले इस महामुकाबले पर सभी की निगाहें टिकी हैं। कुटलैहड़ सांसद खेल महाकुंभ के प्रभारी राजेन्द्र रिंकू ने बताया कि शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे।

पहले सेमीफाइनल में जसाना और बटूही की टीमें आमने-सामने थीं, जिसमें बटूही ने शानदार खेल दिखाते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया और फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरे सेमीफाइनल में रत्न 11 और तनोह की टीमें भिड़ी, जिसमें रत्न 11 टमी ने भी फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रिंकू ने बताया कि बटूही की टीम ने जसाना को हराने के लिए पूरा जोर लगाया। जसाना ने 70 रन बनाए थे, लेकिन बटूही ने बिना दबाव के 71 रन बनाकर सेमीफाइनल अपने नाम कर लिया। बटूही के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में संतुलित प्रदर्शन किया।

इस महत्वपूर्ण मुकाबले में भाजपा नेता एवं प्रधान शकुंतला मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं, साथ ही कुटलैहड़ भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा भी विशेष अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। इन गणमान्य व्यक्तियों ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की और उनके प्रदर्शन की सराहना की, अब सबकी नजरें आज होने वाले फाइनल मुकाबले पर हैं, जहां बटूही और रत्न 11 की टीमें डूमखर मैदान में आमने-सामने होंगी। दोनों टीमें जबरदस्त फॉर्म में हैं, जिससे मुकाबला बेहद रोमांचक होने की संभावना है। डूमखर मैदान में क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। टूर्नामेंट के आयोजकों ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।


अनंत Classifieds
विज्ञापन के लिए संपर्क करें 9015226376

Rainbow INTERNATIONAL SCHOOL
(Nur-XII) Affiliated to C.B.S.E.
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2025-2026
HOSTEL FACILITY AVAILABLE
Nagrota Bagwan, (H.P.), Tel.: 01892-251592, 249222, 7807849222
Email:rainbowinternationalschool@rediffmail.com
Website: www.risnagrota.com

रतन ज्वेलर्स के मालिक राजू गढ़ वाले
सुनार राजू गढ़ वाले रतन ज्वेलर्स लोअर बाजार भवारना
हमारे यहां गोल्ड ज्वेलरी (HUID) हॉलमार्क 22 कैरेट में तैयार की जाती है।
RATTAN JEWELLERS
Lower Bazar Bhawarna 9882749027 9418787712

ज्योत्सना आई.टी.आई लोहारीं हमीरपुर (हि.प्र.) 177020
1. मकैनिक मोटर व्हीकल 2. इलैक्ट्रीशियन 3. फिटर, 4. बैल्डर 5. पलम्बर
मो. 9418083232, 9418583232 9418683232
Email: jyotsnaiti@ymail.com
Website: www.jyotsnaitihamirpur.com

NEERAJ AGENCIES PRIVATE LIMITED
Near Old Bus Stand, Nagrota Bagwan 176047 Distt. Kangra
Ph. 01892-252088 Mob. 98160-72088

GAYAN JYOTI PUBLIC HIGH SCHOOL PATHIAR
(Affiliated to H.P.B.O.S.E. Dharamshala)
ADMISSION OPEN
Pre-Nursery to 10th
Mob. 86288-03434, 94188-34317

Mill Approved Retail Counter of Mayur
Mob. 98164-43466 (Abhinav)
Mob. 97366-62924 (Raju Dhawan)
Prop. Girish Kumar Parminder Kumar J.R.D.
Jagat Ram Dhawan
Suiting Shirting & Dress Material
Main Bazar, Nagrota Bagwan Distt. Kangra (H.P.)

NEW BRIGHT SUN SEN. SEC. SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
+1/+2, Medical & Non-Medical
NEAR PETROL PUMP MEHRE BARSAR
CONTACT :- 82194-42097

MOTHERKRAFT HOSPITAL
Crafting Women's Health at Every Step
Complete Women's Healthcare Destination
• Obstetrics • Gynecology • Pathology
• Ultrasound • Pediatrics • Neonatology
• Laproscopy • Infertility
Dr. Vani Sharma MBBS, DGO Laproscopic Surgeon & Infertility Specialist
Motherkraft, Matour Palampur Road Near Utsav Palace, Ghurkari, Kangra
CALL US:- 01892-299088 80914-11099, 80914-11088

HIMALYAN'S HOLYFAITH SR. SEC. SCHOOL, PATHIAR
GEMS OF HOLYFAITH
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26

D.D.U. B.E.d. COLLEGE
अध्यक्ष दीनदयाल उपाध्याक्ष स्मारक समिति एवं दीन दयाल उपाध्यक्ष बी.एड. कॉलेज मैहरे (बड़सर) जिला हमीरपुर (हि.प्र.) 174305
फोन:- 01972-288072, 288010, मो. 09816688072
मो. 8261954956, 8894915086, 9805047309

DDM SAI COLLEGE
Affiliated to HPU Shimla & Approved by BCI, NCTE
B.A.LL.B., LL.B. B.Ed., D.El.Ed.
Kalar (Nadaun) P.O. Jalari, Distt. Hamirpur (H.P.)
Tel. 01972-233720, Mob. 9418042219
Email : contactddmsai@gmail.com

SRI SAI GROUP OF INSTITUTES PATHANKOT
ADMISSION OPEN
84271-84271, 94170-50602
ENGINEERING | POLYTECHNIC DIPLOMA | PHARMACY | HOTEL MANAGEMENT | MANAGEMENT | EDUCATION | COMPUTER APPLICATION
www.srisaigroup.in
B.TECH | CSE | ECE | EE | BBA IN COLLABORATION WITH IBM

GREEN FIELD SR. SEC. SCHOOL, NAGROTA BAGWAN
ADMISSION OPEN SESSION: 2025-26
Contact us: 01892-252979, greenfieldnagrota@rediffmail.com

PT. RAGHWANAND MEMORIAL PUBLIC SR. SEC. SCHOOL
AFFILIATED TO H.P.B.O.S.E. DHARAMSHALA (H.P.)
USTERHAR, (RADH), TEH & DISTT. KANGRA, (H.P.)
God "Make child.... We Frame Their Future"
ADMISSION OPEN
FOR NURSERY TO 10+2
Call us :- 9816434628, 9418134628, 8278785028, 01892252198
Website:. www.ptraghwanandschool.com, Email: panditraghwanand2007@gmail.com

अजय हेल्थकेयर
दवाईयां
लाइफ सेविंग दवाईयां | मधुमेह/कैंसर की दवाईयां | शल्य चिकित्सा उपकरण | सभी तरह के चिकित्सा उपकरण
यहाँ PGI, IGMC, TANDA हॉस्पिटल की दवाईयाँ मिलती हैं
Lower Ground Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road Una (H.P.) 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com
7087432364, 8699005364

MOTHER'sTOUCH SCHOOL, PIRDI
Admissions Open
Session 2025-26
Play to Class 8th
Hostel Creche
New Academic Session Starts From 3 April, 2025
Transport Available
25% Seats for Weaker Sections
70189-21646, 98160-66312 98821-27355, 98057-21734

Affiliation No. 16175
GREEN VIEW PUBLIC SCHOOL
Affiliated H.P.B.O.S.E., Dharamshala
ADMISSION OPEN Nursery to 10th
V.P.O. DADH, TEH. PALAMPUR, DISTT KANGRA, HIMACHAL PRADESH
OFFICE.: 01892252115. MOB.: 9816521168

# आनी के छात्र सिंगापुर व कंबोडिया में 17 तक सीखेंगे शैक्षणिक प्रणाली

**जितेंद गुप्ता, आनी**

पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी ने शैक्षिक व सह-शैक्षिक क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन निरंतर जारी रखा है। विगत दिवस मुख्यमंत्री सुक्खू ने पढ़ाई में अव्वल प्रदेश के 50 विद्यार्थियों को पहली बार अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के लिए शिमला से हरी झंडी दिखाई।



इन विद्यार्थियों में पीएम श्री विद्यालय आनी के दो विद्यार्थी अनुज कुमार कक्षा जमा एक तथा आर्यन कक्षा जमा दो शामिल हैं। दोनों विद्यार्थी आनी खंड के बैहना गांव से संबंध रखते हैं तथा सांस्कृतिक स्पर्धाओं में इन विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। पाठशाला के प्रधानाचार्य अमर चंद चौहान, उपप्रधानाचार्य श्यामानंद, राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता कुंदन शर्मा, एसएमसी अध्यक्ष रमेश कुमार सहित सभी शिक्षकों तथा एसएमसी सदस्यों ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की। ये विद्यार्थी राज्य स्तरीय दल के साथ सिंगापुर तथा कंबोडिया में 17 फरवरी तक वहां की शैक्षणिक प्रणाली, संस्कृति, ऐतिहासिक धरोहरों आदि का प्रत्यक्ष अवलोकन करेंगे। पाठशाला की शास्त्री शिक्षिका आशा कुमारी का चयन भी 21 फरवरी से अंतराष्ट्रीय शैक्षिक भ्रमण के लिए हुआ है तथा प्रवक्ता कुंदन शर्मा का नाम भी प्रस्तावित है। जमा दो के हरीश कुमार व कक्षा दसवीं के दिव्यांश ने जनवरी माह में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में दस दिवसीय राष्ट्रीय जमूरी में भाग लिया था। जनवरी माह में ही पाठशाला की जमा एक की छात्रा अमृता ने राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया ओपन सिलंबम प्रतियोगिता में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

इससे पूर्व पाठशाला के सांस्कृतिक दल इसी वर्ष जनवरी माह में भोपाल तथा ग्वालियर में संपन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिमाचल का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शैक्षिक क्षेत्र में पाठशाला के बोर्ड परीक्षा परिणाम हमेशा उत्कृष्ट रहे हैं तथा प्रतिवर्ष टॉप में मेरिट सूची में विद्यालय के विद्यार्थी स्थान प्राप्त करते रहे हैं। प्रधानाचार्य ने क्षेत्र के सभी अभिभावकों से अपने बच्चों को राज्य, राष्ट्रीय तथा अंतराष्ट्रीय स्तर पर अवसर प्रदान करने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पाठशाला में प्रवेश लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि कक्षा 6 से 9 तक 13 फरवरी तथा कक्षा 10 से 12 में एक अप्रैल से प्रवेश आरंभ होगी। (अनंत ज्ञान)

## कमेटी नशा तस्करों के खिलाफ पंचायत में रखेगी नजर

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** मंडलगढ़ पंचायत के अंतर्गत आने वाले डोभी, शिम, डोहलू नाला, पडाछा और गोगलू के सैकड़ों लोगों ने शुक्रवार को एक जनसभा में चिट्टा बेचने और पीने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का फैसला लिया। यह फैसला कुछ दिन पहले इलाके में एक लड़के की नशे के कारण हुई मौत के बाद लिया गया है। पंचायत प्रधान पुष्पा देवी ने लोगों को नशे के बारे में जागरूक किया और उन्हें इसके खतरों के बारे में बताया।

इसके अलावा, एक कमेटी का गठन किया गया है, जिसमें 40 पुरुष और 35 महिलाएं शामिल हैं। यह कमेटी नशा तस्करों के खिलाफ पूरी पंचायत में नजर रखेगी और उनकी सूचना पुलिस और स्थानीय पंचायत को देगी। पुलिस थाना प्रभारी रजत शर्मा ने भी लोगों को जागरूक किया और उन्हें बताया कि यदि कोई बाहरी व्यक्ति इलाके में नशा करता या बेचता हुआ पाया जाता है, तो कमेटी पुलिस को तुरंत संपर्क करेगी और पुलिस तुरंत कार्रवाई करेगी।

## रिश्वत मामले के तीनों आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

विजिलेंस विभाग की टीम द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचे गए तीनों आरोपी 10 फरवरी तक पुलिस रिमांड पर रहेंगे। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ एक फूड सेफ्टी अफसर और चपरासी को विजिलेंस ने शनिवार को कोर्ट में पेश किया।

यहां से तीनों आरोपियों को 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। विजिलेंस की टीम ने तीनों आरोपियों को 1 लाख 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से गिरफ्तार किया था। पुलिस रिमांड में जाने के बाद अब तीनों आरोपियों का निलंबन भी तय माना जा रहा है। संभवतः सोमवार को इस दिशा में संबंधित विभाग निलंबन के आदेश जारी कर सकता है। पुलिस रिमांड मिलने के बाद विजिलेंस अब आरोपियों के बैंक खातों और अन्य प्रॉपर्टी की जांच कर सकती है। शुक्रवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में विजिलेंस विभाग की टीम ने तीनों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया था। विजिलेंस की टीम ने मौके से 1 लाख 10 हजार रुपए की राशि भी जब्त की

अनंत ज्ञान फॉलोअप

थी और गिरफ्तार किया था। खाद्य सुरक्षा विभाग में सहायक आयुक्त के पद पर तैनात अधिकारी ने मनाली के एक होटल कारोबारी पदमचंद से मामले को दबाने के लिए 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। पदमचंद ने इस बारे विजिलेंस को सूचना दी और विजिलेंस की टीम ने भी आगामी कार्रवाई की तैयारी की। पदम चंद जैसे ही ढालपुर में खाद्य सुरक्षा विभाग के कार्यालय पहुंचा, तो अधिकारी महिला ने यह रकम फूड सेफ्टी ऑफिसर पंकज को देने के लिए कहा, जब वह अधिकारी को राशि देने पहुंचा, तो यह राशि विभाग में कार्यरत चपरासी केशव राम को देने के लिए कही। पदम चंद ने केशव राम को यह राशि दी और उसी समय विजिलेंस की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और उन्होंने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। उधर, विजिलेंस विभाग के डीएसपी अजय ने बताया कि तीनों आरोपियों को 10 तक पुलिस रिमांड पर भेजा है। (अनंत ज्ञान)

## कैफे का मैनेजर पांच हजार नकदी सहित लैपटॉप लेकर फरार

**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार थाने में जिभी के निजी कैफे संचालक द्वारा बंजार थाने में मैनेजर के खिलाफ नकदी चोरी सहित लैपटॉप लेकर फरार होने का मामला दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार बंजार थाने में सोनाक्षी दहिया जी-5, किंग्सबरी अपार्टमेंट, टीडीआई-सिटी, कुंडली, हरियाणा-131028 एंजो कैफे, संचालक द्वारा थाने आकर शिकायती पत्र दिया कि मेरा जिभी में एंजो कैफे है।

प्रकाश कुमार माली पुत्र हिम्मत मल, पता-सुमेरपुर, पाली, उपापुरी गेट, राजस्थान पिनकोड-306902 पिछले 9 माह से मैनेजर के पद पर कार्यरत था, जो एंजो कैफे चलाता था। 3 फरवरी की सुबह वह बिना बताए, लैपटॉप, आई फोन सैमसंग टैबलेट, सोनी डीएसएलआर कैमरा और लगभग 5000 की नकदी लेकर भाग गया। उक्त कैफे संचालक की शिकायत पर बंजार पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है व आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## बतोट के जंगल में महिला ने काटा 2 लाख का देवदार का पेड़

**अनंत ज्ञान, आनी**

**वन विभाग को मिली गुमनाम शिकायत, जांच में घर से बरामद हुई लकड़ी**

कुल्लू जिले के वन मंडल आनी के अंतर्गत वन विभाग ने एक महिला के खिलाफ अवैध पेड़ कटान का मामला दर्ज किया है। मामले के अनुसार वन विभाग को 2 फरवरी को एक गुमनाम शिकायत मिली थी, जिसमें बतोट के जंगल में देवदार के पेड़ की अवैध कटाई की सूचना दी गई थी।

डीएफओ आनी स्थित लुहरी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मौके का निरीक्षण किया, जहां पनेयो वन ब्लॉक के पटना बीट में प्रथम श्रेणी का एक देवदार का पेड़ कटा हुआ मिला। जांच में पता चला कि गांव मंछानी की रहने वाली लीला देवी पत्नी योग राज ने यह पेड़ काटा था। वन विभाग की टीम ने गवाह रफ्तार ठाकुर की मौजूदगी में आरोपी महिला के घर से काटी गई लकड़ी को भी जब्त कर लिया। लकड़ी को सुरक्षित अभिरक्षा के लिए रेंज कंपाउंड, चवाई में रखा गया है। विभाग ने महिला को मामले को सुलझाने का मौका दिया, लेकिन महिला ने वन उत्पाद का मूल्य अधिक होने का हवाला देते हुए भुगतान करने में असमर्थता जताई।

वन विभाग की जांच में पाया कि काटे गए पेड़ की कीमत 2 लाख रुपए से अधिक है, जो वन अधिकारियों की समझौता करने की शक्तियों से बाहर है। इस कारण डिप्टी रेंजर राकेश कुमार की शिकायत पर आरोपी महिला के खिलाफ भारतीय वन अधिनियम की धारा 41, 42 के तहत पुलिस में एफआईआर दर्ज की गई है।

## कमल खिलने की खुशी में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, सैंज।** देश की राजधानी दिल्ली के विधानसभा चुनावों में पार्टी की प्रचंड जीत पर भाजपा सैंज मंडल के कार्यकर्ताओं ने कमल खिलने की खुशी में बाजार में एक रैली निकाली। भाजपा सैंज मंडल के अध्यक्ष अमर ठाकुर की अगवाई में विजय जुलूस निकालकर कार्यकर्ताओं ने पार्टी की ऐतिहासिक जीत पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा सहित तमाम नेताओं को बधाई दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष अमर ठाकुर ने कहा कि विधानसभा चुनावों में दिल्ली के बुद्धिजीवी मतदाताओं ने आप के नेता अरविंद केजरीवाल की जन विरोधी नीतियों का करारा जवाब दिया है। भाजपा की नई सरकार वर्षों बाद ऐतिहासिक बहुमत से अब राजधानी दिल्ली के विकास में एक नई इबारत लिखेगी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में नई सरकार को लेकर मिठाइयां भी बांटी।

## नौतोड़ मामले में राज्यपाल को गलत ठहराना उचित नहीं : रवि

**अनंत ज्ञान, मनाली**

लाहौल-स्पीति के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार में जनजातीय मंत्री के पद पर आसीन नेता जनजातीय इलाकों में नौतोड़ न देने के बारे सीधे तौर पर राज्यपाल को दोषी ठहरा रहे हैं, जो कि गलत है। यह बात उन्होंने मनाली में पत्रकार वार्ता में कही।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल जैसे संवैधानिक पद की गरिमा बनाए रखने और अनाप शनाप बयानबाजी से बचने को कहा। रवि ने कहा कि केंद्र सरकार ने वनाधिकार नियम-2006 लागू किया है, जिसके तहत जनजातीय समुदाय के लोगों ने 13 दिसंबर, 2005 से पहले वनभूमि पर कब्जा किया हो, तो उन कब्जाधारियों को जिला स्तर पर अधिकार पत्र मिलेगा। सरकार को चाहिए कि अधिक से अधिक लाभार्थियों को



इसका लाभ दें। उन्होंने कहा कि क्या ओपीएस कांग्रेस पार्टी दे रही है या प्रदेश सरकार। उन्होंने कहा कि सरकार किसी की भी हो ओपीएस प्रदेश में जारी रहेगा। इस मौके पर लाहौल-स्पीति भाजपा के जिलाध्यक्ष रिगजिन हायरपा ने कहा कि भाजपा का जिले में सदस्यता अभियान पूरा हो चुका है और लगभग 5000 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा कि जिले में तीनों मंडलों की कार्यसमिति पूरी हो चुकी है, जिसका विवरण आलाकमान को भेजे जा रहे हैं। इस मौके पर उदयपुर उपमंडल के अध्यक्ष किशोरी रावत भी मौजूद रहे।

## कल पूर्व छात्र संगठन अरछंडी की बैठक

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पूर्व छात्र संगठन अरछंडी के अध्यक्ष मनोहर लाल ठाकुर ने बताया कि संगठन की मासिक एवं विशेष बैठक विद्यालय के प्रांगण में 10 फरवरी को आयोजित की जाएगी। बैठक में विद्यालय के खेल मैदान के निर्माण पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में कार्यकारिणी के विस्तार सहित संगठन की सदस्यता बढ़ाने पर भी चर्चा की जाएगी। विद्यालय की पहली से दसवीं कक्षा के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को संगठन द्वारा पुरस्कृत करने पर चर्चा की जाएगी, ताकि छात्रों को प्रोत्साहित किया जाए। मनोहर ठाकुर ने कहा कि पूर्व छात्र संगठन स्कूल प्रबंधन समिति के साथ मिलकर स्कूल के विकास के लिए कार्य करेगा।

## गोजरा पंचायत ने सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, मनाली**

**जनवरी-2022 से लगातार हर रविवार पूरी पंचायत से कचरा उठाया जा रहा**

शनिवार को पंचायत गोजरा द्वारा गोजरा व खखनाल गांव में संपूर्ण सफाई अभियान का आयोजन किया गया।

इसमें ग्राम पंचायत के सदस्यों, ग्रामीणों, राजकीय प्राथमिक पाठशाला गोजरा के विद्यार्थियों, कार्तिक महिला मंडल, राधा एनजीओ खखनाल, मां पार्वती स्वयं सहायता समूह खखनाल, स्कंद महिला मंडल खखनाल ने भाग लिया। सभी ने समस्त पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई की और कूड़े-कचरे को एकत्रित किया। पंचायत प्रधान हुकम राम ठाकुर ने बताया कि शनिवार को सभी के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया। उन्होंने सभी निवासियों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत गोजरा जनवरी 2022 से लगातार हर रविवार पूरी पंचायत का कचरा उठा रही।

ऐसा करने वाली यह एकमात्र पंचायत है, जो स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रख रही है। इस स्वच्छता कार्य का प्रभाव पंचायत में साफ तौर पर देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि आसपास के क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए लोगों को प्रेरित करने के लिए समय-समय पर स्वच्छता अभियान चलाया जाता है और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक व प्रेरित करने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा की जागरूकता के प्रति हरिपुर में निकाली रैली

**अनंत ज्ञान, आनी**

**स्लोगन और निबंध लेखन नाटक, भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत**

राजकीय महाविद्यालय आनी में सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह के तहत शनिवार को हरिपुर बाजार में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। सुरक्षित ड्राइव विषय पर आयोजित इस रैली को कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दिनेश सिंह कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का नेतृत्व क्लब अध्यक्ष अंकित ठाकुर, सचिव अंशिका शर्मा और उपाध्यक्ष करुणा शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में प्रोफेसर विजय कुमार और डॉ. धन प्रकाश सहित कई वरिष्ठ शिक्षक मौजूद रहे। रैली के बाद छात्रों ने सड़क सुरक्षा पर जागरूकता फैलाने के लिए एक प्रभावशाली नाटक की प्रस्तुति दी, जिसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि डॉ. दिनेश सिंह कंवर और विशिष्टातिथि प्रोफेसर नरेंद्र पॉल ने क्विज, पोस्टर मेकिंग, स्लोगन लेखन, निबंध लेखन, नाटक और भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया।

कार्यक्रम का संचालन मिस लवली ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्लब सचिव अंशिका शर्मा ने किया। समारोह में डॉ. संगीता नेगी, डॉ. रजनीश ठाकुर, प्रोफेसर विनोद कुमार, प्रोफेसर निर्मल सिंह, प्रोफेसर संजय दत्त, प्रोफेसर रोहित कटोच, प्रोफेसर राधिका नेगी, प्रोफेसर पुष्पा गुलेरिया, प्रोफेसर अशोक कुमार और प्रोफेसर अनिल कश्यप सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

### श्रवण कुमार की याद में गड़सा में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

## गड़सा ने सियाह को हराकर जीती क्रिकेट ट्रॉफी



**अनंत ज्ञान, भुंतर**

युवक मंडल स्याह की ओर से गड़सा घाटी के क्रिकेट खिलाड़ी स्वर्गीय श्रवण कुमार की याद में गड़सा स्कूल के प्रांगण में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें बुधराम सेवानिवृत्त अधीक्षक बिजली विभाग ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ आए चेतराम कौंडल, पुरखु राम राठौर, भागचंद, दतराम विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि और उनके साथ आए हुए महानुभावों का युवक मंडल कमेटी ने गर्म जोशी के साथ स्वागत किया और टोपी तथा मफलर पहनाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए पढ़ाई और खेलकूद में भाग लेने को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज का युवा नशे के दलदल में फंसता जा रहा है इसलिए नशे के कारोबार को करने वालों के खिलाफ व नशे की चपेट में आए युवाओं को समझाने के अभियान चलाना पड़ेगा और इसमें आप सभी सहयोग करें। इस खेलकूद प्रतियोगिता में सियाह व गड़सा से आए खिलाड़ियों ने भाग लिया और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया, जिसमें गड़सा की टीम विजयी रही।

## प्रणव राणा मिस्टर और कनिष्का बनी मिस फेयरवेल

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल पतलीकूहल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें जमा 1 के स्टूडेंट्स ने जमा 2 के स्टूडेंट्स को फेयरवेल दी।



इस अवसर पर कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रणव राणा को मिस्टर फेयरवेल और कनिष्का को मिस फेयरवेल चुना गया। इसके अलावा, भरत गिर और अंजली को मिस्टर और मिस पर्सनालिटी के खिताब से सम्मानित किया गया। फेयरवेल पार्टी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसमें स्कूल की छात्राओं ने कुल्लवी नाटी की प्रस्तुति दी। फैशन शो, गाने और अन्य कार्यक्रमों ने भी समारोह को आकर्षक बनाया। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर ने कहा कि यह फेयरवेल पार्टी बच्चों के लिए एक यादगार पल था और उन्होंने आशा की है कि ये बच्चे आगे जाकर एक सुनहरे भविष्य का निर्माण करेंगे। कार्तिक, करीना, संस्कृति, खुशी द्वारा कुल्लवी गीत कोखे तू होली झुरिये, गोरा तेरा मुहड़ू झप केरदा, तेरे आंगणा, छाता भूलू सहित कई हिंदी गाने गाकर सभी का खूब मनोरंजन किया। इस फेयरवेल पार्टी की खास प्रस्तुति मिस्टर फेयरवेल और मिस फेयरवेल रही, जिसके लिए सभी स्टूडेंट्स काफी उत्साहित रहे।

## कल गांधीनगर में होगी पेंशनर्स की मासिक बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक सोमवार को होटल वैशाली गांधीनगर कुल्लू में होगी।

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय बिहारी भारद्वाज करेंगे, जबकि जिला प्रधान सेस राम ठाकुर, महासचिव मोहर सिंह सीस विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में कुल्लू मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव वर्ष 2025-2028 पवन भल्ला संयुक्त सचिव जिला की देख-रेख में संपन्न होंगे, जिसमें मंडल के विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, रोकड़िया, सदस्य 3 तथा जिले के लिए 3 अन्य सदस्य कुल 10 पदों पर चुनाव होंगे। उन्होंने कुल्लू मंडल के सभी पेंशनर्स एवं पारिवारिक पेंशनर्स से चुनावी प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की।

**जश्न** दिल्ली में भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर आनी और निरमंड में कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और मिठाई बांटी

# विजय जुलूस में 'भाजपा जिंदाबाद' के लगे नारे



**अनंत ज्ञान, आनी**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के उपलक्ष्य में हिमाचल प्रदेश के आनी और निरमंड में शनिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

आनी में मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला, जिसमें मोदी जी को जय श्री राम और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे गूंजे। आनी के पुराने बस अड्डे पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े और स्थानीय लोगों में लड्डू बांटकर खुशी साझा की। मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और संगठन मंत्री पवन राणा को बधाई दी।

भाजपा नेताओं ने कहा कि दिल्ली के मतदाताओं ने आम आदमी पार्टी की जनविरोधी नीतियों को नकारते हुए भाजपा को बहुमत देकर राजधानी के विकास का नया अध्याय लिखा है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता शशि मल्होत्रा, जिला उपाध्यक्ष रफ्तार ठाकुर और विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी मोनू भारद्वाज ने इस जीत को देश की राजनीति में बड़े बदलाव के रूप में देखा। कार्यक्रम में भाजपा मंडल के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर, ओंकार टीडी शाह, संदीप गोल्डी, रिंकू राणा, सीमा शर्मा, चमन शर्मा, राजेश ठाकुर और राम कृष्ण सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं, हिमाचल प्रदेश के निरमंड में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार जश्न मनाया। निरमंड बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पटाखे फोड़े और स्थानीय लोगों के बीच मिठाई बांटी। कार्यक्रम में पंचायत समिति के उपाध्यक्ष बिंद राम, पूर्व मंडल महामंत्री विदेश निगम, ग्राम केंद्र अध्यक्ष लोकेश शर्मा, पूर्व ग्राम केंद्र अध्यक्ष दयानंद शुक्ला प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा युवा मोर्चा के महामंत्री धर्मपाल नेगी और उपाध्यक्ष जितेंद्र चौहान भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## 27 वर्षों बाद भाजपा ने दिल्ली में हासिल की जीत

**अनंत ज्ञान, पतीलकूहल।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 27 वर्षों बाद जीत हासिल की है, जो एक ऐतिहासिक पल है। इस जीत के साथ ही, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को दिल्ली की जनता ने अपना समर्थन दिया है। यह बात प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के महासचिव अखिलेश कपूर ने कही। उन्होंने कहा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के सफल नेतृत्व एवं हिमाचल के सपूत दिल्ली प्रदेश के महामंत्री संगठन पवन राणा के कुशल मार्गदर्शन में दिल्ली भाजपा ने यह जीत हासिल की है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा ने आप के सभी दावों को नकार कर दिया है और एकतरफा जीत हासिल की है। यह जीत भाजपा के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, जो देश की राजधानी में हासिल हुई है। इस जीत में हिमाचल के नेताओं की भी अहम भूमिका रही है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर, विधायक विनोद कुमार, विधायक प्रकाश राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा युवराज बौध, हिमाचल प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी, प्रदेश सचिव महिला मोर्चा वर्षा ठाकुर, मनीषा सूद सहित हिमाचल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने दिल्ली में भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान दिया है।

## माल रोड मनाली में निकाली विजय रैली, मनाया जश्न

**अनंत ज्ञान, मनाली।** दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत पर मनाली में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने मालरोड मनाली में विजय रैली निकाल कर जश्न मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अबसर पर लड्डू बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी।

मनाली में आज सुबह से ही लोग दिल्ली चुनाव के परिणाम को देखने के लिए टेलीविजन और मोबाइल फोन पर जानकारी लेते रहे, जैसे ही परिणाम भाजपा के पक्ष में घोषित हुए मनाली भाजपा के कार्यकर्ता माल रोड पर एकत्रित हुए व रैली निकाल कर जश्न मनाने लगे। मनाली शहरी भाजपा अध्यक्ष अजय अबरोल व नगर परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि यह जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और उनकी गारंटी पर जनता के विश्वास को दर्शाती है। उन्होंने बताया कि दिल्ली की जनता अरविंद केजरीवाल के झूठे वादों से परेशान थी और इस चुनाव में जनता ने अहंकार और अराजकता को नकारते हुए भाजपा के सुशासन को चुना है।

## पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत के कारण जीत संभव : सुरेंद्र शौरी



**अनंत ज्ञान, बंजार**

दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा को ऐतिहासिक जीत हासिल हुई है। 27 वर्षों के बाद भाजपा दिल्ली ने आखिरकार सत्ता में काबिज होने में कामयाब हुई है। इस ऐतिहासिक जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिठाइयां बांटकर व आतिशबाजी कर खुशी मनाई।

बंजार भाजपा ने भी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की ऐतिहासिक जीत का बंजार नगर में मिठाई बांट व आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस अवसर विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण यह जीत संभव हुई है। दिल्ली की जनता ने आप के झूठ को लताड़ लगाकर भाजपा की नीतियों पर विश्वास किया है।

निश्चित तौर पर भाजपा सरकार दिल्ली के विकास और नागरिकों की सुख-समृद्धि के लिए बेहतरीन कार्य कर प्राथमिकता के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कार्य करेगी। दिल्ली में भाजपा की प्रचंड व ऐतिहासिक जीत पर विधायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ लड्डू बांटकर कर जश्न मनाया। इस ऐतिहासिक जीत के लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

# शहर के प्रवेश द्वार सपरून में खंडहर शेल्टर बना पार्किंग निर्माण में बाधा

## नशेड़ियों और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बने शेल्टर को गिराने की मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर के प्रवेश द्वार सपरून चौक पर स्थित लोक निर्माण विभाग का खंडहर हालत में पड़ा रेन शेल्टर नशेड़ियों और असामाजिक गतिविधियों का अड्डा बन गया है।

यहां प्रस्तावित पार्किंग निर्माण में भी यह बाधा बन गया है। शेल्टर की हालत इतनी दयनीय है कि फोरलने से गुजरने वाले पर्यटकों की आंखों में खटकता है। इससे शहर की सुंदरता को भी ग्रहण लग रहा है। फोर लेन बनने से पहले इसका रखरखाव पीडब्लयूडी करता था, लेकिन अब यह हिस्सा नगर निगम ने पार्किंग के लिए प्रशासन से लिया है पर संबंधित विभाग से इससे तोड़ने की अनुमति नहीं मिल रही है। ऐसे में जर्जर हालत में पड़े रेन शेल्टर नशेड़ियों की आरामगाह बन गया है। इससे स्थानीय निवासी खासकर महिला वर्ग का कॉलोनी की तरफ आना-जाना सुरक्षित नहीं है। (अनंत ज्ञान)



**नगर** निगम सोलन के वार्ड-14 पार्षद राजीव कौड़ा का कहना है कि जर्जर हो चुके रेन शेल्टर से यहां पार्किंग निर्माण में बाधा आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और संबंधित विभाग से इस शेल्टर को गिराने की मांग की गई।

### पार्किंग के लिए 10 लाख मंजूर

**नगर** निगम ने इस स्थान पर पार्किंग निर्माण की योजना मंजूर करवाई है। इसके लिए सरकार से 10 लाख रुपए की राशि मिली है। प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पार्किंग का शिलान्यास भी कर दिया है पर निर्माण कार्य तभी शुरू होगा, जब जर्जर पड़े शेल्टर को तोडा जाएगा। यहां पार्किंग बनने से करीब 50 वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी।

### राहगीरों को परेशानी

**यहां** नशे में धुत व्यक्तियों के दुर्व्यवहार के कारण महिलाओं का यहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। हाईवे से कई फुट ऊपर स्थित यह शेल्टर अब पुराना हो चुका है क्योंकि आसपास कोई बस नहीं रूकती और चौड़े किए गए हाईवे के किनारे नए रेन शेल्टर बनाए गए हैं। स्थानीय निवासी संदीप शर्मा और रिची ठाकुर ने कहा, यह अब यात्रियों के लिए उपयोगी नहीं है और यह एक उपद्रव का अड्डा बन गया है। नगर निगम को इस ढांचे को हटाने में चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की ओर जाने वाले पैदल पथ के निर्माण में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं, फोरलेन से अलग होने के चलते इस शेल्टर को गिरा कर यहां पार्किंग का निर्माण किया जा सकता है। इससे स्थानीय लोगों को पार्किंग की सुविधा होगी।

## नाहन से मेडिकल कॉलेज को शिफ्ट करने का विरोध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज को नाहन से बाहर शिफ्ट करने की सरकार की कवायद के विरोध में भाजपा नुमाइंदों समेत स्थानीय सामाजिक संगठन और संस्थाएं उतर आई हैं। शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल समेत आधा दर्जन सामाजिक संगठनों के नुमाइंदों ने इसका विरोध जताया और राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। इसके बाद नाहन परिधि गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को नाहन से बाहर शिफ्ट किया जाना जनहित में नहीं है। बसे बसाए को उजाड़कर नया बसाना किसी तरह भी उचित नहीं है। यह लोगों की सुविधा से जुड़ा मामला है इसलिए मेडिकल कॉलेज भवन को पहले के स्थान पर बनाकर इसका कार्य पूरा किया जाना चाहिए। डॉ. बिंदल ने कहा कि एमसीआई की गाइडलाइन के अनुसार 100 बीघा के करीब भूमि मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को स्थानांतरित की जा चुकी है, जबकि जगह की कमी और पार्किंग की व्यवस्था न होना इसके शहर से बाहर शिफ्ट करने का कारण बताया जा रहा है। सात मंजिला प्रशासनिक ब्लॉक बन गया है।

# सिरमौर से बारात लेकर सोलन लौट रही गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत, तीन घायल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन के कुठाड़ गांव से सिरमौर के पच्छाद क्षेत्र की कथाड़ पंचायत के शेर बड़ोल गांव आई बारात को वापस लेकर जा रही कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक अर्की के कुठार गांव से पच्छाद क्षेत्र की कथाड़ पंचायत के सेर बडोल गांव में बरात आई थी। बारात जब वापस जा रही थी, तो उसमें एक गाड़ी सेर बड़ोल गांव के साथ ही लगते बढ़ेंजी गांव में गहरी खाई में जा गिरी। खाई में गाड़ी के गिर जाने के कारण उसमें सवार योगेश (34) निवासी गांव कुठाड़ की मौत हो गई है। इसके अलावा ड्राइवर समीर कुमार (34) गांव कुठाड़ को गहरी चोटें आई हैं। इसके अलावा पुष्पेंद्र निवासी गांव कुठाड़ और भगत राम निवासी गांव कुठाड़ को भी मामूली चोटें आई हैं। थाना प्रभारी भागीरथ शर्मा ने बताया कि पुलिस को जैसे ही सूचना मिली, तो पुलिस उनके नेतृत्व में मौके पर पहुंची। घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में योगेश कुमार की मृत्यु हो गई है। गाड़ी चला रहे समीर को भी चोटें आई हैं। उसे पीजीआई रेफर किया गया है। इसके अलावा दो लोगों को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले में जांच कर रही है।

## सुलग में ट्राला अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत



**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट के सरडमरास (सुलग) में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक ट्राला एचपी-11ए-9744 अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में 27 वर्षीय चालक रमेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक रमेश कुमार जुखाला का रहने वाला था। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा ने मामले की पुष्टि की। इस हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने सड़क की खराब हालत पर चिंता व्यक्त की है। ट्रक ऑपरेटर्स का कहना है कि अंबुजा सीमेंट प्लांट को जाने वाली सड़क की हालत दयनीय है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क पर कई जगहों पर गड्ढे और दरारें हैं, जो वाहनों के लिए खतरनाक हैं। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने बताया कि यह सड़क सिर्फ बाईपास मार्ग है, जिसमें लोड गाड़ियों का जाना रहता है। यह सड़क इतनी तंग है कि ट्रक चालकों को बहुत परेशानी होती है। साथ ही लगातार छामला तक उतराई और बहुत ज्यादा तंग मोड़ हैं, जो वाहनों के लिए खतरनाक हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क की मरम्मत का काम जल्द किया जाए, ताकि हादसों को रोका जा सके।

## पाइनग्रोव स्कूल में मनाया शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल में शीतकालीन अवकाश के बाद सभी स्टाफ सदस्यों के लिए चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार का समापन हुआ। कार्यकारी निदेशक, कैप्टन एजे सिंह ने पाइनग्रोव स्कूल के गत वर्ष के कार्यक्रमों, विद्यालय की सभी उपलब्धियों तथा वर्ष 2025 के लिए नवीन योजनाओं की प्रस्तुति के साथ सेमिनार का शुभारंभ किया। नए स्टाफ सदस्यों को ग्रोवियन परिवार में सम्मिलित करते हुए प्रशिक्षित किया गया, ताकि आगे चलकर वे पल्स कार्यक्रम को समझते हुए इसमें अपनी भूमिका निभा सकें। मेयो कॉलेज, अजमेर के प्रिंसिपल सौरव सिन्हा द्वारा वेल-बीइंग एंड केयर पर शानदार सत्र प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त इस चार दिवसीय श्रृंखला के अंतर्गत आयोजित सत्रों में बच्चों की खुशी, समावेशी शिक्षा, देखभाल, ट्यूटोरियल समूह, स्वास्थ्य और स्वच्छता, डिजिटल उपकरण और सांस्कृतिक विविधता जैसे विषयों को विचारोत्तेजक प्रस्तुतियों द्वारा साझा किया गया।

# कुनिहार के जाडली में शटरिंग चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने कुनिहार थाना के अंतर्गत जाडली में शटरिंग चोरी के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए।

हाश्मदीन निवासी जाडली डाकखाना पट्टा बरौरी तह. व जिला सोलन ने पुलिस थाना कुनिहार में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि यह अपने मकान के साथ डंगा लगवा रहे हैं, जहां पर उन्होंने 18 दिसंबर 2024 को शटरिंग की 9 लोहे की प्लेटें लगा रखी थी। 19 दिसंबर को जब यह प्रातः उक्त स्थान पर गए, तो वहां पर इनकी उपरोक्त शटरिंग की प्लेटें मौजूद न थी, जिसकी तलाश इन्होंने अपने तौर पर भी की, लेकिन कही पर भी नहीं मिली, जिसे कोई नामालूम शख्स रात्रि को चोरी करके ले गया था। चोरी हुई शटरिंग की प्लेटों की कीमत लगभग 22000 रुपए है, जिस पर उपरोक्त अभियोग पुलिस थाना कुनिहार में दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान चोरी हुई संपत्ति एवं आरोपी की तलाश पुलिस थाना कुनिहार की टीम द्वारा लगातार की जा रही थी तथा पुलिस टीम के लगातार प्रयासों से उक्त मामले में संलिप्त एक आरोपी राकेश उर्फ बटू पुत्र गोपाल निवासी गांव सुणी जघाणा अजा डुमैहर तह. अर्की जिला सोलन उम्र 25 वर्ष को अर्की क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान उक्त आरोपी ने बताया कि इस वारदात में इसके साथ दो अन्य व्यक्ति भी शामिल थे, जिस पर पुलिस थाना कुनिहार की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त दो अन्य आरोपियों अमन पुत्र आशा राम निवासी गांव सुणी जघाणा डाखा डुमैहर तह. अर्की जिला सोलन उम्र 32 वर्ष व भानू पुत्र स्व. जगमोहन सिंह निवासी गाय हाटकोट डाखा कुनिहार तह. अर्की जिला सोलन उम्र 33 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार तीनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जा रहा है।



चोरी हुई संपत्ति की बरामदगी की जा रही है। जांच के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से दो आरोपी आपराधिक वारदातों में संलिप्त रहे हैं।

# चिट्टे की सप्लाई का सरगना पंजाब से गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन पुलिस ने हिमाचल में चिट्टा/हेरोइन सप्लाई के एक बड़े सरगना चला रहे व्यक्ति को पंजाब के खरड़ से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

धर्मपुर पुलिस की विशेष अन्वेषण इकाई ने गश्त व अपराधों की रोकथाम के लिए थाना क्षेत्र में मौजूद थी, तो गुप्त सूचना पर उक्त टीम ने सनवारा टोल प्लाजा के समीप दो आरोपियों वर्तिक चौहान पुत्र मंगल चौहान निवासी बुखोल भवन, धीगुधार रोड शिमला तह. व जिला शिमला उम्र 23 वर्ष, राहुल दीवान पुत्र बेबी दीवान निवासी गांव चौहाग डाकखाना मड़ावग तह. चौपाल जिला शिमला उम्र 28 वर्ष को करीब 16 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया। इस मामले में नशा तस्करी में शामिल एक अन्य आरोपी क्षितिज पुत्र प्रदीप रमलाईक निवासी गांव पुजारली डाकखाना मड़ावग तह. चौपाल जिला शिमला उम्र 23 वर्ष को पुलिस थाना धर्मपुर की टीम ने गिरफ्तार किया था। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि इस मामले में पुलिस थाना धर्मपुर की टीम द्वारा पूर्व में गिरफ्तार किए 3 आरोपियों से की गई पूछताछ, उनके मोबाइल फोनों की डिटेल/विश्लेषण के आधार पर इस खेप के मुख्य सप्लायर की लगातार निगरानी व तलाश की जा रही थी। मामले की जांच के दौरान पाया कि बरामद किया गया चिट्टा ये तीनों युवक सिरसा निवासी विजय नाम के एक युवक से खरीद कर लाए थे, जिस पर थाना धर्मपुर और साइबर सेल सोलन की टीम द्वारा विजय नामक उक्त व्यक्ति की लगातार तकनीकी निगरानी व विश्लेषण किया जा रहा था, लेकिन जांच के दौरान पाया गया कि यह व्यक्ति काफी चालाक व शातिर प्रवृति का अपराधी है, जो यह शातिर पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए लगातार अपने मोबाइल फोन, सिम तथा अपनी लोकेशन को माह नवंबर, 2024 से लगातार बदल रहा था।



पुलिस से बचने के लिए यह शातिर अपने नेटवर्क व परिचितों से केवल व्हाट्सऐप कॉल करता था, जिसके लिए यह स्थान बदल-बदल कर अस्थायी वाईफाई कनेक्शन का उपयोग कर रहा था, लेकिन साइबर सैल सोलन की टीम मामले में काफी गहनता पूर्वक इस शातिर की गतिविधियों पर लगातार नजर बनाए हुए थी। इसी कड़ी में साइबर सैल की टीम ने तकनीकी विश्लेषण से इस शातिर को सेक्टर 9 खरड़ पंजाब में ट्रेस किया, जिस पर थाना धर्मपुर की टीम ने आरोपी विजय सोनी पुत्र कश्मीरी लाल निवासी शांति नगर सिरसा, जिला सिरसा हरियाणा उमर 37 साल को खरड़ पंजाब से इस अभियोग में गिरफ्तार किया।

### आज अदालत में किया जाएगा पेश

**जांच** के दौरान पाया कि यह आरोपी नशा तस्करी का एक बहुत बड़ा सरगना है, जो काफी समय से पंजाब/हरियाणा आदि राज्यों में नशे का नटवर्क चला रहा था तथा हिमाचल के युवाओं को भी नशे का सामान सप्लाई कर रहा था। जांच के दौरान पाया कि यह काफी समय से इस धंधे में संलिप्त है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि इस शातिर ने नशे के कारोबार की कमाई से अपने नाम काफी संपत्ति अर्जित की है, जिनकी अब जांच की जा रही है। आरोपी को आज अदालत में पेश किया जाएगा। मामले की जांच जारी है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिविर में 85 यूनिट रक्त किया एकत्रित



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ के खेड़ा में शहीद सूबेदार तारा चंद स्पोर्ट्स क्लब खेड़ा की ओर से शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में भारी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया, जिसमें 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में गुरू कृपा ब्लड सेंटर रोपड़ की ओर से रक्त एकत्रित किया गया। यह रक्तदान शिविर शहीद सूबेदार तारा चंद की याद में लगाया गया। इस अवसर पर रक्तदान करने वालों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर की कार्यशाला

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** सिपेट बद्दी की ओर से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों के उद्योग प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर आईटीआई नालागढ़ के प्रधानाचार्य अजय कुमार मुख्यातिथि उपस्थित रहे। वक्ता आईबीएम के निदेशक डॉ. अमित चावला और बद्दी विवि के सहायक प्रो. रनेश कुमार ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और विनिर्माण क्षेत्र में इसके अनुप्रयोग पर विशेषज्ञ व्याख्यान दिए। कार्यशाला का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के रुझानों और उद्योगों की आवश्यकताओं को समझना था।

### शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन का शपथ ग्रहण समारोह जिला परिषद के हाल में आयोजित

# प्रधान धर्मपाल और वरिष्ठ उपप्रधान बने सुनील

**अनंत ज्ञान,सोलन**

शूलिनी ऑटो रिक्शा यूनियन सोलन का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार को जिला परिषद के हाल में संपन्न हुआ।

समारोह में एटक के प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भारद्वाज उपस्थित हुए और उन्होंने निर्वाचित सदस्यों को बधाई दी। इस दौरान मुख्यातिथि ने सभी निर्वाचित सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह से पहले नए चुने गए सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की तारीफ की। नई चुनी गई कार्यकारिणी में प्रधान धर्मपाल ठाकुर, वरिष्ठ उपप्रधान सुनील बंसल, उपप्रधान सुरेश ठाकुर, महासचिव राजेंद्र कुमार, अतिरिक्त सचिव भूपेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा,



संगठन सीचव संजय कुमार, धीरज वर्मा, श्याम लाल, मोहन लाल व कैलाश भारद्वाज, संयुक्त सचिव अनिल कुमार शर्मा, मुख्य सलाहकार रमेश चंद धीमान, कार्यालय सचिव संजीव कुमार शामिल रहे।

इसके साथ मनोनीत सदस्यों में राजेंद्र कुमार, प्रकाश चंद, योगराज, दीपक कुमार, मुकेश भाटिया, विवेक कुमार, हीरा सिंह, दिनेश, कृष्ण दत्त, धर्मपाल, बृजलाल, कर्म सिंह, मान सिंह मेहता, उदय कुमार है। विशेष आमंत्रित सदस्य राम सिंह, रवि गुप्ता, जय दत्त शर्मा, दिनेश दत्त शर्मा, मनीष सोपाल, रामनरेश गुप्ता व महिलाओं में गीता शर्मा व कुसुम शर्मा शामिल हैं।

मुख्यातिथि ने कहा कि सोलन की लाइफ लाइन कही जाने वाली ऑटो यूनियन अच्छा काम कर रही है। एक स्थान से दूसरे स्थान में लोगों को पहुंचाने के लिए, जो यह यूनियन काम कर रही है, वह काबिले तारीफ है। आगे भी ऑटो यूनियन इसी तरह लोगों की सेवा करे, यह एक सराहनीय कदम है।

शूलिनी ऑटो यूनियन के प्रधान धर्मपाल ठाकुर ने कहा कि कुछ दिनों में नई कार्यकारिणी अपना काम शुरू कर देगी और यूनियन के वार्षिक आयोजनों जागरण व भंडारे के लिए रूपरेखा तैयार कर दी जाएगी।

# श्रम कानून और शॉप एक्ट के नियमों की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

श्रम विभाग सोलन ने दाड़लाघाट बाजार का निरीक्षण किया। दाड़लाघाट में दुकानों, होटलों, बैंकों और अन्य व्यापारिक संस्थानों में बाल श्रम कानून को जांचा।

इसके अलावा श्रम कानून और शॉप एक्ट के नियमों की जानकारी दी और अवहेलना करने पर खामियाजा भुगतने के लिए भी तैयार रहने को सचेत किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि दुकानदारों ने लाइसेंस डिस्पले नहीं किए थे। इसमें कुछ ऐसे दुकानदार भी सामने आए हैं, जिन्होंने शॉप एक्ट के तहत लाइसेंस का नवीनीकरण और पंजीकरण नहीं किया था। उनको जल्द ऑनलाइन लाइसेंस के नवीनीकरण और पंजीकरण करने की चेतावनी दी गई। दाड़लाघाट बाजार के व्यापारियों ने श्रम विभाग सोलन से दाड़लाघाट में लाइसेंस पंजीकरण और नवीनीकरण करने के लिए एक शिविर आयोजित करने का आग्रह किया। श्रम निरीक्षक सोलन संत राम वर्मा ने बताया कि दुकानदारों को लाइसेंस और न्यूनतम वेतन समेत कामगारों का पूरा विवरण रखना जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही दाड़लाघाट में पंजीकरण और नवीनीकरण के लिए जागरूकता शिविर आयोजित कर श्रम विभाग की ओर से दुकानदारों को जागरूक किया जाएगा। इस मौके पर व्यापार मंडल दाड़लाघाट के सचिव और पूर्व उपप्रधान दाड़ला राजेश गुप्ता, उपाध्यक्ष हेमराज गौतम, भरत गौतम भी मौजूद रहे।

**खुशी** दिल्ली में भाजपा की जीत का मनाया जश्न और मिठाइयां बांटकर खुशी की जाहिर

# झंडे लहराकर और पटाखे फोड़कर मनाया जश्न



**अनंत ज्ञान, नाहन/राजगढ़**

सिरमौर जिले के हरिपुरधार में दिल्ली में हुई भाजपा की प्रचंड जीत के उपलक्ष्य पर विजय रैली निकाली। इस अवसर पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाजपा की जीत का जश्न मनाया और मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा के झंडे लहराकर और पटाखे फोड़कर खुशी का इजहार किया गया। कार्यकर्ताओं ने हरिपुरधार बाजार में जुलूस निकाला, जिसमें प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बलबीर ठाकुर, जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा, जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर ठाकुर, जिला महिला मोर्चा कार्यकारिणी सदस्य सुनीता ठाकुर और रेणुका मंडल महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष श्याम ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जुलूस में भाग लिया। इस अवसर पर जिला प्रवक्ता मेला राम शर्मा ने बताया कि दिल्ली में भाजपा की प्रचंड जीत ने यह साबित कर दिया है कि देश में सिर्फ भाजपा ही विकास के नाम पर बहुमत प्राप्त कर सकती है। उन्होंने कहा कि हिमाचल में सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार द्वारा महिलाओं, युवाओं और समाज के हर वर्ग को ठगे जाने का असर, अब देश की राजधानी दिल्ली तक होने लगा है और वहां कांग्रेस का पूर्ण रूप से सफाया हो गया है और साथ में आप पार्टी के झूठे वादों को भी दिल्ली की जनता ने निकाल दिया।

## दाड़लाघाट भाजपा ने भी मनाई खुशी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

दाड़लाघाट भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी मनाई।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर और पटाखे चलाकर अपनी खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर जीत का जश्न मनाया। उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मेहनत की सराहना की और दिल्ली की जनता को धन्यवाद दिया। भाजपा जिला सचिव सोलन राकेश गौतम ने कहा यह जीत भाजपा की नीतियों और कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है। इस जश्न में स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिठाइयां बांटकर और पटाखे चलाकर खुशी मनाई। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र सिंह चौधरी, जगदीश्वर शुक्ला, ओमप्रकाश शर्मा, पवन गौतम, कमल ठाकुर, विवेक वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।





## नर्सिंग में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए किया प्रोत्साहित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** एमएम नर्सिंग कॉलेज कुमारहट्टी-सोलन में व्यक्तित्व विकास पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रजिस्ट्रार अजय सिंगल ने बताया कि एमएम नर्सिंग कॉलेज, कुमारहट्टी-सोलन में व्यक्तित्व विकास और नैतिक मूल्यों विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य नर्सिंग पेशेवरों को उनके व्यक्तित्व में बदलाव लाने और छात्रों को यह जानने के लिए प्रोत्साहित करना था कि वे अतुलनीय हैं, खुद के प्रति दयालु बनें, मन और दिल में हल्कापन रखें, उत्साही रहें, पेशेवर तरीके से काम करें और बेहतर संचारक बनें। कार्यक्रम की शुरुआत मीना, सहायक प्रोफेसर द्वारा दिए गए स्वागत भाषण से हुई और उन्होंने अतिथि और छात्रों का स्वागत किया। डॉ. जसदीप सिंह संधू, प्रोफेसर और वाइस प्रिंसिपल, एमएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कुमारहट्टी-सोलन ने छात्रों को नर्सिंग क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल करने और नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# दिल्ली में भाजपा को मिली जीत ऐतिहासिक : शैलेंद्र गुप्ता





**अनंत ज्ञान, सोलन**

भाजपा को दिल्ली में 27 वर्ष के बाद मिली प्रचंड जीत का जश्न सोलन में भी मनाया गया। भाजपा शहरी मंडल सोलन ने पुराना बस स्टैंड में एकत्र होकर मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी मनाई।

कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां खिलाकर एक-दूसरे को बधाई दी। शनिवार दोपहर को भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के पक्ष में नारे लगाकर खुशी का इजहार किया। दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भारी संख्या में पहुंचकर जोरदार नारेबाजी की। शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में भाजपा को मिली जीत ऐतिहासिक है। उन्होंने बताया कि लगभग 27 साल के बाद दिल्ली में भाजपा ने वापसी की है। यह जीत जनता की जीत है। उन्होंने कहा की दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी की जनविरोधी नीतियों को जनता ने जवाब दिया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इस जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, अमित शाह समेत प्रदेश नेतृत्व को बधाई दी।

## सरकार की चलाई योजनाओं के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय डिग्री कॉलेज सराहां में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल व आईटीआई सराहां के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम एवं पीएम इंटर्नशिप प्रोग्राम विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को उनके कौशल को विकसित करने एवं उनके लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने पर जोर दिया गया। विद्यार्थियों को सरकार द्वारा चलाई गई अन्य योजनाओं के विषय में बताया गया, जिससे कि वह अपने कौशल को विकसित करने के साथ-साथ रोजगार भी प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में आईटीआई सराहां से करमजीत सिंह व उनके सहयोगी प्रदीप उपस्थित रहे। कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य जगमोहन ठाकुर ने भी विद्यार्थियों का अपने संबोधन से मार्गदर्शन किया। डॉक्टर राजन कौशल ने मंच का संचालन किया व इस अवसर पर डॉ. सुध्यान नेगी, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. सुदेश कुमार, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण चोपटा आदि मौजूद रहे।

# पीएनबी चंडीगढ़ मंडल का होम लोन एक्सपो संपन्न



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

शनिवार को पंजाब नैशनल बैंक सेक्टर-17 चंडीगढ़ स्थित मंडल कार्यालय द्वारा हिमाचल भवन सैक्टर 28 चंडीगढ़ में चल रहा दो दिवसीय पीएनबी होम लोन एक्सपो संपन्न हो गया है। एक्सपो के दूसरे दिन प्रधान कार्यालय से राकेश गांधी मुख्य महाप्रबंधक मुख्यातिथि के तौर पर आए और एक्सपो का जायजा लिया। इस दौरान डॉ. राजेश प्रसाद अंचल प्रबंधक एवं संजीव सिंह मंडल प्रमुख मौजूद थे।

गांधी ने उपस्थित शाखा प्रमुखों से कहा कि जो कार्य इन दो दिनों में हुआ है उसी समर्पण से वर्षभर कार्य करना है और ग्राहकों को सर्वोत्तम सेवाएं प्रदान करनी हैं। ज्ञातव्य है कि इस एक्सपो में ट्राइसिटी के बिल्डर, सोलर पैनल के वेंडर एवं कार डीलरों ने अपनी स्टॉल लगाई हुई है। राकेश गांधी जी एवं डॉ. राजेश प्रसाद द्वारा ग्राहकों को इन प्रिंसिपल ऋण अनुमोदन पत्र प्रदान किए गए। मंडल प्रमुख संजीव सिंह ने राकेश गांधी और डॉ. राजेश प्रसाद सहित सभी अधिकारियों, एक्सपो में भाग लेने वाले बिल्डरों और ग्राहकों का आभार व्यक्त किया।

# मेवात में रेल मार्ग बनने से लोगों की आवाजाही होगी सुगम : सीएम सैनी

## उद्योग लगने से युवाओं के लिए रोजगार के खुलेंगे रास्ते

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री मोदी के विजन को साकार करते हुए केंद्र व हरियाणा राज्य की डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के विकास के कार्य कर रही है। इसी कड़ी में शहीद हसन खान मेवाती से प्रेरणा लेते हुए मेवात में विकास के कार्य कर रही है। मेवात को रेलमार्ग से दिल्ली व अलवर से सीधा जोड़ने के लिए यहां पर रेल परियोजना को अमलीजामा पहनाया जाएगा। इसके लिए सरकार ने बजट का भी प्रावधान किया है। मेवात में रेलमार्ग का निर्माण होने से न सिर्फ मेवात के लोगों की आवाजाही सुगम होगी, बल्कि यहां के युवाओं के लिए रोजगार के लिए भी नए रास्ते खुलेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत देश के 115 पिछड़े जिलों को चिन्हित किया गया है, जिनमें से नूंह को प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले आकांक्षी जिला अंकित किया है। प्रधानमंत्री स्वयं इस जिले के स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा,



कृषि व कौशल विकास से संबंधित कार्यों की मॉनिटरिंग भी करेंगे।

मुख्यमंत्री शनिवार को यहां अपने निवास संत कबीर कुटीर में आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। आल इंडिया मेवाती पंचायत के प्रतिनिधियों ने मेवात में रेलवे लाइन बिछाए जाने की परियोजना को मंजूरी दिए जाने पर सीएम सैनी का पगड़ी पहनाकर सम्मान किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मेवात क्षेत्र में 178 एकड़ जमीन पर एलटीएल बैटरी उद्योग लगेगा, जिसमें 7197 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। इस परियोजना से मेवात क्षेत्र के करीब 7 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसी तरह से सरकार ने मेवात क्षेत्र में आईएमटी स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे इस क्षेत्र में उद्योंगों को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। हरियाणा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का ही नतीजा है कि मेवात क्षेत्र में भी निवेशकों का निवेश करने के प्रति रुझान बढ़ रहा है। यहां पर नए-नए उद्योग स्थापित हो रहे हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की स्वामित्व योजना से मेवात क्षेत्र को लाल डोरा मुक्त किया गया है, जिसके तहत 396 गांवों की 1 लाख 25 हजार 158 संपत्तियां चिन्हित की गई थीं, जिनमें से 99 प्रतिशत लाभार्थियों को मालिकाना हक दे दिया गया है। अब ये लोग सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, पूर्व विधायक आजाद खान और इजाज खान सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# सीएम धामी ने 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति किए पत्र प्रदान



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को हिमालयन सांस्कृतिक ऑडिटोरियम गढ़ी कैंट में कृषि, उद्यान, समाज कल्याण विभाग में चयनित कुल 609 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। जिसमें 333 सहायक कृषि अधिकारी, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग में वर्ग 2 के 37 व वर्ग 3 के 227 तथा 12 सहायक समाज कल्याण अधिकारी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने सभी नवनिर्वाचित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इसके जीवन में एक नया अध्याय शुरू हो रहा है। सभी उत्तराखंड में कृषि क्षेत्र के उत्थान और समाज कल्याण के संकल्प को लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि ये युवा अभ्यर्थी अपनी मेहनत और निष्ठा से उत्तराखंड में कृषि के क्षेत्र में नवाचार करेंगे और किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के किसानों को 3 लाख रुपए तक का ऋण बिना ब्याज के दिया जा रहा है। फार्म मशीनरी बैंक योजना के माध्यम से कृषि उपकरण खरीदने हेतु किसानों को 80 प्रतिशत तक की सब्सिडी भी दी जा रही है।

राज्य सरकार द्वारा स्टेट मिलेट मिशन के माध्यम से एक निश्चित न्यूनतम समर्थन मूल्य पर मिलेट्स का क्रय करके विशेषकर पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों को उनके मिलेट्स का सही मूल्य दिया जा रहा है। किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित लगभग 18 हजार पॉलीहाउस का निर्माण किया जा रहा है। इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ ही रोजगार के साधन भी बढ़ेंगे।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने समस्त 596 चयनित वर्ग-2 व वर्ग-3 के अभ्यर्थियों तथा उनके परिवार को बधाई दी और चयनित अभ्यर्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रमोद नैनवाल, सचिव एसएन पांडेय, डॉ. नीरज खैरवाल, महानिदेशक कृषि एवं उद्यान रणवीर सिंह चौहान, निदेशक उद्यान दीप्ति सिंह आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### कबाड़ी की दुकान के पास बम मिलने से हड़कंप

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के कैंबवाला में कबाड़ी की दुकान के पास बम मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है। बम को निष्क्रिय किया जा रहा है। ऑपरेशन सेल, बम डिटेक्शन टीम और अन्य टीमें जांच में जुट गई हैं। बम मिलने वाली जगह को खाली करवा लिया गया है। एक महिला ने राहुल कार वाश के नजदीक बम मिलने की सूचना पुलिस को दी थी। बता दें कि इस तरह के बम शेल पहले भी शहर में मिल चुके हैं। एएसआई ऋषि कुमार ने बताया कि हमें सिर्फ इतना पता है कि एक डेड शेल मिला है। इसे हटाने के लिए सेना यहां आएगी। सुरक्षा के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और आम लोगों के जाने पर रोक लगा दी गई है। एक स्क्रैप डीलर को अपने पुराने स्क्रैप में बम मिला। इस तरह के मामले पहले भी हो चुके हैं। हमें सुबह 9.30 बजे सूचना मिली थी।

### चंडीगढ़ में आवासीय संपत्ति ऋण दरें बढ़ाने की कवायद

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वाणिज्यिक संपत्तियों की मौजूदा संपत्ति ऋण प्रतिशत दर को 3 प्रतिशत से 12 प्रतिशत तक संशोधित करने और उसी अनुपात में आवासीय संपत्ति ऋण दरों को बढ़ाने के लिए एक एजेंडा आइटम शनिवार को आयोजित सामान्य सदन की बैठक में रखा गया था। पहले मुख्य सचिव सम्मेलन के अनुसार संपत्ति कर सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत होना चाहिए, जिसके अनुसार चंडीगढ़ को कर से राजस्व के रूप में 600 करोड़ रुपए से अधिक उत्पन्न होना चाहिए। वर्तमान में एमसी चंडीगढ़ द्वारा 45 करोड़ रुपए की वार्षिक मांग की जाती है, जो कि निकटवर्ती नगर निगम जैसे कि मोहाली के बराबर है, जो प्रति व्यक्ति 1700 रुपए संपत्ति कर राजस्व प्राप्त करने में सक्षम है, जबकि दूसरी ओर चंडीगढ़ में प्रति व्यक्ति संपत्ति कर संग्रह 480 रुपए है। साहिबजादा अजीत सिंह नगर, मोहाली के नगर निगम के साथ तुलनात्मक विश्लेषण से पता चला कि 2.34 लाख की छोटी आबादी के बावजूद, वार्षिक संपत्ति कर की मांग लगभग 40.00 करोड़ रुपए है। इसके विपरीत 12.50 लाख की आबादी को सेवाएं देने वाले चंडीगढ़ नगर निगम की वार्षिक संपत्ति कर मांग 45.00 करोड़ रुपए है। यह असमानता निकटवर्ती शहरी स्थानीय निकायों के अनुरूप संपत्ति कर दरों को संशोधित करने की आवश्यकता को रेखांकित करती है। मौजूदा विज्ञापन को संशोधित करने के संबंध में मामला नगर निगम चंडीगढ़ के जनरल हाउस के समक्ष रखा गया है।

# सीनियर डिप्टी मेयर को साईं दरबार में किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ नगर निगम के पूर्व मेयर और गुरु चरणदास काला साईं ने सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर बंटी को दरबार में सम्मानित किया और शहर में विकास के लिए प्रेरित किया। उनकी पत्नी निर्मला देवी पार्षद ने मनीमाजरा एरिया में आ रही समस्याओं को सुलझाने के लिए कमिश्नर अमित कुमार से बात करने की अपील की। उन्होंने मनीमाजरा एरिया में पानी के कनेक्शन, मकानों की एनओसी और अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। बंटी ने उनको आश्वासन दिया कि वह कमिश्नर के साथ मीटिंग कर सभी समस्याओं का हल पहल के आधार पर करवाएंगे।



# हरियाणा की तरह दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार विकास को देगी नई दिशा : गंगवा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने दिल्ली में विधानसभा चुनाव के परिणाम को लेकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के विकास के विजन की जीत बताया है। गंगवा शनिवार को बरवाला (हिसार) में आमजन की समस्याएं सुनने के लिए पहुंचे थे। इस बीच भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा गंगवा की मौजूदगी में लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की गई।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्ग-दर्शन में जिस प्रकार से ट्रांसपेरेंसी के साथ बिना किसी



भेदभाव के तमाम राज्यों में भाजपा की सरकारें काम कर रही हैं। उसी का परिणाम है कि दिल्ली की जनता ने भी भाजपा को चुना है। हरियाणा की तरह अब दिल्ली में भी डबल इंजन की सरकार वहां के विकास को नई दिशा देगी। उन्होंने भाजपा सरकार बनने को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में जाने वाले यमुना के पानी को लेकर वहां की तत्कालीन सरकार के मुखिया और नेताओं द्वारा हरियाणा पर आरोप लगाए गए थे। उसका जवाब खुद दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को दे दिया है। हरियाणा में भाजपा सरकार ने लगातार 10 साल तक काम करते हुए हरियाणा को विकास के मामले में एक नई दिशा देने का काम किया है। वैसे ही परिणाम अब दिल्ली में भी देखने को मिलेंगे।

गंगवा ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता को गुमराह करने के मकसद से अरविंद केजरीवाल और 'आप' के नेताओं ने कई तरह के प्रोपेगेंडे चलाए थे, लेकिन वहां की जनता इस बार केजरीवाल और उनकी पार्टी के झूठे सपनों में नहीं उलझी।

# एजेंटों के जाल में फंसा करनाल का परिवार

**अनंत ज्ञान, कुरुक्षेत्र।** डॉलर की खनक के साथ सुनहरे भविष्य के सपने कथित एजेंटों ने दिखाए तो मूल रूप से करनाल के हैबतपुर गांव व हाल में परसू राम कॉलोनी में रह रहे परमजीत का पूरा परिवार ही जाल में फंस गया। एक करोड़ 20 लाख रुपए जुटाने के लिए घर बेचा तो खेत की जमीन पर लोन लिया। रिश्तेदारों व पहचान के लोगों से भी रकम उठाई। रकम एजेंटों को थमाई तो प्रताड़ना झेलते हुए अमेरिका पहुंचे, जहां से 12 दिन बाद ही हाथों में हथकड़ी व पांवों में जंजीर बांधकर संगीन अपराधियों की तरह वापस भेज दिया गया। अब यह परिवार न केवल सदमे में हैं बल्कि एक माह के दौरान दी गई यातनाएं याद कर रोने लगता है। रिश्तेदारों के घर पर ठहरे परिवार की बेबसी के आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। रिश्तेदारों से लेकर पहचाने के लोग पहुंच रहे हैं, जो ढांढस बधां उनकी हिम्मत बढ़ा रहे हैं। आरोपी एजेंटों ने संपर्क करने तक का प्रयास नहीं किया तो अब पुलिस व सरकार से न्याय की उम्मीद है, जिसके चलते पुलिस अधीक्षक को शिकायत दी।

### यूपी में सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत



**सुलतानपुर (उप्र)।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर जिले में गोसाईगंज थाना क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। मध्यप्रदेश से बस्ती की तरफ एक वाहन जा रहा था और उसमें मछलियां लदी थीं। यह वाहन पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे में आगे जा रहे एक कंटेनर से टकरा गया। थाना प्रभारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि हादसा शुक्रवार देररात हुआ, जिसमें मध्य प्रदेश के लिम्बोदा उज्जैन निवासी बने सिंह और साजापुर जिले के पाकड़ी निवासी तेजूलाल (पुत्र मेरुलाल) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है और विधिक कार्रवाई कर रही है।

### कोलकाता में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने बुर्राबाजार इलाके से तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि कार से जा रहे तीन लोगों को शुक्रवार देर रात रोका गया और कार की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किया गया। गिरफ्तार तीनों लोग उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। कार से नौ एमएम की एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, सात एमएम की एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्तौल, चार मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया गया।

### छत्तीसगढ़ में जहरीली शराब से 7 की मौत

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में बड़ा हादसा हुआ। कोनी थाना क्षेत्र के लोफन्दी गांव में जहरीली महुआ शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में गलत तरीके से महुआ शराब बेची जा रही है। माना जा रहा है कि इसी शराब को पीने के बाद लोगों की जान चली गई है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके में काफी लंबे वक्त से महुआ शराब बेची जा रही है। कई बार इसे लेकर शिकायत भी की गई थी, लेकिन कोई कोई कार्रवाई नहीं की गई।

## देश-विदेश

# महंगाई और विकास दर पर मिलकर काम करेंगे रिजर्व बैंक व सरकार : वित्त मंत्री

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया सभी मोर्चों जैसे महंगाई, विकास दर आदि पर मिलकर काम कर रहे हैं। वित्त मंत्री ने शनिवार को नई दिल्ली में रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा और वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की।



सीतारमण ने कहा कि वे अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक संसद में पेश कर सकती हैं, जिसके बाद विधेयक को संसदीय समिति के पास भेजा जाएगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्र सरकार क्रेडिट देने पर फोकस कर रही है और आगे भी इस दिशा में काम जारी रहेगा। आरबीआई गवर्नर ने एमपीसी की बैठक के बाद शुक्रवार को ऐलान किया कि रेपो में 25 बेसिस प्वॉइंट की कटौती की गई है। इसे 6.5 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया है। फरवरी 2023 से रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर स्थिर रखा था। इससे पहले 2020 में कोविड महामारी के दौरान ब्याज दरों में कटौती की गई थी, लेकिन इसके बाद धीरे-धीरे कर ब्याज दरों को 6.5 प्रतिशत बढ़ा दिया गया।

# दावा: यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर रूस का कब्जा

**एजेंसी, कीव**

**रूस** के रक्षा मंत्रालय ने एक वीडियो जारी कर यूक्रेन के जर्जिस्क शहर पर कब्जे का दावा किया। रूसी न्यूज आउटलेट के मुताबिक, यूक्रेन के डोनेट्स्क क्षेत्र में स्थित इस शहर पर रूस ने कब्जा कर लिया है।



जर्जिस्क के अलावा रूस ने यहां मौजूद दो गांव द्रुज्बा और क्रिम्सकोये पर भी कंट्रोल की बात कही। रूसी सेना ने कहा कि यूक्रेन ने शहर की रक्षा के लिए लगभग 40,000 सैनिकों को तैनात किया था। 5 महीने की लड़ाई में इसमें से 26,000 सैनिक की मौत हो गई। वीडियो फुटेज में रूसी ड्रोन्स को यूक्रेनी रसद और सैनिकों को निशाना बनाते देखा गया। रूस की डिफेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने शहर की लगभग हर इमारत को किले में तब्दील कर दिया था। शहर के उत्तरी और पश्चिमी हिस्से की रक्षा करने के लिए कई तरह की तकनीक अपनाई गई थी।

# अलास्का प्लेन हादसे में सभी 10 लोगों की मौत

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** के अलास्का में वीरवार को 10 लोगों को लेकर जा रहा चार्टर्ड प्लेन अचानक लापता हो गया था, जिसमें सवार सभी लोगों की मौत हो गई।



बेरिंग एयर के इस विमान ने अलास्का के उनालाक्लीट शहर से नोम शहर के लिए उड़ान भरी थी। प्लेन का मलबा नोम एयरपोर्ट से लगभग 54 किमी दूर दक्षिण-पूर्व में मिला। नोम वालंटियर फायर डिपार्टमेंट ने बताया कि प्लेन में 9 यात्री और एक पायलट था। फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइट रडार के डाटा के मुताबिक, उनालाक्लीट से उड़ान भरने के 39 मिनट बाद ही प्लेन रडार से गायब हो गया था। उनालकनीट से नोम की दूरी 235 किलोमीटर है।

मेरिकी तटरक्षक बल ने बताया कि विमान के अंदर 3 शवों की पहचान कर ली गई है। बाकी के 7 शव अभी भी प्लेन के अंदर हैं, लेकिन रेस्क्यू वर्कर्स उन तक पहुंच नहीं पाएं हैं।

# मुझे और मेरी मां महबूबा मुफ्ती को नजरबंद किया गया: इल्तिजा मुफ्ती

**एजेंसी, श्रीनगर**



**पीपुल्स** डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की नेता इल्तिजा मुफ्ती ने शनिवार को दावा किया कि उन्हें और उनकी मां व पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती को नजरबंद कर दिया गया है। इल्तिजा मुफ्ती ने 'एक्स' पोस्ट में कहा कि उन्हें कठुआ जाना था, जबकि महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को सेना की गोलीबारी में मारे गए ट्रक चालक के शोक संतप्त परिवार से मिलने के लिए सोपोर जाने की योजना बनाई थी। मुझे और मेरी मां दोनों को नजरबंद कर दिया गया है। हमारे घर के दरवाजे बंद कर दिए गए हैं, क्योंकि उन्हें सोपोर जाना था जहां वसीम मीर को सेना ने गोली मार दी थी। उन्होंने कहा कि मैं माखन दीन के परिवार से मिलने के लिए कठुआ जाना चाहती थी, लेकिन मुझे बाहर निकलने की भी अनुमति नहीं दी जा रही।

# बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी रद्द नहीं मिलेगी खुफिया ब्रीफिंग

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

**अमेरिका** का राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी को लेकर बड़ा फैसला लिया है। डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी को रद्द कर दिया है।

इस आदेश के बाद अब उन्हें खुफिया ब्रीफिंग नहीं मिल सकेगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक 'एक्स' अकाउंट पर इस फैसले की जानकारी दी है।

उन्होंने कहा कि बाइडेन को क्लासिफाइड इनफॉर्मेशन तक पहुंच जारी रखने की कोई जरूरत नहीं है, इसलिए हम जो बाइडेन की सुरक्षा मंजूरी को तत्काल रद्द कर रहे हैं और उनकी डेली खुफिया ब्रीफिंग को रोक रहे हैं। ट्रंप ने 2021 में यह उदाहरण पेश किया, जब उन्होंने खुफिया समुदाय (आईसी) को संयुक्त राज्य अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति (ट्रंप) को राष्ट्रीय सुरक्षा पर पहुंचने का निर्देश दिया था, जो पूर्व राष्ट्रपतियों को दिया जाने वाला शिष्टाचार है। ट्रंप यह भी दावा किया है कि हुर रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि बाइडेन की याददाश्त खराब है और ऐसे में संवेदनशील जानकारी के साथ उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। मैं हमेशा हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करूंगा। जो आपको निकाला जाता है, अमेरिका को फिर से महान बनाएं।

# अमेरिकी कोर्ट की कर्मियों को नौकरी से निकालने के आदेश पर अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क को झटका देते हुए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) के हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकालने के आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी। अमेरिकी जिला न्यायाधीश कार्ल निकोल्स ने उस आदेश पर भी रोक लगाने पर सहमति दी, जिसमें यूएसएआईडी के हजारों विदेशी कर्मचारियों को अपने परिवार समेत अमेरिका लौटने के लिए सिर्फ 30 दिन का समय दिया गया है। न्यायाधीश ने कहा कि दोनों ही आदेश से अमेरिकी कर्मचारियों और उनके परिवार के सामने अनिश्चितता की स्थिति आ गई है।

# पहले पति से नहीं हुआ डिवोर्स, फिर भी दूसरे पति से गुजारा भत्ता ले सकती हैं महिलाएं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा कि एक महिला दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 के तहत अपने दूसरे पति से गुजारा भत्ता पाने की हकदार है, भले ही उसका पिछला विवाह कानूनी रूप से बरकरार हो।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि गुजारा भत्ता जैसे सामाजिक कल्याण प्रावधानों के उद्देश्य की व्यापक व्याख्या की जानी चाहिए और सख्त कानूनी व्याख्या के कारण मानवीय उद्देश्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 125 की जगह 1 जुलाई, 2024 से प्रभावी हुई भारतीय नागरिक सुरक्षा



संहिता की धारा 144 ने ली है। शीर्ष अदालत ने दूसरे पति को अपनी अलग रह रही पत्नी को गुजारा भत्ता देने का निर्देश देते हुए 30 जनवरी के आदेश सुनाया था। न्यायालय एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जो 2005 में एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद अपने पहले पति से अलग हो गई थी, हालांकि तलाक का कोई औपचारिक कानूनी आदेश प्राप्त नहीं हुआ था। बाद में महिला की जान-पहचान उसके पड़ोसी से हुई और 27 नवंबर 2005 को दोनों ने विवाह कर लिया। मतभेद के बाद दूसरे पति ने विवाह रद्द करने की मांग की, जिसे फरवरी 2006 में एक कुटुंब अदालत ने मंजूर कर लिया। बाद में दोनों के बीच सुलह हो गई और उन्होंने दोबारा शादी कर ली, जिसका पंजीकरण हैदराबाद में हुआ। जनवरी 2008 में दोनों के बेटी हुई। हालांकि, दंपत्ति के बीच फिर से मतभेद पैदा हो गए और महिला ने दूसरे पति और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ दहेज निषेध अधिनियम के तहत शिकायत दर्ज करा दी।

# पाक ने चीन से किया 3 .4 अरब डॉलर के कर्ज का पुनर्निर्धारण करने का अनुरोध

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से चिह्नित विदेशी वित्तपोषण अंतर को पाटने के लिए चीन से 3.4 अरब डॉलर के ऋण को दो साल के लिए पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है। पिछले पांच महीनों में इस्लामाबाद ने दूसरी बार बीजिंग से अपने एक्जिम बैंक की ओर से प्रदान किए जाने वाले ऋणों को पुनर्निर्धारित करने का अनुरोध किया है। सूत्रों ने बताया कि उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने इसी सप्ताह बीजिंग की यात्रा के दौरान औपचारिक अनुरोध किया।

सरकारी अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान ने चीन के निर्यात-आयात (एक्जिम) बैंक से अक्तूबर, 2024 से सितंबर, 2027 तक के लिए अपने ऋणों के पुनर्निर्धारण पर विचार करने का अनुरोध किया है। एक्जिम बैंक से प्राप्त आधिकारिक और गारंटीकृत ऋण को चुकाने के लिए दो साल का विस्तार मांगा गया। पाकिस्तान ब्याज का भुगतान करता रहेगा। सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान को तीन वर्ष की कार्यक्रम अवधि के लिए पांच अरब डॉलर के बाहरी वित्तपोषण अंतर को पूरा करने के लिए वित्तपोषण स्रोतों की पहचान करनी थी। उन्होंने कहा कि चीनी अधिकारी सकारात्मक हैं और उम्मीद है कि बीजिंग पाकिस्तान की बाह्य वित्त पोषण संबंधी समस्याओं को कम करने के अनुरोध को स्वीकार कर लेगा।

WEMBLEY SINCE 1961
(An ISO 9001-2008 Certified Co.)
Wembley Paints & Chemicals
Bring Home Wide Range of
Premium Interior & Exterior Paints


WEMBLEY
THE COMPLETE SOLUTION
For WOOD & WALL COATINGS (SINCE-1961)
JAIN TRADERS UNA Mob.: 9805002437
Authorized Distributors For: Himachal Pradesh
Wembley Paints and Chemicals and Indo Wembly Paints Pvt. Ltd.

## स्पोर्ट्स विंडो

### एबी डिविलियर्स ने की महिला एस20 लीग की पैरवी



**जोहानिसबर्ग।** एसए20 की सफलता से अभिभूत इसके ब्रांड दूत एबी डिविलियर्स ने यहां महिला टी20 लीग शुरू करने की पैरवी करते हुए कहा कि अब दक्षिण अफ्रीका के पास मॉडल और नुस्खा दोनों हैं। एमआई केपटाउन और दो बार की चैंपियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच एसए20 के तीसरे सत्र के फाइनल से पहले डिविलियर्स ने यहां चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा,''मैने दुनिया भर में काफी सफल महिला क्रिकेट लीग देखी हैं और पिछले साल ही बेहद सफल महिला टी20 विश्व कप भी हुआ है। महिला क्रिकेट तेजी से विकसित हो रहा है और दक्षिण अफ्रीका में भी महिला टी20 लीग का आयोजन हो सकता है।'' आधुनिक क्रिकेट के सबसे विध्वंसक बल्लेबाजों में शुमार डिविलियर्स ने कहा,''हम जल्दी ही ऐसा कर सकते हैं, क्योंकि हमारे पास मॉडल और नुस्खा दोनों हैं। बस कॉपी और पेस्ट करने की जरूरत है और यह महिला क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा होगा।'' पिछले दो साल में अंतरराष्ट्रीय किकेट में दक्षिण अफ्रीका के बढ़ते ग्राफ का श्रेय एसए20 को देते हुए उन्होंने कहा कि इसने युवाओं को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयारी का मंच दिया है।

### ओडिशा सरकार ने ब्लॉक स्तरीय स्टेडियमों के निर्माण को दी मंजूरी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने राज्य के सभी 314 प्रखंड में स्टेडियमों के निर्माण की नई परियोजना को मंजूरी दी है। राज्य मंत्रिमंडल ने पांच साल की इस योजना के लिए 4124 करोड़ रुपए के परिव्यय की मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर के खेल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। यह कदम राज्य में स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़े खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति सरकार के समर्पण को दर्शाता है। इस परियोजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों की तुलना में ग्रामीण खेल बुनियादी ढांचे के अंतर को कम करना है। खासकर ब्लॉक स्तर पर जहां सुविधाएं अविकसित हैं। जारी बयान के मुताबिक, ''सरकार ने इस अंतर को पाटने की जरूरत पर ध्यान दिया है। इसमें खिलाड़ियों के लिए बेहतर अवसर प्रदान करना, स्थानीय प्रतिभाओं का पोषण करना और जमीनी स्तर पर अधिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करना शामिल है।'' इस योजना में ऐसे खेलों पर ज्यादा ध्यान दिया जाएगा जिसमें ओडिशा के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

### अगाटा इसाबेला खूबसूरत अंदाज में

**इटली।** अगाटा इसाबेला सेंटासो का जन्म 19 जनवरी, 1990 को हुआ था। वह वर्तमान में सीरी बी क्लब वेनेजिया की महिला टीम का प्रतिनिधित्व करती हैं, सोशल मीडिया पर उनके बहुत सारे फॉलोअर्स हैं, उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर 78,000 से ज्यादा फॉलोअर्स हैं।



## कटक में भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच आज

# रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेगी निगाह

**एजेंसी, कटक**

भारत और इंग्लैंड के बीच रविवार को यहां होने वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पिछले लंबे समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की फिटनेस पर सभी की निगाह टिकी रहेगी।

भारत ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे में चार विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की सीरीज में शुरुआती बढ़त हासिल की है और उसका लक्ष्य अपना विजय अभियान जारी रखकर सीरीज जीतना होगा। कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे, जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस को लेकर चिंताए व्यक्त की जा रही हैं। भारतीय उप कप्तान शुभमन गिल ने हालांकि, स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं और वह सहज नजर आ रहे थे।

यह भारत के लिए अच्छे संकेत हैं, लेकिन इससे अंतिम एकादश का चयन करने के लिए टीम प्रबंधन को माथापच्ची करनी पड़ेगी। पिछले मैच में कोहली की जगह श्रेयस अय्यर को टीम में शामिल किया गया था और उन्होंने 36 गेंद पर 59 रन बनाकर टीम में अपनी जगह सुरक्षित कर ली थी। अगर पहले की बात होती तो कोहली को अय्यर की जगह टीम में शामिल किया जाता, लेकिन अब पूरी संभावना है कि उन्हें पहले मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल की जगह टीम में लिया जाएगा। ऐसे में रोहित के साथ गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं।

कोहली अगर फिट होकर टीम में वापसी करते हैं तो उनकी फॉर्म पर नजर रहेगी क्योंकि वह पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के दौर में खराब प्रदर्शन के बाद कोहली ने दिल्ली की तरफ से एक रणजी मैच भी खेला लेकिन इस मैच में भी वह केवल छह रन ही बना पाए थे, लेकिन कोहली ने वनडे क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है और वह इस प्रारूप में 14000 रन पूरे करने से केवल 94 रन दूर हैं। अगर वह यह उपलब्धि हासिल कर लेते हैं तो फिर वह सचिन तेंदुलकर (18,426) और कुमार संगकारा (14,234) के बाद इस मुकाम पर पहुंचने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली की तरह कप्तान रोहित भी रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वह पहले वनडे में केवल दो रन बना पाए थे। मुंबई के इस बल्लेबाज ने पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में 64 रन बनाने के बाद किसी भी प्रारूप में अर्द्धशतक नहीं लगाया है।

अगर रोहित दूसरे वनडे में भी रन नहीं बना पाते हैं तो उनकी फॉर्म और भविष्य को लेकर आशंकाएं पैदा हो जाएंगी। भारत का गेंदबाजी आक्रमण अच्छा नजर आ रहा है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने वापसी के बाद अच्छा प्रदर्शन किया है और चैंपियंस ट्रॉफी को देखते हुए यह भारत के लिए अच्छा संकेत है। जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे सीरीज जीवंत बनाए रखने के लिए इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। उसके बल्लेबाजों को भी आक्रामक रवैया कम करके सधी क्रिकेट खेलने होगी। उसके बल्लेबाजों को भारतीय स्पिन गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा क्योंकि यहां की पिच से धीमी गति के गेंदबाजों को मदद मिलने की संभावना है।



### भारतीय क्रिकेटरों ने पुरी के जगन्नाथ मंदिर में किए दर्शन



**भुवनेश्वर।** इंग्लैंड के खिलाफ कटक के बाराबती स्टेडियम में रविवार को होने वाले दूसरे एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम के तीन खिलाड़ियों ने शनिवार को पुरी में श्री जगन्नाथ मंदिर का दौरा किया और भगवान बलभद्र, देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया। इन तीनों खिलाड़ियों वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह-सुबह जगन्नाथ मंदिर के दर्शन किए। पुलिस ने कहा कि खिलाड़ियों ने सुरक्षाकर्मियों की निगरानी में दर्शन किए। वाशिंगटन सुंदर ने बाद में कहा, ''दर्शन करके बहुत अच्छा लग रहा है।'' पुलिस ने भुवनेश्वर और कटक के बीच खिलाड़ियों की आवाजाही के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है।

**मैच : दोपहर 1.30 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

इंग्लैंडः जोस बटलर (कप्तान), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ, जैकब बेथेल, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल राशिद और मार्क वुड।

### कोहली ने नेट पर एक घंटा किया अभ्यास

**स्टार** बल्लेबाज विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय मैच की पूर्व संध्या पर घुटने की चोट की चिंताओं को दूर करते हुए नेट पर लगभग एक घंटे तक बल्लेबाजी की। कोहली को चोट के कारण नागपुर में खेले गए पहले वनडे से बाहर होना पड़ा था। कोहली ने अपना वार्मअप पूरा करने के बाद नेट में बल्लेबाजी अभ्यास किया। वह इस दौरान पूरे जोश में दिखे। उन्होंने भारतीय गेंदबाजों के अलावा ओडिशा क्रिकेट संघ के गेंदबाजों के खिलाफ सहजता से बल्लेबाजी की।

## पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बोले, चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को हराना वास्तविक चुनौती



**लाहौर।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने कहा कि उनकी टीम के लिए आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि 23 फरवरी को दुबई में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना वास्तविक चुनौती होगी। शरीफ ने नए सिरे से तैयार किए गए गद्दाफी स्टेडियम के उद्घाटन समारोह के दौरान शुक्रवार की रात को कहा कि भारत के खिलाफ उनके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

शरीफ ने कहा, ''हमारी टीम बहुत अच्छी है और उसने हाल के दिनों में अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन उनके सामने अब वास्तविक चुनौती चैंपियंस ट्रॉफी जीतना ही नहीं बल्कि दुबई में होने वाले मैच में हमारे चिर प्रतिद्वंद्वी भारत को हराना होगा। पाकिस्तान की टीम को पूरे देश का समर्थन हासिल है।'' भारत और पाकिस्तान का क्रिकेट प्रतिद्वंदिता का लंबा इतिहास रहा है और भारतीय टीम ने आईसीसी प्रतियोगिताओं में अपने इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 90 के दशक से ही दबदबा बनाए रखा है।

## हिमाचल महिला हैंडबॉल टीम ने यूपी को हराया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



उत्तराखंड के रुद्रपुर में चल रही नेशनल गेम्स में हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल की टीम ने अपना विजय अभियान जारी रखा है।

हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के सह सचिव डीडी तनवर ने बताया कि हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम ने अपने दूसरे मैच उत्तर प्रदेश को भी एकतरफा मुकाबले में पराजित कर शानदार जीत दर्ज की है। हिमाचल की टीम ने उतर प्रदेश को 50-14 से पराजित किया। हिमाचल की तरफ से सबसे ज्यादा 9 गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी मेनिका पाल ने किए।

वहीं, उनका साथ देते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भावना शर्मा ने 7, कृतिका ने 6, गुलशन ने 5 मिताली ने 6, प्रियंका ठाकुर ने 5, जागृति ने 3 जस्सी ने 3, पायल ने 4 व रिंपल ने 4 गोल करके अपनी टीम को एकतरफा मुकाबले में परास्त किया।

हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम के दूसरे मैच को जीतने पर हिमाचल प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र कंवर, महासचिव राजेश भंडारी सह सचिव डीडी तनवर , चीफ कोच स्नेहलता, कोच मनोज ठाकुर, मैनेजर रिहान दुबे, सुशील कुमार, हैढोक कमेटी के चेयरमैन जसबीर बिस्ला, ऊना हैंडबॉल संघ के महासचिव मुनीश राणा, हैंडबॉल खिलाड़ी दीपक ठाकुर, रणदीव ठाकुर, जगदीश ठाकुर, कर्ण चंदेल, के साथ अन्य ने टीम को बधाई दी है व उम्मीद जताई है कि हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबॉल टीम आने बाकी मैच भी जीत कर स्वर्ण पदक हासिल करेगी।

## डेविस कप खिलाड़ी मुकुंद रामकुमार और करण को दिल्ली ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली।** एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट दिल्ली ओपन के आयोजक ने शनिवार को पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में तीन डेविस कप खिलाड़ियों शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन और युवा करण सिंह के लिए वाइल्ड कार्ड प्रविष्टियों की घोषणा की। डेविस कप ट्रेनिंग शिविर का हिस्सा रहे युवा चिराग दुहान और आर्यन शाह को आदित्य गोविला और सिद्धार्थ रावत के साथ क्वालीफाइंग स्पर्धा के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है। विश्व रैंकिंग में 31वें स्थान पर रह चुके लॉयड हैरिस और 2019 जूनियर विंबलडन चैंपियन शिंटारो मोचीजुकी एटीपी चैलेंजर 75 टूर्नामेंट में शीर्ष आठ वरीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो 10 से 16 फरवरी तक डीएलटीए परिसर में होने वाले पांचवें चरण में खेलेंगे। दक्षिण अफ्रीका के हैरिस एकल मुख्य ड्रॉ में चौथे स्थान पर होंगे।

## फर्ग्यूसन का चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, दुबई**



न्यूजीलैंड के मुख्य तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन का हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में खेलना संदिग्ध है जिसमें टीम को इस वनडे टूर्नामेंट में पहला मैच पाकिस्तान के खिलाफ खेलना हें संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अंतरराष्ट्रीय लीग टी20 मैच के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई।

न्यूजीलैंड 19 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपना पहला ग्रुप ए मैच खेलेगा। कोच गैरी स्टीड ने पुष्टि की कि इस प्रमुख गेंदबाज ने चोट की गंभीरता को जानने के लिए स्कैन करवाया है। न्यूजीलैंड को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले त्रिकोणीय सीरीज भी खेलनी है, जिसमें पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीम हैं।

शनिवार को लाहौर में पाकिस्तान के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के मैच की शुरुआत से पहले आईसीसी ने स्टीड के हवाले से कहा, ''लॉकी का बीते वीरवार को संयुक्त अरब अमीरात में स्कैन हुआ था। हम अपने रेडियोलॉजिस्ट से रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रहे हैं, जो हमें इसकी गंभीरता के बारे में बताएगा।'' स्टीड ने कहा कि विशेषज्ञों की सलाह के बाद फर्ग्यूसन के संबंध में फैसला लिया जा सकता है।

## बरवाल ने 10 हजार मीटर दौड़ में जीता गोल्ड

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में चल रही 38वीं राष्ट्रीय खेलों की एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिमाचल के धावक शावन बरवाल ने नया राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित करते हुए 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। उन्होंने यह दौड़ 27 मिनट 49 सेकंड में पूरी कर पिछले 27 मिनट 54 सेकंड के रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इतिहास रच दिया।

राष्ट्रीय खेलों के एथलेटिक्स इवेंट की शुरुआत के साथ ही हिमाचल प्रदेश के खाते में पहला स्वर्ण पदक आ गया। जोगिंद्रनगर के रहने वाले बरवाल ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन से साबित कर दिया कि वे भारत के शीर्ष एथलीटों में शामिल हैं।

शावन बरवाल के प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने उनकी इस उपलब्धि पर कहा कि शावन एक वर्ल्ड क्लास एथलीट हैं, जो लंबे समय से भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतते आ रहे हैं। वह अब एशियन गेम्स, वर्ल्ड मिलिट्री गेम्स और कॉमनवेल्थ गेम्स की तैयारी में जुट गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## ऑस्ट्रेलिया 2-0 से सीरीज जीतने के करीब

**एजेंसी, गॉल (श्रीलंका)**



ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन शानदार प्रदर्शन से स्टंप तक श्रीलंका के दूसरी पारी में 211 रन तक आठ विकेट झटक लिए जिससे मेजबान टीम ने महज 54 रन की मामूली बढ़त हासिल की। मेहमान चौथे दिन सुबह श्रीलंका की दूसरी पारी को जल्दी समेटकर सीरीज 2-0 से जीतने के लिए लक्ष्य का पीछा करने की कोशिश करेगी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 414 रन बनाए थे।

श्रीलंका ने एक समय 81 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे जिससे ऐसा लग रहा था कि उसे तीन दिन में एक और पारी की करारी हार का सामना करना होगा। पर एंजेलो मैथ्यूज 76 रन बनाकर सीरीज में अपना पहला अर्द्धशतक जड़ा जिससे उम्मीद जगी। उन्होंने धनंजय डी सिल्वा के साथ 48 रन की साझेदारी की और कुसल मेंडिस के साथ 70 रनों की साझेदारी निभाई। उनके स्टंप तक डटे रहने की उम्मीद थी लेकिन दिन का खेल खत्म होने से ठीक पहले उनकी चुनौती समाप्त हो गई जब उन्होंने नाथन लियोन की गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया, लेकिन फाइन लेग पर ब्यू वेबस्टर द्वारा शानदार कैच लपका गया। ऑस्ट्रेलिया ने दबाव बनाना जारी रखा और स्टंप से पहले दो और विकेट चटकाए।

## गोल्फ

### भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में रही नाकाम

# दीक्षा संयुक्त 14वें स्थान पर, अवनी ने कट में बनाई जगह

**एजेंसी, रबात (मोरक्को)**



भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही और उन्होंने अंतिम नौ होल में दो शॉट गंवाए जिससे वह यहां चल रहे लल्ला मेरियम कप के दूसरे दौर के बाद संयुक्त 14वें स्थान पर खिसक गईं। दीक्षा ने पहले दो राउंड में 71 और 73 का का कार्ड खेला और रॉयल गोल्फ डार एस सलाम के कोर्स में दो राउंड के बाद उनका स्कोर तीन अंडर है।

पहली बार किसी पेशेवर टूर्नामेंट में खेल रही अवनी प्रशांत ने भी कट में जगह बनाई। उन्होंने पहले दो दौर में 71 और 74 का कार्ड खेला और अब उनका स्कोर एक अंडर 145 है। वह संयुक्त 24वें स्थान पर हैं, जबकि टूर्नामेंट में भाग ले रही एक अन्य भारतीय खिलाड़ी त्वेसा मलिक 79-76 के कार्ड के साथ कट से चूक गईं।

### रियाद लिव गोल्फ

#### लाहिड़ी संयुक्त 11वें स्थान पर

**रियाद।** दूधिया रोशनी में खेले जा रहे लिव गोल्फ रियाद के दूसरे दिन भारत के अनिर्बान लाहिड़ी बोगी रहित पांच अंडर 67 का कार्ड खेलकर संयुक्त 11वें स्थान पर पहुंच गए। लाहिड़ी ने पहले दिन तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया। शुक्रवार के खेल के बाद उनका कुल स्कोर आठ अंडर है लेकिन वह 18-अंडर के स्कोर पर शीर्ष पर चल रहे एड्रियन मेरोनक (62-66) से काफी पीछे हैं। मेरोनक के पास दूसरे स्थान पर काबिज सेबस्टियन मुनोज पर दो शॉट की बढ़त है। लुकास हर्बर्ट 12 अंडर के स्कोर के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर है।

### शुभंकर और अहलावत कतर मास्टर्स में कट से चूके

**दोहा।** भारतीय खिलाड़ी शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में अच्छा खेल दिखाकर तीन अंडर 69 का कार्ड खेला लेकिन पहले दौर के लचर प्रदर्शन के कारण वह यहां कतर मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में एक शॉट से कट से चूक गए। यह 2025 में डीपी वर्ल्ड टूर पर लगातार तीसरा अवसर है, जबकि शुभंकर कट में जगह नहीं बना पाए। उन्होंने पहले दौर में 75 का कार्ड खेला था और इस तरह से उनका कुल स्कोर इवन पार रहा, जबकि कट एक अंडर पर गया।भारत के एक अन्य खिलाड़ी वीर अहलावत भी कट से चूक गए। उन्होंने पहले दौर में 80 और दूसरे दौर में 76 का कार्ड खेला। इस बीच ब्रैंडन रॉबिंसन थॉम्पसन ने दूसरे दौर में 68 का स्कोर बनाया और दो शॉट की बढ़त हासिल कर ली।

